CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 234 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 21 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बेकाबू हो रहे इजरायल पर लगाम कसे अमेरिका: उमर अब्दुल्ला पेज 2



शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए सम्पादकीय



सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ीं पेज 12

# इजरायल का लेबनान पर बड़ा हमला


## 254 लोगों की मौत, 1100 से अधिक नागरिक घायल

**बेरूत, वार्ता**

**अमेरिका और** ईरान के बीच युद्धविराम समझौते के कुछ ही घंटों बाद इजरायल ने लेबनान में अब तक का सबसे भीषण हमला किया है, जिसमें भारी विनाश हुआ है और बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। लेबनान के नागरिक सुरक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन और दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों में हुए हवाई हमलों में कम से कम 254 लोग मारे गए हैं और 1,100 से अधिक घायल हुए हैं।

इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने तर्क दिया कि इन हमलों का उद्देश्य हिजबुल्लाह से जुड़े बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। हमलों के मुख्य निशाने लितानी नदी पर बने प्रमुख क्रॉसिंग थे। इजरायल इसे दक्षिणी लेबनान को अलग-थलग करने और अपनी सीमा से लगभग 30 किलोमीटर तक बफर जोन स्थापित करने की एक व्यापक रणनीति का हिस्सा बता रहा है। आईडीएफ ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया है, हालांकि हिजबुल्लाह ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। इस अभियान की व्यापकता और तीव्रता ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। इजरायली सेना ने कथित तौर पर कुछ ही मिनटों के भीतर लगभग 100 स्थानों पर हमला किया। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने इस बमबारी को 'विशाल' बताया है। लेबनान के अस्पताल घायलों की बढ़ती संख्या के कारण जूझ रहे हैं और रक्तदान के लिए तत्काल अपील की गई है।

- युद्धविराम समझौता होने के कुछ ही घंटों बाद अब तक का सबसे भीषण हमला किया
- बेरूत, बेका घाटी, माउंट लेबनान, सिडोन, दक्षिणी गांवों सहित कई क्षेत्रों को बनाया निशाना
- IDF ने हिजबुल्लाह के अली यूसुफ हर्षी को भी मारने का दावा किया, अभी तक पुष्टि नहीं



### होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के बाद मुंबई पहुंचा एलपीजी जहाज 'ग्रीन आशा'

**मुंबई।** मुंबई के पास स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी (जेएनपीए) ने गुरुवार को 'ग्रीन आशा' नामक एक भारतीय ध्वज वाले एलपीजी जहाज का स्वागत किया। इस जहाज ने रणनीतिक रूप से संवेदनशील होर्मुज स्ट्रेट को सफलतापूर्वक पार किया है। यह जहाज बीपीसीएल- आईओसीएल द्वारा संचालित लिक्विड बर्थ पर लंगर डाल चुका है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस जहाज में 15,400 टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) लदी हुई थी।

संयुक्त राष्ट्र ने इन हमलों की निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि यह हिंसा उस समय हुई जब शांति की उम्मीदें -शेष पृष्ठ दो पर

## ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित निकलने का मैप किया जारी




**तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नया मैप जारी किया है। इसका मकसद जहाजों को समुद्र में बिछी बारूदी सुरंगों से बचाना है।

इस मैप में उन खतरनाक इलाकों को दिखाया गया है, जहां जहाजों का जाना मना है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले जहाज ओमान के किनारे के पास से गुजरते थे, लेकिन अब उन्हें ईरान के किनारे के पास से निकलने की सलाह दी गई है। इससे माइन वाले इलाकों से बचा जा सकता है। ईरान ने जहाजों से कहा है कि वे पहले उसके अधिकारियों से संपर्क करें, तभी उन्हें सुरक्षित रास्ता बताया जाएगा। ईरान अब इस रास्ते से गुजरने वाले तेल के जहाजों पर नजर भी रखेगा। हर जहाज को पहले अपने माल यानी कार्गो की पूरी जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। वहीं फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान हर बैरल तेल पर 1 डॉलर टैक्स लेने की तैयारी कर रहा है और यह पैसा क्रिप्टोकरेंसी में लेना चाहता है। ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले हर जहाज पर नजर रखेगा और कंट्रोल करेगा। जहाजों को पहले अपने माल (कार्गो) की जानकारी देनी होगी, उसके बाद ही आगे जाने की इजाजत मिलेगी। ईरान के अधिकारी हामिद होसैनी ने कहा कि यह इसलिए किया जा रहा है ताकि अमेरिकी -शेष पृष्ठ दो पर

- कहा: धमाके से बचने के लिए हमसे बात करें, रिपोर्ट: प्रति बैरल एक डॉलर टोल लगाएगा ईरान
- ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट दोबारा बंद किया
- लेबनान पर इजरायल के भीषण हमले के बाद फैसला

# मंदिरों में एंट्री रोकने से समाज बंटेगा: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सबरीमाला केस की सुनवाई के दौरान मंदिरों के रीति-रिवाजों का जिक्र हुआ। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि मंदिरों में सिर्फ खास समुदाय की एंट्री और बाहरी लोगों की मनाही से समाज बंटेगा। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। उधर केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सीनियर एडवोकेट वैद्यनाथन ने कहा कि इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने हैं, जब धर्म से जुड़े विवाद संवेदनशील होते हैं। वहां अदालतें हस्तक्षेप नहीं करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने गुरुवार को धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों में लगातार तीसरे दिन सुनवाई की। इसमें विभिन्न धर्मों में प्रचलित धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मान लीजिए (सबरीमाला केस को छोड़कर), अगर यह कहा जाए कि सिर्फ गौड़ सारस्वत लोग ही एक मंदिर में आएं या कांची मठ के लोग सिर्फ कांची ही जाएं, दूसरे मठ (जैसे श्रृंगेरी) न जाएं तो यह ठीक नहीं होगा। बल्कि जितने ज्यादा लोग अलग-अलग मंदिरों और मठों में जाएंगे, उतना ही धर्म मजबूत बनेगा। आर्टिकल 17 (छुआछूत खत्म करना) बहुत ताकतवर प्रावधान है। यह सिर्फ कानून के तहत अपराध नहीं है, बल्कि संविधान इसे अपराध घोषित करता है। यह कानूनी ही नहीं, संवैधानिक स्तर पर भी गंभीर मामला है।

- अदालत ने इससे हिंदू धर्म को नुकसान बताया
- केंद्र ने कहा: धार्मिक मामलों में अदालतों का दखल ठीक नहीं

### दिल्ली विस समेत कई इमारतों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा समेत कई सरकारी कार्यालयों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल मिले। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी में प्रमुख सरकारी प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक सुरक्षा जांच शुरू की गई। जांच के बाद सभी जगह बम होने की सूचना झूठी निकली। यह ईमेल सुबह 8.14 बजे विधानसभा और दिल्ली सरकार के कार्यालयों से जुड़ी ईमेल आईडी सहित कई आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए।

## मणिपुर हिंसा: घायल मां से तीन दिन बच्चों की मौत छिपाई

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के मोइरांग ट्रोंगलाओबी में 6 अप्रैल की आधी रात एक घर पर बम से हमला हुआ। इसमें 5 साल के बेटे और 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उनकी मां बिनाता ओइनाम गंभीर रूप से घायल हो गईं।

अस्पताल में भर्ती बिनाता तीन दिन तक अपने बच्चों के बारे में पूछती रहीं। परिवार के लोग उनकी हालत को देखते हुए सच्चाई छिपाते रहे। उन्होंने बताया कि बच्चों का इलाज चल रहा है। गुरुवार सुबह बिनाता को एक अखबार पढ़कर पता चला कि उनके दोनों बच्चे अब नहीं रहे। खबर पढ़ते ही बिनाता ओइनाम को गहरा सदमा लगा। वह रोने लगीं और बार-बार बेहोश होने लगीं। डाक्टरों ने दवाएं देकर उन्हें शांत किया। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

- अस्पताल में अखबार से सच पता चला, बम हमले में दो बच्चों की हुई थी मौत

## संक्षिप्त समाचार

### 2026-27 में 6.6 प्रतिशत रहेगी भारत की जीडीपी वृद्धि दर

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने गुरुवार को कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और एक बार फिर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगी। विश्व बैंक की यहां जारी भारत विकास अपडेट में कहा गया है कि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की ऊंची कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा का आर्थिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा, लेकिन इस सुस्ती के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

### ईडी ने कोलकाता में मर्लिन ग्रुप पर छापा मारा

**नई दिल्ली।** ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने सुशील मोहता और साकेत मोहता द्वारा प्रवर्तित मर्लिन प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ चल रही मनी लॉन्ड्रिंगजांच के सिलसिले में सात परिसरों पर छापेमारी की। छापेमारी में पता चला कि आरोपियों और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने कथित तौर पर जाली दस्तावेज बनाकर सार्वजनिक भूमि सहित कई भूखंडों पर धोखाधड़ी से कब्जा किया था। जांच में पता चला है कि सुशील मोहता, साकेत मोहता और उनसे जुड़ी संस्थाओं ने विभिन्न भूखंडों को अवैध रूप से हासिल करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए।

# टीएमसी राज में मां-मानुष डरे हुए: मोदी

**कोलकाता।** पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल में 3 चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने बीरभूमि में कहा कि हम ऐसा समाज देखने चाहते हैं। जहां हर कोई भय से मुक्त हो। ये मां, माटी और मानुष की बात करते हैं। मां आज रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और मानुष भयभीत है, डरा हुआ है।'

उन्होंने कहा कि 'गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ऐसा समाज देखना चाहते थे, जहां हर कोई भय से मुक्त हो, लेकिन टीएमसी के महाजंगलराज ने एकदम उल्टा कर दिया। टीएमसी ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया था।' उन्होंने कहा कि आपने टीएमसी पर विश्वास किया था, लेकिन टीएमसी ने बंगाल में बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं हैं। 4 मई के बाद हर गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा। बंगाल में अब टीएमसी का भय नहीं, भाजपा का भरोसा चलेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग है। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। हल्दिया में पीएम ने 47 मिनट की स्पीच दी, भाजपा की 6 गारंटियां दीं। पहली- भय के माहौल में आज लोगों को बार-बार कानून से मदद मांगनी पड़ती है। लेकिन हमारी सरकार में आपको न्याय मिलेगा। दूसरी- सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। तीसरी- घोटाले, दुष्कर्म हर क्राइम की फाइल खुलेगी। चौथी- जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संत्री, जनता का पैसा नहीं खाने देंगे। पांचवीं- जो शरणार्थी हैं, उन्हें सम्मान मिलेगा, जो घुसपैठी हैं, उन्हें खदेड़ा जाएगा। छठवीं- सभी सरकारी कर्मचारियों को इस निर्मम सरकार ने भयभीत करके रखा है। मोदी सरकार आपके साथ खड़ी है। सरकार बनते ही यहां 7वां पे कमीशन लागू करवाएंगे।

- कहा: चार मई के बाद गुंडागर्दी का हिसाब लेंगे
- कांग्रेस और लेफ्ट एक थाली के चट्टे-बट्टे

# असम, केरलम और पुड्डुचेरी में बंपर वोटिंग

**नई दिल्ली।** देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में गुरुवार (9 अप्रैल) को विधानसभा चुनाव के लिए शाम 6 बजे तक वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42 प्रतिशत, केरलम में 75.01प्रतिशत और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत वोटिंग हुई। असम में चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हो गए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया।

श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों की इस झड़प में करीब 25 लोग घायल हो गए, दो की हालत गंभीर है। पुड्डुचेरी में मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज किया। पुडुचेरी के सीएम रंगास्वामी वोट डालने के लिए पोलिंग बूथ तक बाइक से पहुंचे। केरलम में पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी ने तिरुवनंतपुरम में वोट डाला। असम के सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। -शेष पृष्ठ दो पर



- असम में 84.42 फीसदी, केरलम में 75.01 फीसदी और पुड्डुचेरी में 86.92 प्रतिशत मतदान
- असम में चुनावी हिंसा में 30 घायल
- पुड्डुचेरी में भी कांग्रेस, भाजपा समर्थक भिड़े

# संयुक्त राष्ट्र में भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**संयुक्त राष्ट्र** में भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी )से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। इन सभी चुनावों में भारत का चयन सर्वसम्मति से हुआ, जो वैश्विक मंच पर उसकी मजबूत स्थिति को दर्शाता है। इन चुनावों में भारत को विकास के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग , गैर-सरकारी संगठनों की समिति और कार्यक्रम एवं समन्वय समिति में चुना गया है।

इसके साथ ही, भारत की वरिष्ठ राजनयिक रहीं प्रीति सरन को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों की समिति में फिर से चुना गया है। वह इससे पहले इस समिति के सत्र की अध्यक्षता भी कर चुकी हैं। प्रीति सरन का 36 वर्षों का लंबा कूटनीतिक अनुभव रहा है, जिसमें उन्होंने वियतनाम में भारत की राजदूत के रूप में सेवा दी, साथ ही टोरंटो, जेनेवा, ढाका, काहिरा और मास्को जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तैनाती संभाली। सीईएससीआर में 18 स्वतंत्र विशेषज्ञ शामिल होते हैं, जो आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय समझौते के पालन की निगरानी करते हैं। यह समिति भोजन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, पानी और स्वच्छता जैसे बुनियादी अधिकारों से जुड़े मामलों पर नजर रखती है। वहीं, एनजीओ समिति संयुक्त राष्ट्र में सिविल सोसाइटी संगठनों की भागीदारी तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग विकास और सतत भविष्य से जुड़े मुद्दों पर दिशा तय करता है, जबकि कार्यक्रम एवं समन्वय समिति संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के कामकाज में तालमेल सुनिश्चित करती है। गौरतलब है कि ईसीओएसओसी संयुक्त राष्ट्र की उस केंद्रीय व्यवस्था का हिस्सा है, जो सतत विकास के तीनों आयाम आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय को आगे बढ़ाने का काम करती है। यह सफलता इन वैश्विक मुद्दों पर भारत की बढ़ती भूमिका और प्रभाव को भी रेखांकित करती है।



- आर्थिक और सामाजिक परिषद से जुड़े चार अहम निकायों के चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की

# सिक्किम में बर्फबारी, लैंडस्लाइड फंसे 135 पर्यटकों को सेना ने बचाया

**नई दिल्ली।** सिक्किम में भारी बर्फबारी के बीच कई जगह लैंडस्लाइड के कारण सड़क संपर्क टूट गया। लाचेन में करीब 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं और उन्हें जल्द से जल्द बचाने के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं।

सेना ने कुल 135 फंसे पर्यटकों को बचाया है। उत्तर भारत में 3 वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से अप्रैल में भी सर्दी का अहसास हो रहा है। राजस्थान में 20 दिनों से बदले मौसम के कारण तापमान 7 डिग्री तक कम हुआ है। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए छत्तीसगढ़ और बिहार समेत 17 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, सिक्किम, बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। बिहार में काल बैसाखी सिस्टम एक्टिव हो गया है।

- राजस्थान में अप्रैल में सर्दी, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फ गिरी

## एक नजर

### सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह



**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय सादिकाबाद में आज शिक्षामित्र मूलचंद के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर आदर्श शिक्षा मित्र वैलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने उपस्थित होकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बीडीओ (नहटौर) मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बीडीओ का संगठन द्वारा राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया गया। सेवामुक्त हो रहे मूलचंद को आदर्श शिक्षा मित्र वैलफेयर एसोसिएशन की ओर से साइकिल भेंट की गई। विद्यालय स्टाफ ने उन्हें डिनर सेट प्रदान किया, जबकि अन्य उपस्थित साथियों ने शॉल ओढ़ाकर उनके समर्पण भाव की सराहना की। कार्यक्रम में जनपद और ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इनमें मुख्य अध्यापक सत्येंद्र कुमार, पूर्व प्रधानाचार्य प्रकाश वीर, जिलाध्यक्ष सुधीर चौहान, जिला उपाध्यक्ष उदयवीर, जिला संगठन मंत्री केशव त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष जैनेंद्र कुमार, महामंत्री ओंकार सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष अमित प्रताप सिंह प्रमुख थे। वक्ताओं ने मूलचंद के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए बहुमूल्य योगदान को याद किया और कहा कि उनके कार्यकाल को सदैव याद रखा जाएगा। विद्यालय के समस्त स्टाफ और गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस विदाई समारोह को यादगार बनाया।

### शुभांकर गुप्ता का एनडीए में चयन



**बढ़ापुर।** आयुर्वेदिक दवा व्यापारी शुभांकर गुप्ता की पुत्री मानसी गुप्ता ने एनडीए में 6वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर कस्बे में हर्ष की लहर है। मौहल्ला बाजार निवासी शुभांकर गुप्ता की पुत्री मानसी गुप्ता ने एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में 6वीं रैंक हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से कस्बे के साथ-साथ जनपद में भी हर्ष की लहर है। मानसी गुप्ता बचपन से ही होनहार रही है। मानसी गुप्ता ने नगीना के लाला राधेश्याम एकेडमी से 10वीं व 12वीं में जिला टॉपर किया था जिला टॉप करने पर मानसी को मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सम्मानित भी किया था। उनके पिता शुभांकर गुप्ता ने बताया कि मानसी बचपन से ही सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करनी चाहती थी। आज उसका सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। मानसी दो जुलाई को महाराष्ट्र के पुणे शहर के एकेडमी में प्रवेश लेगी। उनके पिता कस्बे में आयुर्वेदिक दवाइयां की दुकान करते हैं जबकि माता रेशु गुप्ता ग्रहणी है।

### तीन दिन पूर्व हुई चोरी का पर्दाफाश



**रेहड़।** पुलिस ने तीन दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। उनकी निशानदेही पर चोरी हुआ माल भी बरामद किया है। रेहड़ निवासी शहजाद हुसैन की पत्नी नाजमीन ने सात अप्रैल को पुलिस में दी तहरीर में बताया था कि वह तीन अप्रैल को जसपुर (उत्तराखंड) अपने मायके गई थी। जब वह सात अप्रैल को घर वापस लौटी, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अलमारी खुली हुई है। अलमारी के कपड़े नीचे पड़े हैं। सामान चेक किया तो पता लगा कि अलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरात सहित एक पेंसिल टार्च व एक स्मार्ट वाच मय चार्जर आदि सामान चोरी हो गया है। पुलिस ने नाजमीन की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के प्रयास शुरू कर दिए थे। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने में एक बाल अपचारी सहित रेहड़ निवासी दो युवकों मौहम्मद सैफ उर्फ मुन्ना पुत्र मौहम्मद हनीफ व मोबीन अहमद पुत्र मतलूब अहमद के नाम प्रकाश में आए। उन्होंने बताया कि बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेने के बाद मौहम्मद सैफ व मोबीन को बीती शाम रेहड़ स्थित देवी मां के मंदिर से आगे श्मशान घाट के पास स्थित जंगल से गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी हुए जेवरात सहित एक पेंसिल टॉर्च व चार्जर सहित एक स्मार्ट वॉच आदि माल बरामद कर लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, उपनि. रीक्षक भीम सिंह, सोनू कुमार, मुख्य आरक्षी राजेश कुमार, आरक्षी राजकुमार व हेमंत आदि शामिल रहे।

# शिक्षा के नाम पर लूट के खिलाफ मोर्चा

## भाकियू टिकैत ने उठाया निजी स्कूलों की मनमानी का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा के नाम पर की जा रही लूट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत के नेतृत्व में हुई एक बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि निजी स्कूल हर साल किताबों और कॉपियों के नाम पर अभिभावकों से मनमानी वसूली कर रहे हैं।



प्राप्त समाचार के अनुसार ब्लॉक परिसर में आयोजित बैठक में यूनियन ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल प्रबंधन और पुस्तक विक्रेताओं के बीच गहरी सांठगांठ है। एनसीईआरटी की सस्ती और मानक किताबों के बजाय निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें अभिभावकों पर थोपी जा रही हैं। अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से ही पूरा सेट खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है, जहां बाजार भाव से कई गुना अधिक दाम वसूले जाते हैं। इसके अतिरिक्त, हर साल किताबों में मामूली बदलाव करके पुराने सेट को बेकार कर दिया जाता है, जिससे भाई-बहन की पुरानी किताबें दोबारा इस्तेमाल नहीं हो पातीं। भाकियू ने सवाल उठाया कि यह 'शिक्षा है या व्यापार?' बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का अभाव है, वहीं दूसरी तरफ निजी स्कूल 'किताबों और अन्य खर्चों' के नाम पर खुलेआम लूट मचा रहे हैं। यूनियन ने मांग की कि किताबों के नाम पर होने वाली अवैध वसूली और कमीशनखोरी पर तत्काल रोक लगाई जाए। यूनियन ने यह भी प्रस्ताव रखा कि सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों को अनिवार्य रूप से लागू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। साथ ही ड्रेस और स्टेशनरी के लिए किसी खास दुकान से खरीदारी का दबाव बनाने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द की जाए। पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस पंचायत में स्पष्ट कर दिया गया कि यदि शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों की इस मनमानी पर लगाम नहीं कसी, तो यूनियन जल्द ही सड़कों पर उतरेगी। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि शिक्षा को व्यापार बनाने वाले इन संस्थानों के खिलाफ जिला मुख्यालय पर घेराव किया जाएगा। इस मौके पर नौवहार सिंह ने संचालन किया। मौके पर पुनीत तुषियर, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, ब्रजपाल सिंह, वरुण चिकारा और विकास कुमार समेत अन्य किसान नेता उपस्थित रहे।

# धामपुर में उठाईगिरों का आतंक, पलक झपकते ही उड़ाया नगदी से भरा थैला

### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बड़ी मंडी में इन दिनों उठाईगिरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। खरीदारी करने आ रहे लोगों को निशाना बनाकर चोर पलक झपकते ही उनका कीमती सामान लेकर फरार हो रहे हैं। आज एक बार फिर ऐसी ही वारदात सामने आई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

प्राप्त समाचार अनुसार ग्राम जीतपुर मिल्क निवासी चंद्रपाल सिंह अपनी पत्नी के इलाज के लिए बैंक से 2000 की नगदी निकालकर आए थे। बैंक से पैसे निकालने के बाद वह दवाई लेने जाने से पहले बड़ी मंडी में सब्जी खरीदने के लिए पहुंचे। चंद्रपाल सिंह ने बताया कि उन्होंने बाइक पर एक कपड़े के थैले में नगदी, बैंक पासबुक और अन्य जरूरी कागजात रखे थे। वह कुछ ही मिनटों के लिए सब्जी लेने गए, लेकिन जब वापस लौटे तो बाइक से थैला गायब मिला।

घटना के बाद आसपास के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने पास ही स्थित व्यापारी मनोज अग्रवाल के दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, जिसमें एक युवक बाइक से थैला निकालकर ले जाता हुआ साफ दिखाई दिया। फुटेज में युवक बेहद शातिर अंदाज में वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि वह पहले से ही लोगों की गतिविधियों पर नजर रखे हुए था।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### निकाह से इंकार दोनों पक्षों में तकरार

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव की युवती का निकाह नूरपुर के एक युवक से तय हुआ था। निकाह की रस्में धामपुर मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल में चल रही थीं, तभी युवती ने अचानक शादी से इनकार कर दिया। जिससे समारोह में अफरा-तफरी मच गई। वधू पक्ष का आरोप है कि दूल्हे पक्ष द्वारा दहेज की अतिरिक्त मांग की जा रही थी, जिसके कारण युवती ने यह फैसला लिया। युवती के इनकार के बाद दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ गई, जो जल्द ही मारपीट और पथराव में बदल गई। इस दौरान दूल्हे की कार में भी तोड़फोड़ की गई। हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

घटना के बाद दूल्हा और बाराती बिना दुल्हन के ही लौट गए। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते के लिए बातचीत चल रही है।

## शीशम का पेड़ चोरी से काटने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**हल्दौर।** ग्राम सोतखेड़ी में कुछ दिन पूर्व कुछ अज्ञात लोगों द्वारा एक व्यक्ति के प्लॉट से शीशम का पेड़ काटकर ले जाने का मामला सामने आया है। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम मालपुरा निवासी पीड़ित राजेंद्र के अनुसार उन्होंने कई वर्षों की मेहनत से शीशम का पेड़ तैयार किया था, जिसकी बाजार में अच्छी कीमत थी। जब वह अपने प्लॉट पर पहुंचे तो पेड़ कटा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि चोर रात में पेड़ काटकर ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को तहरीर देकर की है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में आने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# मिर्जा मुल्तानी वेलफेयर सोसाइटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मिर्जा मुल्तानी वैलफेयर सोसाइटी द्वारा नूर सराय स्थित रईस मौहम्मद नासिर के आवास पर एक महत्वपूर्ण अखिल भारतीय (ऑल इंडिया) बैठक का आयोजन किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक चली इस बैठक में देश के विभिन्न हिस्सों से आए बिरादरी के जिम्मेदारान ने समाज की खुशहाली, शैक्षणिक प्रगति और आपसी इत्तेहाद (एकता) को लेकर गहन मंथन किया। बैठक की सदारत (अध्यक्षता) मौहम्मद दाऊद ने जबकि संचालन डा. नसीम एवं मौहम्मद सिद्दीक ने किया। अखिल भारतीय अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान एवं मौहम्मद सलीम बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के अखिल भारतीय अध्यक्ष मौहम्मद उस्मान और मौ सलीम ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की के लिए आपसी भाईचारा और शिक्षा अनिवार्य है। उन्होंने बिरादरी के लोगों से एकजुट होकर समाज के कल्याणकारी उद्देश्यों को पूरा करने का आह्वान किया। संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए समाज के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न प्रस्ताव रखे। बैठक में दिल्ली, शामली, पानीपत, मुजफ्फरनगर और उत्तराखंड सहित कई क्षेत्रों से प्रति. निधियों ने शिरकत की। इनमें प्रमुख रूप से दिल्ली से मौ सगीर, इस्माईल, अब्दुल हमीद, असगर, यूसुफ, सलीम और मुबीन उपस्थित रहे। वहीं शामली व खतौली से मौहम्मद खलील, मुबीन अहमद, अफजाल अहमद, मौ आबिद एड., मौहम्मद शाहिद उपस्थित रहे। इनके अलावा अन्य क्षेत्रों जिनमें बुढ़ाना से मौहम्मद जाकिर, सरधना से मौहम्मद इस्माईल, पानीपत से मौहम्मद सनव्वर व अब्दुल गफ्फार, मुजफ्फरनगर से मौहम्मद अनीस, नजीबाबाद से मौहम्मद सामी, धामपुर से मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद साजिद, मौहम्मद सरफराज व मौहम्मद आबिद और कोटद्वार से मौहम्मद खलील ने समाज की बेहतरी के लिए अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम के अंत में नगीना की स्थानीय टीम, जिसमें मुख्य रूप से मौहम्मद आसिम, मौहम्मद आदिल, मौहम्मद इकरार, मौहम्मद आबिद, मौहम्मद जीशान, मौहम्मद अजीम, मौहम्मद वसीम, मौहम्मद जावेद, मौ शमशाद, मौहम्मद शहजाद, मौहम्मद खलीक, मौहम्मद इमरान, मौहम्मद वहाब, अब्दुल रऊफ, नासिर खान, अब्दुल मालिक, मौहम्मद नासिर, मौहम्मद शफी, रईस अहमद और नसीम अहमद शामिल रहे। इन्होंने सभी आगंतुकों को उपहार भेंट कर ससम्मान विदा किया। दूसरे शहरों से आए मेहमानों ने नगीना टीम द्वारा की गई शानदार मेहमान नवाजी और सफल आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

### प्रयागराज में अशरफ के गनर की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के करेली क्षेत्र में बीच सड़क पर अशरफ के गनर रहे इरफान गद्दी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात गौस नगर में अज्ञात बदमाशों ने इरघन के सीने में गोली मार दी। इरफान सड़क पर ही काफी देर तपता रहा, बाद में उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन खून ज्यादा बहने की वजह से उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना पर पुलिस आयुक्त सिटी मनीष कुमार शांडिल और सहायक पुलिस आयुक्त राजकुमार मीणा भी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फौरी तौर पर पुरानी रंजिश में हत्या की बात सामने आ रही हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायल का...** उभरने लगी थीं। संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस- प्लासचार्ट ने जोर देकर कहा कि कोई भी पक्ष बल के माध्यम से जीत हासिल नहीं कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के अनुसार, शत्रुता बढ़ने के बाद से लेबनान की आबादी का लगभग पांचवां हिस्सा, यानी 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। यह संख्या 2024 के इजरायल- हिजबुल्लाह संघर्ष के स्तर को भी पार कर गई है। सहायता एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि कमजोर समूह इसका खामियाजा भुगत रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) का अनुमान है कि विस्थापितों में 13,000 से अधिक गर्भवती महिलाएं शामिल हैं, जिनमें से कई चिकित्सा देखभाल से वंचित हैं। स्वास्थ्य सेवाएं ठप होने की कगार पर हैं और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर 100 से अधिक हमलों की पुष्टि की है। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को क्षेत्र को स्थिर करने के एक अवसर के रूप में देखा जा रहा था, लेकिन इजरायली बलों और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष ने शांति वार्ता पर संदेह उत्पन्न कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता फरहान हक ने सभी पक्षों से बातचीत का रास्ता चुनने का आग्रह किया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने गुरुवार को कहा कि लेबनान में इजरायली हमलों को रोकना संघर्ष को समाप्त करने के ईरान के 10-सूत्रीय योजना की एक प्रमुख शर्त है।

**ईरान ने...** सैन्य ठिकानों तक दो हफ्तों में हथियारों की आवाजाही न हो सके। उन्होंने कहा कि जहाजों को जाने दिया जाएगा, लेकिन प्रोसेस में समय लग सकता है क्योंकि ईरान किसी जल्दी में नहीं है। लेबनान में इजरायल के हमले लेकर ईरान ने सख्त रुख अपनाया है। ईरानी समाचार एजेंसी के मुताबिक, सैन्य सूत्रों ने दावा किया है कि इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी चल रही है। ईरानी मीडिया के अनुसार, एक सीनियर ईरानी अधिकारी ने कहा कि इस अपराध और युद्धविराम उल्लंघन के लिए इजरायल को सजा दी जाएगी। अधिकारी ने आरोप लगाया कि इजरायल ने युद्धविराम की शर्तों का उल्लंघन किया है और क्षेत्र में तनाव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि इजरायल अपने वादों का पालन नहीं करता और उसे केवल ताकत के जरिये ही रोका जा सकता है।

**असम, केरल...** इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। असम में 126 सीटों पर 41 पार्टियों के 722 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं केरलम में 2.71 करोड़ वोटर 890 उम्मीदवारों में से अपना नेता चुनेंगे। यहां 140 सीटें हैं। पुड्डुचेरी में 30 सीटों के लिए वोटिंग हुई। असम के श्रीभूमि जिले के पथारकंडी में कांग्रेस कैंडिडेट ने ईवीएम तोड़ दी। इसके चलते यहां करीब तीन घंटे तक वोटिंग रुकी रही। चुनाव अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम रखी तब वोटिंग फिर शुरू हुई। असम के बरपेटा में सुबह से तेज बारिश के कारण वोटिंग में परेशानी आई। केरलम के सीएम पिनाराई विजयन ने कन्नूर में आरसी अमला बेसिक अपर प्राइमरी स्कूल में वोट डाला। केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने त्रिशूर में मतदान किया। पुड्डुचेरी में रोबोट ने पोलिंग बूथ पर आए वोटर्स का स्वागत किया।

## ब्लॉक परिसर में गंदगी के अम्बार



**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की बैठक ब्लॉक परिसर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी बलजीत सिंह ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारियों की कमी के चलते गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। ब्लॉक क्षेत्र के ज्यादातर गांव में गंदगी फैली हुई है। ब्लॉक में सफाई कर्मचारियों की कमी नहीं है, लेकिन ग्राम पंचायत में पर्याप्त मात्रा में सफाई कर्मचारी नहीं लगाए गए हैं। सभी गांव में आवश्यकता अनुसार सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएं। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस कर्मियों पर राहगीरों को अनावश्यक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए सुधार करने की मांग की। बैठक का संचालन राहुल चौधरी ने किया। बैठक को डा. धर्मवीर सिंह, इमरान मलिक, नसीरूल, राजवीर सिंह, राजपाल सिंह, शाहनवाज, वीरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, पुखराज सिंह, सचिन प्रधान, मूलचंद सिंह, राम भजन आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### लवलीन ने किया नाम रोशन



**नजीबाबाद।** शिक्षण संस्थान मूलचंद एकेडमी की कक्षा 12 की मेधावी छात्रा लवनीन ने केके एचडी टीवी पर चंडीगढ़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे बिजनौर जनपद का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी व गर्व का माहौल है। लवलीन नजीबाबाद निवासी सरदार गुरुदेव सिंह की प्रतिभाशाली बेटी हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन व प्रतिभा के दम पर यह मुकाम हासिल किया। जिससे परिवार के साथ क्षेत्र का भी नाम ऊंचा हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मूलचंद अकादमी के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट व उप प्रधानाचार्या सुनिता सिंह ने लवलीन को विद्यालय में सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लवलीन जैसी छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ ने भी लवलीन जैसी छात्राएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। विद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ ने भी लवनीन की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### यूरिया खाद की आपूर्ति की मांग



**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यूरिया खाद को लेकर किसान परेशान हो रहे हैं। गन्ना समितियों एवं सहकारी समितियों पर यूरिया खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कि जाए एवं गन्ना समितियों से नगद यूरिया दिया जाए। चक गढ़ी में तालाब से पानी निकासी हेतु नाले का निर्माण किया जाए, फसलों की सुरक्षा के लिए आवरा पशुओं को पकड़ कर गौशाला भिजवाया जाए। हल्दौर ब्लॉक कार्यालय से पूरब की तरफ रास्ता बनवाया जाए, ब्लॉक क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए, शेरपुर कल्याण में मेन रास्ते पर तालाब का पानी भरा रहता है। अत: तालाब से पानी की निकासी सुनिश्चत की जाने सहित कई समस्याओं को उठाया। इस मौके पर तेजपाल सिंह, राकेश कुमार, सत्यवीर सिंह, नौबहार सिंह, कैरोप्रताप सिंह, सौपाल सिंह, नेपाल सिंह, कुलदीप सिंह, बिजेंद्र सिंह आदि रहे। पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार एवं संचालन जिला सचिव राजेन्द्र सिंह ने किया।

### धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**धामपुर।** वादी दिगंत भारद्वाज पुत्र प्रशांत कुमार निवासी धामपुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ऋतिक पुत्र विपिन निवासी ग्राम तरकोली ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। नौ अप्रैल को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी ऋतिक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कोटद्वार रोड स्थित यूकेलिप्टस के बाग में छिपाकर रखा गया अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा भी जोड़ दी। इस कार्रवाई में थाना धामपुर के उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम में कांस्टेबल अजयपाल सिंह और कांस्टेबल अक्षय भी शामिल रहे।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945 **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**सूचना पात्र प्रकरणों में भौतिक प्रतिभूतियों के स्थानांतरण एवं डिमैटरियलाइजेशन (डीमैट) हेतु विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

सेबी ने अब, परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से, 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए एक और विशेष विंडो खोलने का निर्णय लिया है।

यह सुविधा उन निवेशकों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 01 अप्रैल, 2019 से पहले द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कंपनी'') के भौतिक शेयर खरीदे थे, और जिन्होंने :
(ए) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दाखिद नहीं किया था ; या
(बी) शेयरों को हस्तांतरण के लिए दाखिल किया था, लेकिन दस्तावेजीकरण में कमियों के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया, वापस कर दिया गया या ध्यान नहीं दिया गया था।

**विशेष विंडो की प्रयोज्यता**

01 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित हस्तांतरण कार्यों के लिए इस विंडो की प्रयोज्यता के बारे में स्पष्टता के लिए, निवेशक नीचे दिए गए मैट्रिक्स को देख सकते हैं :

| 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व हस्तांतरण क लिए दाखिल | निवेशक के पास मूल शेयर प्रमाणपत्र की उपलब्धता? | विशेष विंडो के तहत पात्र |
|---|---|---|
| नहीं (नवीन दाखिल) | हां | हां (सेबी परिपत्र के अधीन) |
| हां, लेकिन पहले अस्वीत/वापसीत | हां | हां (सेबी परिपत्र के अधीन) |
| हां, और पहले ही हस्तांतरित | नहीं | नहीं |
| नहीं, शेयर प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि **केवल मूल शेयर प्रमाणपत्रों, विधिवत निष्पादित हस्तांतरण कार्यों (01 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित)** के साथ अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ आने वाले अनुरोधों पर ही विशेष विंडो के तहत विचार किया जाएगा। इस विंडो के तहत हस्तांतरित प्रतिभूतियों को **केवल डीमैटीरियलाइज्ड रूप में** जमा किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से **एक (1) वर्ष की लॉक-इन अवधि** के अधीन होगी।

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ)** में पहले ही हस्तांतरित प्रतिभूतियां या **विवादों** से जुड़े मामले इस विशेष विंडो के तहत **पात्र नहीं होंगे**।

किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए, आप कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) से संपर्क कर सकते हैं :

आरटीए का नाम : मैसर्स. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व की मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
ईमेल : investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com
फोन : +91 22 4918 6000-79
पता : सी-101, दूतावास 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई - 400 083

यह संचार कंपनी की वेबसाइट **www.dwarikesh.com** पर भी अपडेट किया गया है।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस सह सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

स्थान : द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
दिनांक : 9 अप्रैल, 2026

# धामपुर में फिर गरजा बुलडोजर

## 15 दिन में दूसरी बार टूटी कॉलोनी, तीन जेसीबी ने घंटे भर में किया जमींदोज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नींदडू गांव की 42 बीघा जमीन, जो पिछले 8 वर्षों से विवाद, खून-खराबे और दहशत का केंद्र बनी हुई थी, गुरुवार को एक बार फिर प्रशासन की सख्ती का निशाना बनी।

करीब 15 दिन पहले जिस कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त किया गया था, उसी जगह को कॉलोनाइजर द्वारा दोबा. रा मरम्मत कर खड़ा कर दिया गया। प्रशासन की ओर से लगातार नोटिस दिए गए, लेकिन न तो कोई संतोषजनक जवाब दिया गया और न ही निर्माण कार्य को रोका गया।

इसी अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग और विनियमित विभाग की संयुक्त टीम नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। इस बार प्रशासन पूरी तैयारी के साथ आया था और कार्रवाई भी पहले से कहीं ज्यादा सख्त दिखाई दी।

जैसे ही तीन-तीन जेसीबी मशीनों ने एक साथ कॉलोनी की सड़कों और पक्के निर्माण पर प्रहार शुरू किया, पूरा इलाका गूंज उठा। कुछ ही समय में वह पूरी कॉलोनी, जो कुछ दिन पहले तक फिर से खड़ी कर दी गई थी, मलबे में तब्दील हो गई।

बुलडोजर की गर्जना और गिरते निर्माण को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग मौके पर पहुंच गए। पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, वहीं कई लोगों के चेहरे पर वर्षों से चले आ रहे डर के खत्म होने की राहत भी साफ दिखाई दी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह जमीन लंबे समय से विवादों में घिरी रही है और इस पर अवैध रूप से बड़े स्तर पर प्लाटिंग और निर्माण किया जा रहा था। कई बार शिकायतों के बावजूद स्थिति जस की तस बनी रही, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही थी। यह वही जमीन है, जिसने वर्ष 2018 में एक खूनी संघर्ष देखा था। भूमाफियाओं और ग्रामीणों के बीच हुए टकराव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य फिरासत के भाई रियासत की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस घटना के बाद से यह जमीन लगातार दहशत और तनाव का केंद्र बनी रही। हालांकि इस भूमि को लेकर कानूनी लड़ाई अभी भी जारी है और मामला उपजिलाधिकारी धामपुर की अदालत में लंबित है, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध निर्माण और कब्जे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि नोटिस के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी। धामपुर के इतिहास में यह पहली बार माना जा रहा है कि किसी अवैध कॉलोनी पर इतने कम समय में दूसरी बार इतनी बड़ी कार्रवाई की गई हो। इस पूरे घटनाक्रम ने साफ संकेत दे दिया है कि अब प्रशासन अवैध कब्जों के खिलाफ पूरी तरह से एक्शन मोड में है। गांव के लोगों को अब उम्मीद है कि इस कार्रवाई के बाद वर्षों से चला आ रहा विवाद खत्म होगा और इलाके में शांति और सुरक्षा का माहौल बनेगा। नींदडू की 42 बीघा जमीन पर चला यह बुलडोजर सिर्फ अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं, बल्कि 8 साल से चले आ रहे खौफ और विवाद पर प्रशासन का बड़ा और निर्णायक प्रहार माना जा रहा है।

## पूर्व सभासद को गिरफ्तार कर ले गई जबलपुर पुलिस

**हल्दौर।** मौहल्ला खेड़ा निवासी पूर्व सभासद हरवेंद्र सिंह उर्फ सनी को मध्य प्रदेश के सिहोरा (जबलपुर) में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वह चलती ट्रेन में महिला यात्री का पर्स छीनकर फरार हो गया था। पुलिस के मुताबिक वारदात के बाद आरा. पी स्टेशन के पास एक गहरे तालाब में छिप गया था, लेकिन तलाशी के दौरान उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सनी ने वर्ष 2017 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में सभासद का चुनाव जीता था, लेकिन बाद में नशे की लत और जल्द पैसा कमाने की चाहत ने उसे अपराध के रास्ते पर धकेल दिया। धीरे-धीरे वह ट्रेनों में चोरी और लूट की घटनाओं में शामिल हो गया। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज हैं। वह कई बार जेल जा चुका है और जमानत पर छूटने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो जाता था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी स्थानीय स्तर पर वांछित नहीं था, लेकिन अन्य राज्यों में उसकी तलाश जारी थी।

### एक नजर

## रिमांड के बावजूद खाली हाथ




**बिजनौर।** न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने आज सुबह दस बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक तालिब बंधुओं को पांच घंटे के कस्टडी रिमांड पर लिया। सुबह दस बजे विवेचक पुलिस बल के साथ जिला कारागार से तालिब बंधुओं को लेकर चांदपुर मार्ग स्थित आरा मशीन पर पहुंचे। जहां पर विवाद हुआ था। लेकिन वहां से कोई हथियार बरामद नहीं हो पाया। जबकि वादी ने रिपोर्ट में कहा था कि जान से मारने की नीयत से उनके ऊपर फायरिंग की गई थी। हथियार बरामद न होने के बाद अब तालिब बंधुओं की जमानत की राह आसान हो जाएगी।

## नुमाइश की अनुमति रद्द करने की मांग



**नजीबाबाद।** स्थानीय विलेज डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा नगर में रायपुर अड्डे पर चल रही नुमाइश में सुरक्षा मानकों में अनियमित्ताओं को देखते हुए अनुमति को रद्द करने की मांग की गई। इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि झूले पर दुर्घटना घटी है। घायल की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। नुमाइश में बासी खाद्य सामग्री बेची जा रही है। जिसे खा कर उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्टैंड के ठेकेदार द्वारा द्वारा गाली-गलौज की जाती है। पड़ोस में ही कॉलोनी है। यहां पर रहने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में संस्था की संचालिका मधु माहेश्वरी, बिंदु सर्राफ, गीता, राजबाला शर्मा, बबीता, धीरज शर्मा, अनम, राहिल परवीन, सनम आदि शामिल थी।

## इकलौते मासूम की मौत



**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम करौली में पांच वर्षीय सन्नी पुत्र अर्जुन मौत की नींद सो गया। परिजनों के अनुसार सन्नी अपने घर के बाहर खेल रहा था। तभी ई-रिक्शा से उसकी टक्कर हो गई। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार का कहना है कि परिजनों की तहरीर प्राप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ई-रिक्शा को कब्जे में लिया गया है। ई-रिक्शा चालक बेगराज पुत्र सुमेर सिंह निवासी ग्राम करोली फरार है।

## बसपा की जिला स्तरीय बैठक




**बिजनौर।** बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष डीपी सिंह की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अलवी एवं देवेंद्र भारती ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर 14 अप्रैल को लखनऊ में आयोजित होने जा रही प्रदेश स्तरीय महारैली में भाग लेने के आह्वान किया गया। मुख्य मंडल प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी ने बताया कि महारैली में भाग लेने के लिए निजी वाहनों की सूची, बस एवं ट्रेन द्वारा जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची, प्रचार प्रसार के लिए फ्लैक्सी व होर्डिंग लगवाने, वाहनों पर झंडे व बैनर लगवाने आदि की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में मंडल प्रभारी दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, धर्मपाल सिंह, रोहिताश सिंह आदि मौजूद रहे।

### एक नजर

## रेल वन एप से मिलेंगी सुविधाएं



**नजीबाबाद।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को रेल वन एप की जानकारी दी गई। रेल वन एप के माध्यम से यात्री रेलवे टिकट बुकिंग, ट्रेनों के आवागमन सहित रेलवे द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे स्टेशन परिसर में सीएमआई आरके मीणा, बुकिंग पर्यवेक्षक विश्वास कुमार, दिनेश कुमार आदि के माध्यम से यात्रियों को रेल वन एप संचालन के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। रेलवे में हाल ही में यूटीएस एप बंद किया है। अब यात्रियों को रेल वन एप के माध्यम से विभिन्न सुविधाएं मिलेंगी।

## शुभम राणा बने हल्दौर ब्लॉक महासचिव



**झालू।** भाकियू (टिकैत) ने ग्राम धर्मपुर निवासी चौधरी शुभम कुमार राणा पुत्र पवन कुमार को हल्दौर ब्लॉक का महासचिव मनोनीत किया है। ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि उनकी कार्यशैली व मेहनत को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने उनसे बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की नीतियों के प्रचार-प्रसार और संगठन को मजबूत करने की अपेक्षा जताई है। पदाधिकारियों ने शुभम राणा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण कराई



**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में कई महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए नए सदस्यों को पटका पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई। आज सहकारी गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कफील सैफी व संचालन डॉ. इशरत अली वारसी ने किया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र की जनता बिजली की समस्याओं से त्रस्त है जब से स्मार्ट मीटर लगे है तब से बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि बिजली विभाग के अधिकारी जबरदस्ती किसी के घर पर स्मार्ट मीटर लगाए, तो उसका विरोध करते हुए यूनियन के पदाधिकारियों को सूचित करें। चन्द्रपाल सिंह ने बताया कि आगामी 16 अप्रैल को अफजलगढ़ में वन विभाग के विरुद्ध चल रहे धरने में चलने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों की गन्ने की समस्याओं पर भी चिंता व्यक्त की। पंचायत में नगर व क्षेत्र के ग्राम शादपुर गुलाल में बंदरों को पकड़ने की मांग रखी गई। आवारा पशुओं को पकने की मांग रखी। बिजली की समस्याओं के सम्बंध में एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। एक्सईएन ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। पंचायत में चन्द्रपाल सिंह ने मौहल्ला बंजारान नूरपुर निवासी उबैद मिकरानी व ग्राम पुरैना निवासी महेन्द्र सिंह को हरा पटका पहनाकर यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई। पंचायत में शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, विनीत धनकड़, समरपाल यादव, दुष्यंत यादव, सुधीर शर्मा, ओमकार त्यागी, गफ्फार अहमद, अशफाक खान, उबैद मिकरानी, मौहम्मद शमशेर, सुमित चौधरी, लोकेश कुमार, मांगे सिंह, चौधरी दिग्विजय सिंह, कल्याण सिंह, बुद्ध सिंह, वीरेन्द्र सिंह, जमशेद अली समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

## सैक्टर स्तर पर सपा मनाएगी डॉ. अंबेडकर जयंती : सिद्धार्थ




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि पार्टी सैक्टर स्तर पर 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार यूथ बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज पार्टी कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर कार्यकर्त्ताओं द्वारा उनका फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। युवा कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया। इस मौके पर बैठक को सम्बोधित करते हुए सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सैक्टर पर पूरे धूमधाम से मनाते हुए संविधान की रक्षा की शपथ दी जाएगी। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति पर चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करें।

निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रत्येक बूथ पर पार्टी की मजबूत टीम बनाकर प्रचार प्रसार की कमान संभाले। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को पूरे जिले में धूमधाम से मनाकर पीडीए को संविधान की रक्षा के लिए जागृत करेंगे। सभी कार्यकर्त्ता पार्टी की नीतियों को ग्राम-ग्राम तक पहुंचाने का संकल्प लें।

प्रवक्ता अखलाक पप्पू के संचालन में आयोजित बैठक में डॉ. रमेश तोमर, विधायक स्वामी ओमवेश, बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी कपिल गुर्जर, धनंजय यादव, डॉ. रहमान, डॉ. शहबाज अली, नवाब मंसूरी, मदन लाल सैनी, चौधरी दिनेश, प्रभा चौधरी, अफजाल लालू, अनुज मलिक, वी.के. कश्यप, रजत त्यागी राजा, सलमान औरंगजेब, डॉ.सरफराज, डॉ. इरफान मलिक, शहजाद आलम अंसारी, तरुण लाम्बा, नमन, फैजान प्रधान, सुहैल बाकर, राधा सैनी, फुरकान खां, लोकेश भारद्वाज, ठा. योगेंद्र सिंह, महमूद कस्सार, कावेन्द्र तोमर, हाजी जावेद राईन, देवानन्द भूईयार, सलमान खान, कसीम कुरैशी, इरशाद प्रधान, प्रमोद प्रधान, आसिफ, सुरेंद्र वाल्मीकि, मानू सहित आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। ग्राम अलीगढ़ निवासी घनश्याम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री पायल सात अप्रैल की दोपहर लगभग 11:30 बजे घर से अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता का आरोप है कि सुल्तान पुत्र जमीर निवासी ग्राम महेश्वरी जट, थाना कोतवाली देहात उसकी पुत्री से छुपकर फोन पर बात करता था और वही उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। तहरीर के अनुसार, घटना की शाम आरोपी ने किसी अन्य नंबर से फोन कर यह स्वीकार किया कि लड़की उसके पास है। शिकायतकर्ता की सूचना पर नगीना पुलिस ने आठ अप्रैल को धारा 137(2) (भारतीय न्याय संहिता, 2023) के तहत मामला दर्ज किया है। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को मामले की जांच सौंपी गई है। पुलिस ने लड़की को बरामद कर लिया है। लेकिन आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस द्वारा पीड़िता का मेडिकल व बयान आदि की कार्रवाई की जा रही है।

# नगीना बार एसो. का चुनाव सम्पन्न

## दीपक विश्नोई अध्यक्ष और मौहम्मद नईम सचिव निर्वाचित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बार एसोसिएशन नगीना के वार्षिक चुनाव की मतगणना आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

इस बार के चुनाव में दीपक विश्नोई को अध्यक्ष और मो. नईम को सचिव पद के लिए चुना गया है। कुल 322 मतदाताओं वाली इस बार एसोसिएशन के चुनाव में कड़ी टक्कर देखने को मिली। चुनाव एल्डर्स कमेटी की देखरेख में संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर दीपक विश्नोई ने 182 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी टीकम सिंह (131 मत) को पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कुमार 172 मत लेकर विजयी रहे, जबकि मनोज कुमार सिंघानिया को 143 मतों से संतोष करना पड़ा। सचिव/मंत्री पद पर मो. नईम ने 172 मतों के साथ जीत दर्ज की जबकि नवेद इकराम को 142 मत मिले। उपमंत्री (प्रशासनिक) पर अभिषेक विश्नोई 176 मत पाकर विजयी हुए। उपमंत्री (पुस्तकालय) के लिए इमरान अहमद ने 166 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष (महिला आरक्षित) पर नरगिस जहां ने 164 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों में अमिचन्द रवि, मौहम्मद शफीक और आशुतोष शर्मा ने जीत दर्ज की। कनिष्ठ कार्यकारिणी में मुनव्वर अली (184 मत), समीर कुमार जोशी (183 मत) और दीक्षा चौहान (170 मत) से विजयी घोषित किए गए। कनिष्ठ कार्यकारिणी (महिला) में ममता रानी ने 168 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। एल्डर्स कमेटी के जयकिशन शर्मा, राज शेखर, दिनेश कुमार थापन, अरुण कुमार अग्रवाल और मौहम्मद शाकिर की निगरानी में मतदान और मतगणना शांतिपूर्वक हुई। वहीं एल्डर कमेटी का सहयोग करने में चंद्रपाल सिंह सैनी, पुष्पेंद्र पाल, संदीप राठौर और अंकुर मौजूद रहे। मतगणना के दौरान बार एसोसिएशन के चुनाव नियमों का पूरी तरह पालन किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एल्डर्स कमेटी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। अधिवक्ताओं ने फूल-मालाएं पहना कर विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगी।

इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं में सज्जाद अहमद शमसी, मौहम्मद आरिफ खान, अशोक कुमार त्यागी, जमशेद अली, जहीर अहमद खान, जमालुद्दीन हैदर, प्रेम कुमार, दीपक सक्सेना के अलावा मौहम्मद नईम, दीपक जोशी, संजीव चौधरी, फरीद खान, निशात अहमद, शफीक अहमद, शादाब अहमद जसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** बुधवार शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए बाइक सवार युवक की अस्पताल ले जाते हुए रास्ते में मौत हो गई जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया।

ग्राम अमाननगर उर्फ हर्रावाला निवासी हेमराज सिंह (22 वर्ष) पुत्र तेजपाल सिंह बीती शाम बाइक से धामपुर से अपने घर लौट रहा था। बादीगढ़ चौराहा-सुआवाला मार्ग पर ग्राम हसनपुर तिराहे के पास उसकी बाइक ई-रिक्शा से टकरा गई। इस दुर्घटना में हेमराज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।



पुलिस ने घायल को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, परंतु परिजन उसे काशीपुर उत्तराखंड स्थित केवीआर अस्पताल ले गए। परिजन उसे हल्द्वानी स्थित मेडिकल कॉलेज ले जा रहे थे। इसी दौरान बुधवार सुबह रामनगर के पास रास्ते में उसकी मौत हो गई। हेमराज की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।



मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। मृतक पेंटर का कार्य कर परिवार की गुजर बसर करता था। परिजनों ने बुधवार दोपहर भूतपुरी स्थित रामगंगा घाट पर मृतक हेमराज का अंतिम संस्कार कर दिया।

# किरतपुर में चोरों के हौसले बुलंद

## कई ट्यूबवैल से स्टार्टर व मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। बीती रात कई ट्यूबवैल को चोरों ने निशाना बनाते हुए स्टार्टर, मोटर और अन्य कृषि उपकरण चोरी कर लिए। जिससे किसानों में दहशत और आक्रोश फैल गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भोजपुर निवासी बृजेश कुमार उर्फ रसगुल्ला पुत्र सुनील कुमार, जो भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के ब्लॉक मीडिया प्रभारी भी हैं, के कुएं में चोर दीवार की तरफ से कुंबल कर अंदर घुस गए और वहां लगा स्टार्टर सहित अन्य कृषि उपकरण चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब दूसरा किसान खेत पर पहुंचा। चोरों ने आसपास के अन्य कुओं को भी नहीं छोड़ा। मनोज कुमार, दीपु पुत्र अचल सिंह तथा रविंद्र सिंह पुत्र मंगू सिंह निवासी भोजपुर के कुओं पर भी चोरी की वारदात हुई। सभी जगह चोरों ने रात के अंधेरे में कुंबल कर घटना को अंजाम दिया। खासतौर पर रविंद्र सिंह के कुएं से स्टार्टर के साथ मोटर, तार, कृषि उपकरण और बर्तन तक चोरी कर लिए गए।

इसके अलावा ग्राम बरमपुर में भी चोरों ने मास्टर गजेंद्र सिंह के कुएं को निशाना बनाते हुए वहां से स्टार्टर व अन्य कृषि सामग्री चुरा ली। एक ही रात में कई स्थानों पर हुई इन घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो चोरी की घटनाओं का पता चलते ही हड़कंप मच गया। ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और स्थिति का जायजा लेने के बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसानों से जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त कर ली गई है तथा मामले की जांच के लिए दो टीमों का गठन किया गया है। पुलिस ने जल्द ही खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। वहीं ग्रामीणों ने हल्का पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पिछले करीब दो माह से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# हत्या के मामले में नामजद अभियुक्त गिरफ्तार



## पुलिस ने न्यायालय में किया पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 19 फरवरी 2026 को वादी शाह आलम पुत्र नसरुल्ला निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसके भाई सलमान पुत्र नसरुल्ला की हत्या कर दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त नदीम पुत्र अली हक निवासी मौहल्ला चक महदूदसानी का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक समयपाल सिंह, अमित भाटी, पंकज आदि शामिल है।

# श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

## 108 महिलाओं ने नगर में निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर के मनोकामना पूर्ण शिव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस मौके पर नगर की 108 महिलाओं ने पीले और लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर श्रद्धा और उत्साह के साथ शोभायात्रा निकाली, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



कलश यात्रा के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता ने अपने निवास घासमंडी पर महिलाओं का पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत विधिवत पूजन के साथ कलश स्थापना की गई। बाद में चिंकी गुप्ता ने कथा स्थल पर पहुंचकर पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। जिसके साथ श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन कथा वाचक प्रेरणा ज्योति ने श्रीमद्भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ग्रंथ भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का अद्भुत संगम है। उन्होंने बताया कि कलियुग में मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल मार्ग श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण है, जो मनुष्य को आध्यात्मिक शांति प्रदान कर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जोड़ता है। उन्होंने गोकर्ण और धुंधकारी प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि पापों के कारण प्रेत योनि में भटक रहे धुंधकारी का उद्धार भी भागवत कथा के श्रवण से ही संभव हुआ। सात दिनों तक कथा श्रवण के माध्यम से उसके पापों का क्षय हुआ और अंततः उसे मुक्ति प्राप्त हुई। कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला ग्रंथ है, जो व्यक्ति के भीतर प्रेम, श्रद्धा और त्याग की भावना उत्पन्न करता है तथा उसे परमात्मा की ओर अग्रसर करता है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान विपिन शर्मा एवं उनकी पत्नी दीपा शर्मा रहे। इस मौके पर ज्योतिषाचार्य रोहित कुमार शर्मा, यशोदा शर्मा, कनिष्का, सूची, निर्मला, सुधा, कोमल, रजनी, पूजा, पम्मी, रानी, यशी राजपूत, बृजेश, शिल्पी शर्मा, हिर्देश, विजय कुमार जोशी, मुकेश वर्मा, अजेंद्र, सोरेन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर इस आयोजन ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

## एक नजर

### बस की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त

**नूरपुर।** स्योहारा रोड स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पर अचानक बस आगे बढ़ गई। खड़ी बस ने दुकान के बाहर खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि बाइक सवार दो भाई बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमन्दिर चौक पर स्थित पुलिस पिकेट के समीप स्योहारा बस स्टैंड पर हुई। बस में कुछ सवारी भी सवार थी। लेकिन जब बस अचानक आगे बढ़ी तब चालक ड्राइविंग सीट पर मौजूद नहीं था। बस ने मौहल्ला इसलाम नगर निवासी नफीस के पुत्रों नसीम और नईम की बाइक को चपेट में ले लिया। नसीम और नईम ने भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद शोर शराबा होने पर चालक ने बस में चढ़ कर उसे रोका। दोनों पक्षों के बीच मामले में समझौता हो गया। नगर वासियों ने बस स्टैंड पर भीड़ लगी रहती है। बसों का आधा हिस्सा सड़क पर रहता है। जिससे आये दिन छोटी मोटी घटना होती रहती है।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिजनौर।** शिवसेना पश्चिमी राज्य प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आदेश पर आज उत्तर प्रदेश पश्चिम में शिक्षा माफिया के खिलाफ शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसका नेतृत्व शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थान में बेहतर सुविधा न होने के कारण आज-कल अभिभावकों के बीच प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने का चलन प्रचलित है। महंगी फीस, महंगी ड्रेस और महंगा पाठ्यक्रम स्कूलों द्वारा व्यवसाय के नाम पर जमकर लूटपाट की जा रही है। जिससे अभिभावकों का जमकर शोषण किया जा रहा है और स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र का नवीनीकरण के नाम पर दोबारा शुल्क भी लिया जा रहा है। जिससे आक्रोशित होकर शिव सैनिकों ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में डॉ. दिनेश कुमार, धर्मवीर सिंह, अंतरिक्ष कौशिक, शोभित गुर्जर, अरुण सैनी, धर्म सिंह एड., शशी कुमार, मनजीत कुमार, भूपेंद्र कुमार, तुषार रस्तौगी आदि मौजूद रहे।

# चोरी का खुलासा न होने से आक्रोश

## एसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** व्यापारी अमित अग्रवाल के आवास पर दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने से व्यापारियों में रोष है। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से मुलाकात कर घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की।



एसपी को दिए ज्ञापन में बताया गया कि घटना की रिपोर्ट 13 मार्च को दर्ज कराई गई थी, जिसका एफआईआर संख्या 193 है। बावजूद इसके अब तक मामले में न तो कोई ठोस प्रगति हुई है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है। व्यापारी नेताओं ने कहा कि दिनदहाड़े हुई इस घटना से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हुई है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापारी वर्ग आंदोलन करने को बाध्य होगा। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा तथा चोरी गया माल बरामद किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में राज. कुमार गोयल (जिलाध्यक्ष), नीतू अग्रवाल (प्रदेश उपाध्यक्ष), खगेश कुमार शर्मा (जिला महामंत्री), नवीन अग्रवाल (जिला प्रभारी), प्रदीप अग्रवाल (जिला संगठन मंत्री), सुनील कुमार गुप्ता (जिला कोषाध्यक्ष), अरविंद ठाकुर (जिला सह कोषाध्यक्ष), अंकित गोयल (सह संगठन मंत्री) सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# तीन बच्चों की मां से मिलने आए प्रेमी की धुनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** तीन बच्चों की मां से मिलने आए प्रेमी मौहल्लेवालों ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया और उसकी जमकर धुलाई कर दी।

नहटौर क्षेत्र का एक युवक नगर के मोहल्ला कोटरा में रहने वाली एक विवाहित महिला के संपर्क में था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच काफी समय से संबंध है। युवक महिला से मिलने उसके घर पहुंचा था, लेकिन इसी दौरान मौहल्ले के लोगों ने उसे देख लिया और मौके पर पकड़ लिया। गुस्साए लोगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे इलाके में चर्चा का माहौल बना



हुआ है, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बताया जाता है युवक की शादी गाजियाबाद में होने वाली है। आसिफ का इस महिला के साथ रंगरलिया मनाते पकड़े जाने की वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है।

## आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सगा भाई आरिफ शेखजादा पुत्र मौहम्मद वाहिद निवासी मौहल्ला ईमामबाड़ा, कस्बा व थाना शेरकोट, जिला बिजनौर दिनांक- 07.09.2005 को घर से लापता हो गया था और उसे सभी सम्भावित जगहों पर तलाश किया गया तथा उसकी गुमशुदगी के संबंध में पुलिस को भी अवगत कराया था। परन्तु 21 वर्ष बीतने के पश्चात भी उसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है कि वह जीवित है या मर गया है। जिस कारण आरिफ शेखजादा को मृत माना जाये। **मौ. शारिक पुत्र मौ. वाहिद निवासी मौहल्ला ईमामबाड़ा, कस्बा व थाना शेरकोट, जिला बिजनौर।**

**मोबाइल नम्बर-6397796825**

# समाचार वाचन के साथ शिक्षण कार्य




**बिजनौर।** आरजेपी इंटर कॉलेज में शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइंस एवं शैक्षिक पंचांग के अनुरूप नए सत्र का शिक्षण कार्य विधिवत प्रारंभ हो गया है। विद्यालय परिसर में शैक्षिक गतिविधियों का सकारात्मक वातावरण देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों उत्साहपूर्वक अपनी कक्षाओं में मौजूद हो रहे हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में संबोधित करते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक सत्र की यह शुरुआत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है, इसलिए सभी को पूरे समर्पण के साथ शिक्षण प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। प्रधानाचार्य ने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक शासन की गाइड लाइंस का पालन करते हुए समयबद्ध और प्रभावी शिक्षण सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों को भी नियमित उपस्थिति एवं स्वाध्याय के लिए प्रेरित किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप प्रार्थना सभा एवं उस प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों द्वारा समाचार वाचन और गुरुजनों द्वारा प्रेरक प्रसंग के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालय प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था के साथ कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिससे शिक्षण कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ रहा है। इस प्रकार आरजेपी इंटर कॉलेज में नए सत्र की शुरुआत शैक्षिक सतर्कता एवं अनुशासन के साथ की गई है। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य वालेश कुमार, विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, डीओसी स्काउट चंद्रहास, सुधीर राजपूत, नरेंद्र सिंह, बृजेश कुमार, अतुल रस्तोगी, मनोज यादव, वीरेंद्र कुमार ने विचार व्यक्त कीजिए।

## पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कसा शिकंजा

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए कड़ा अभियान चलाया। नगर के व्यस्त माल गोदाम क्षेत्र में थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन चेकिंग की। इस दौरान ब्रेथ एनालाइजर मशीन से श्लाइव अल्कोहल टेस्टश किए गए।माल गोदाम क्षेत्र में भारी वाहनों और ट्रकों की आवाजाही अधिक रहती है। पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि कुछ चालक नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

# सीएचसी में डेटा वैलिडेशन बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** डाटा वैलिडेशन कमेटी की बैठक का आयोजन सीएचसी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ से आए प्रोजेक्ट मैनेजर राइज ट्रेनिंग सुनील कुमार ने की।

बिजनौर सीजेएसआई के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अमित कुमार भी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ने बचे हुए कर्मचारियों से शत प्रतिशत राइज प्रशिक्षण पूर्ण कराने का निर्देश दिया। ब्लॉक स्योहारा में सभी की ट्रेनिंग हो चुकी है, सिर्फ एक कर्मचारी की रह गई है जो कल तक पूर्ण हो जाएगी। डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अमित कुमार ने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में जीरो डोजर पर विशेष फोकस करने के लिए कहा, साथ ही ओवर ड्यू बच्चों के बारे में विस्तार से बताया कि जो बच्चे बचे है, उनका शतप्रतिशत टीकाकरण कराने को



कहा। हेड काउंट सर्वे की रिपोर्ट जमा होने के उपरांत उनको वैरिफाई करने को बताया गया। मासिक प्रगति, लाभार्थी एवं सर्विस प्रोवाइडर भुगतान रिपोर्ट की समीक्षा की गई। निर्णय लिया गया की ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक डाटा वैलिडेशन कमेटी की बैठक प्रत्येक माह की जाएगी। यू विन पोर्टल के माध्यम से ही अब टीकाकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि ब्लॉकों में तैनात समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रत्येक दिन टेलीकंसल्टेशन के माध्यम से मरीजों को परामर्श देंगे। जिससे वृद्धजनों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को घर बैठे उपचार प्राप्त हो सके। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डा. राक. ेश कुमार, एआरओ आलोक कुमार, हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, फार्मासिस्ट जितेंद्र रावत, प्रदीप रावत, हरीश कुमार, योगेश कुमार, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, बीएएम हरिओम, डीईओ अनम, राशि आदि मौजूद रहे।

**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

फौ. प्रकीर्ण वाद सं. 229/2025

**हिना परवीन बनाम फैसल**

हिना परवीन आयु करीब 24 वर्ष पत्नी फैसल पुत्री तरीकत हुसैन निवासी ग्राम गांगू नंगला, थाना हीमपुर, जिला बिजनौर

मो. 9759064799

पिन कोड 246729

**बनाम**

फैसल आयु करीब 28 वर्ष पुत्र इसरार नि. मौ. मौलवियान, मुल्लो वाली मस्जिद, कस्बा झालू, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर मो. 8218685284

पिन कोड 246728

धारा-144 बी.एन.एस.एस.

थाना-हीमपुर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 27.04.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जाएगा।

**नियत दिनांक:-27-04-2026**

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर।**

## INFORMATION

I hitherto known as Lallu singh & Ramfal R/o Gram Loharpura, Bashta, Bijnor, Uttar Pradesh, 246736, have changed my name and shall hereafter be known as IQBAL SINGH

## सूचना सम्बंध विच्छेद

मैं अकबरी अपने पुत्र फाजिल मलिक को उसके चाल चलन ठीक न होने व मुझसे बदतमीजी करते रहने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं व उसके किसी भी गलत कार्य करने व किसी अन्य व्यक्ति से लेनदेन करने की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अकबरी पत्नी स्व. बुन्दू निवासी ग्राम तारापुर, पोस्ट व थाना बढ़ापुर, जिला बिजनौर।**

**मोबाइल नम्बर:- 8650843591**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सलीम आवारा किस्म का व्यक्ति है, जो हमारे साथ गाली-गलौच व मारपीट करता है, समझाने पर सुनवा नहीं है। इसमें सलीम की पत्नी रोशन जहां भी उसका साथ देती है तथा सलीम अपनी पत्नी के माध्यम से मुझे झूंठे मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी देते है। मैंने तंग आकर उससे अपने सम्बंध समाप्त कर लिए है तथा तमाम चल व अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। अब मेरा व मेरे परिवार का सलीम व उसकी पत्नी रोशन जहां से कोई संबंध वास्ता नहीं रहा है और न ही हमारी किसी चल व अचल सम्पत्ति में उसका कोई हक रहेगा। इसके किसी भी कृत्य के लिए मैं जिम्मेदार नहीं हूं। **तहजीम पत्नी स्व. नसीम निवासी मौ. बुद्धूपाड़ा, कस्बा व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर।**

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी को जलाया

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी कलां निवासी तसलीम अहमद की गाड़ी उनके घर के बाहर खड़ी रहती है। मंगलवार रात लगभग करीब 12:30 बजे जब तसलीम अहमद का परिवार सोया हुआ था, तभी अचानक तेज धमाका हुआ। जिससे परिजनों की आंख खुल गई। जब उन्होंने नीचे आकर देखा, तो तसलीम अहमद की गाड़ी में आग लग रही है। परिजनों ने पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी में काफी नुकसान हो गया था। तसलीम अहमद ने अपने घर के बाहर लगे कैमरे चेक किए तब पता लगा कि गांव के ही रहने वाले जुबेर पुत्र इसरार ने अपने एक साथी के साथ मिलकर गाड़ी में आग लगाई है। इसके बाद तसलीम अहमद ने डायल 112 को फोन किया। बुधवार को तसलीम अहमद ने थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिजनौर।** गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बाबा अमरनाथ यात्रा का आयोजन अमरनाथ सेवा मंडल, शाखा बिजनौर के द्वारा किया जा रहा है। यात्रा के संयोजक एसके बबली एड. ने बताया कि यात्रा के लिए पंजीकरण 9 अप्रैल से शुरु हो रहे हैं। जो 12 अप्रैल तक चलेंगे। जिनके रजिस्ट्रेशन व मेडिकल होंगे वो भक्त ही यात्रा में जा पायेंगे। यात्रा 12 दिन की होगी जो नि:शुल्क होगी। यात्रा एक जुलाई से शुरु होगी। ऐसे भक्त जो अपने पास से भोलेनाथ के दर्शन नहीं कर पा रहे हैं, उनको हमारी संस्था के द्वारा फ्री यात्रा कराई जाएगी। एक एसी बस के द्वारा यह यात्रा सम्पन्न होगी जो मां शकुम्भरी देवी से शुरु होकर अमृतसर गोल्डन टैम्पल, वाघा बॉर्डर, बाबा अमरनाथ जम्मू कश्मीर में माता वैष्णा देवी, शिव खोड़ी, हिमाचल प्रदेश की पांचों देवी, भाखड़ा नांगल डेम, गुरुद्वरा पौंटा साहिब, हरिद्वार होते हुए पूर्ण होगी। यात्रा के संचालक नानक खेड़ा होंगे। यात्रा में विशेष सहयोग अखिल अग्रवाल मुरादाबादी ज्वैलर्स, शंकरलाल, सचिव अर्बन बैंक का भी रहेगा। एसके बबली एड. ने बताया कि जिनका रजिस्ट्रेशन व मेडिकल नहीं होगा वो यात्रा में शामिल नहीं हो पायेंगे। यात्रा 14-15 वर्षो से निरंतर चलती आ रही है। अब तक लगभग दो हजार भक्तों को नि:शुल्क दर्शन संस्था द्वारा जाए जा चुके हैं। यात्रा परप जाने के इच्छुक भक्त मोबाइल नंबर एसके बबली एड. 9412215930, नानक खेड़ा-9927281100, गौरव खेड़ा-9837097594, अखिल अग्रवाल- 9837033386 एवं शंकर लाल, मोबाइल नंबर 9412712650 पर संपर्क कर सकते हैं।

### स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (हिंद) के आह्वान पर एसडीओ कार्यालय पर स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। जबरन स्मार्ट मीटर न लगाए जाने को लेकर एसडीओ को ज्ञापन भी सौंपा गया। प्रदेश प्रवक्ता/ प्रभारी अकील अंसारी ने कहा कि किसी भी आमजन के यहां जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगाने दिया जाएगा। यदि जबरदस्ती किसी के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जाता है, तो हम उसका विरोध करेंगे और मौके पर घेराव करने से भी नहीं चूकेंगे। उन्होंने विद्युत अधिकारियों से कहा कि जबरदस्ती किसी भी उपभोक्ता के घर पर स्मार्ट मीटर न लगाया जाए। उन्होंने स्मार्ट मीटर के अंदर आ रही गड़बड़ी से अवगत कराते हुए कहा कि यह स्मार्ट मीटर सही नहीं है। धरना स्थल पर स्मार्ट मीटर पीड़ित तमाम उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर आए। जिन्होंने अधिक बिल, गलत बिल, एक-एक दिन के बिल बहुत बड़ी तादाद में निकल रहे हैं जिससे आम उपभोक्ता बहुत परेशान है। धरना स्थल पर वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीओ विद्युत को सौंपते हुए मांग की कि स्मार्ट मीटर पूरी तरह बंद किए जाएं। ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी साजिद अली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर आम जनता का शोषण करने नहीं दिया जाएगा। धरने की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आफताब और बबलू ने की। संचालन मेहंदी हसन ने किया। धरने पर मेघराज सिंह, लेखराज सिंह, ताहिर हुसैन, अबरार हुसैन, कयामुद्दीन, शाहिद हसन, वसीम अहमद, प्रभात यादव, फरमान शेख, सुल्तान शेख, मुजम्मिल, कालू प्रधान, इरशाद प्रधान, आफताब और टक्कर प्रधान मुबारकपुर, मुन्ना शेख, इनाम अंसारी, शहजाद हुसैन, दानिश अल्वी, कृष्ण कुमार सैनी, भीमसेन, डालचंद, मूलचंद, सलीम सैफी, लड्डन प्रधान आदि और बड़ी तादाद में किसान व आम जनता मौजूद रही।

# प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम

## सांसद चंद्रशेखर ने मृतक प्रशांत के परिजनों से की मुलाकात





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आसपा (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ग्राम हैजरपुर में मृतक प्रशांत सैनी के परिवार से मिले और उन्हें आश्वास्त करते कहा कि 72 घंटे में कार्रवाई न हुई, तो पीछे नहीं हटेंगे।

ग्राम हैजरपुर में प्रशांत सैनी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर नगीना सांसद एवं आसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद आज पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया और प्रशासन को 72 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे पीछे नहीं हटेंगे और न्याय की लड़ाई को और तेज किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रभारी आसपा मौहम्मद ताहिर, शेरबाज पठान व बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती का उर्स शुरू

## 97वां उर्स मुबारक शान ओ शौकत के साथ हुआ आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला पाईबाग स्थित नन्हें मियां दरगाह पर हजरत बाबा नन्हें मियां चिश्ती र.अ. का 97वां उर्स मुबारक बड़ी शानो शौकत के साथ हर साल की तरह इस साल भी बदस्तूर आयोजित किया गया।

बुधवार को उर्स का आगाज नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने फीता काटकर किया तथा अपनी जानिब से अकीदत की चादर पेश की। बाद नमाज ए मगरिब लंगर तकसीम किया गया। बाद नमाज व ईशा महफिल ए शमा प्रोग्राम का आगाज हुआ। जिसमें जफर यूनुस साबरी, शौकत अली राहती मंडावर, अरमान साबरी आदि कव्वालों ने अपना कलाम पेश किया। कव्वालों ने सूफियान कव्वालियों से महफिल में समां बांध दिया। इस मौके पर अजीम अख्तर, सूफी नजाकत अली, बाबा मौहम्मद हसन, डॉ. जुनैद अंसारी, इदरीस अब्बासी, अब्बास खलीफा, शरीफ अहमद उर्फ मन्नू खलीफा, कामरान अली अंसारी, शराफत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# मदरसा शिक्षकों का दर्द संसद तक पहुंचा

## 5 साल से वेतन नहीं मिला, सांसद चंद्रशेखर आजाद ने उठाई आवाज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश के मदरसा शिक्षकों की गंभीर समस्या अब संसद तक पहुंचने वाली है। नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के लगभग 22 हजार मदरसा शिक्षकों के पिछले पांच वर्षों से लंबित वेतन और योजनाओं की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

सांसद द्वारा लिखे गए इस पत्रा में बताया गया है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना, जो वर्ष 1993 से संचालित है, का उद्देश्य अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ना है। लेकिन वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है।



पत्रा में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2017 से 2022 तक का केंद्र सरकार द्वारा देय मानदेय (लगभग 12 हजार रुपये प्रतिमाह) आज तक शिक्षकों को प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला 3 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय भी लंबे समय से बकाया है।

सांसद ने अपने पत्र में यह भी बताया कि वेतन न मिलने के कारण हजारों मदरसा शिक्षक और उनके परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। कई शिक्षक कर्ज में डूब चुके हैं, तो कुछ मान. सिक तनाव का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि कुछ मामलों में असामयिक मृत्यु की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे उनके परिवारों की स्थिति और भी दयनीय हो गई है। उन्होंने इस स्थिति को न केवल मानवीय दृष्टिकोण से चिंताजनक बताया, बल्कि इसे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा करने वाला बताया। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र सरकार से मांग की है कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना को प्रभावी रूप से पुन: संचालित किया जाए, ताकि शिक्षकों को नियमित मानदेय मिल सके और योजना अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर सके। उन्होंने पत्र के माध्यम से यह भी आग्रह किया कि लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिल सके और शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिल सके। सांसद ने अपने पत्र में केंद्र सरकार से त्वरित और सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। अब देखना होगा कि सरकार इस गंभीर मुद्दे पर क्या कदम उठाती है, क्योंकि हजारों परिवारों की उम्मीदें इस निर्णय पर टिकी हुई हैं।

### बिल्किस बेगम व नवेद शम्सी के इंतकाल पर दुख

**नजीबाबाद।** नगर के मोटर मैकेनिक नसीम अहमद व तहसील के टाईपिस्ट शमीम अहमद की वालिदा बिल्किस बेगम (85 वर्ष) पत्नी मरहूम अब्दुल मलिक का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर काफी संख्या में शहर के लोगों ने उनके निवास मौहल्ला दरोदग्रान पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। उनका बुधवार को दोपहर जौहर की नमाज के बाद मोटाआम स्थित कब्रिस्तान पर दफीना किया गया। उनके पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., शहबाज खान, नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन खुर्शीद मंस. ूरी, फरहान खान, डॉ. एसएम परवेज, डॉ. सुहैल सिद्दीकी, नामित सभासद कलवा शेख मंस. ूरी, सभासद इरशाद अहमद, फफर हुसैन, कफील अहमद, खालिद अकील, इसरार अहमद एड., फराज आब्दी, शाहनवाज मंसूरी, खालिद मसूद, इसरार मुल्तानी, नौशाद अहमद, रिहान अहमद, शमशेर शेरू आदि ने शिरकत कर मरहूमा की मगफिरत के लिए दुआ की। उधर वार्ड 23 के सभासद खुर्रम अफजाल के भाई नवेद शम्सी का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर सभासदों के साथ नगर के गणमान्य लोगों ने दुख व्यक्त किया।

# 'कल्पवृक्ष-2026' समारोह का शुभारंभ

## हैंड एवं फेस पेंटिंग में छात्र सक्षम व छात्रा आकृति ने प्रथम स्थान पाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्थित वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में आज 17वां तीन दिवसीय 'कल्पवृक्ष-2026' समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी एवं प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह द्वारा फीता काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर किया गया।

कार्यक्रम 'कल्पवृक्ष-2026' समारोह की शुरूआत कॉलेज के छात्र रजनीश, अमित, विशाल, लवी, मौहम्मद जैद एवं धार्मवीर सिंह द्वारा लाई गई मशाल से ग्रुप के मेनेजिंग डॉयरेक्टर अभिषेक सिंह ने 'कल्पवृक्ष-2026' समारोह की अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, विनोद राठी, प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साक. ेंद्र प्रताप ने अपने वक्तव्य से सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

तीन दिवसीय क्रिक्रेट प्रतियोगिता के कोऑर्डिनेटर मौहम्मद बिलाल व मौहम्मद जुबैर ने आज प्रथम दिन का पहला मैच काजीपाड़ा और एमडीके क्लब के बीच खिलाया, जिसमें एमडीके क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 6 ओवर में 30 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें काजीपाड़ा ने मात्र 4.4 ओवर में आठ विकेट से लक्ष्य को हासिल किया। इसके उपरांत दूसरा मैच गजरौला टाइटंस और वीरा कॉलेज के बीच में खेला गया। जिसमें वीरा कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 45 रनों का



गजरौला टाइटंस को लक्ष्य दिया। जिसमें गजरौला टाइटंस ने 6 विकेट से जीत दर्ज की।

बॉलीबाल प्रतियोगिता के कोंडिनेटर नरदेव सिंह ने बताया कि पहला मैच कोतवाली क्लब और वीकेआईटी चैलेंजर के बीच खेला गया। जिसमें कोतवाली क्लब की टीम ने 24/18 से जीत हासिल की। इसके उपरांत द्वितीय मैच नहटौर और वीकेआईटी क्लब के बीच खेला गया। वीकेआईटी क्लब की टीम ने 25/22 से जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता के बाकी सभी मुकाबले कल खेले जाएंगे।

रंगोली प्रतियोगिता की कोंडिनेटर मिस तब्बसुम ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 9 ग्रुप ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान ग्रुप जी (अलाफिया, रूश्दा, आरिश, नूरीश एवं अल्शिफा) ने प्राप्त किया एवं ग्रुप। (दिया, नुजहद, लवि, नेहा एवं नम्रता) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कैरम प्रतियोगिता के कोंडिनेटर गाजी अब्बास ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 33 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र विकास कुमार राजकीय पॉलिटेक्निक बिजनौर ने प्रथम एवं छात्र साहिल वीकेआईटी बिजनौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

रेस प्रतियोगिता के कोंडिनेटर नितिन कुमार ने बताया कि 100 मीटर पुरुष वर्ग में छात्र आनंद कुमार एवं महिला वर्ग में छात्रा प्रियंका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर पुरुष वर्ग में छात्र विवेक राणा एवं महिला वर्ग में छात्रा एकता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिले रेस 400 मीटर में सुमित चौधरी ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

चैस प्रतियोगिता के कोंडिनेटर आकाश धीमान ने बताया कि 12 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान छात्र विवेक कुमार एवं द्वितीय स्थान छात्र अभिषेक कुमार ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में दीया व नुजहत ने प्रथम स्थान एवं कनक चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतियोगितों की श्रृंखला में एकल गायन में छात्र वंश वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने प्रथम स्थान एवं छात्र वेदांश वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैनवा पेंटिंग में छात्रा सुमायला ने प्रथम स्थान व हुमायरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हैंड एवं फेस पेंटिंग में छात्र सक्षम व छात्रा आकृति ने प्रथम स्थान व छात्रा रिमझिम और रक्तिमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वीकेआईटी ग्रुप आर्फ कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक अभिषेक सिंह ने सभी का आभार किया। विगत 16 वर्षो से महाविद्यालय अपने कैंपस में खेलों का आयोजन कराता रहा है। इन खेलों के आयोजन से विद्यार्थियों का अर्न्तमुखी व चहुंमुखी विकास होता है। इसलिए इस प्रकार के आयोजन अति आवश्यक हैं, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। वीकेआईटी ग्रुप ऑफ कॉलेजेस विद्यार्थियों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है।

'कल्पवृक्ष-2026' समारोह को सफल बनाने में डीन राजीव कुमार, रजिस्ट्रार अमित कुमार, विभागाध्यक्ष संदीप सिंह, मौहम्मद जाहिद, नागेंद्र सिंह, नरदेव सिंह, अमित चौधारी, बिरेंद्र, संसार सिंह, मौहम्मद बिलाल, गाजी अब्बास, नावेद, सचिन कुमार, मुनेश कुमार, साहिबा, सीमा, मानसी चौधरी, तबस्सुम, सलोनी, ज्योति, मिनाक्षी, रोहित कुमार, मौहम्मद जुबैर, मौहम्मद विशाल, असमा परवीन, शाहिस्ता, हिमांशी, नितिन कुमार, दीपक काकरान, गौरव कुमार, अरविंद कुमार, दीपक कुमार, आदि समस्त स्टाफ का भी सहयोग रहा।

## एक नजर

### धमकाने वाला दरोगा लाइन हाजिर

**नजीबाबाद।** ग्राम जटपुरा बोंडा में कंपोजिट शराब की दुकान को हटाए जाने के संबंध में महिलाओं ने एक सप्ताह पूर्व धरना प्रदर्शन किया था। महिलाओं का आरोप है कि ग्रामीण शराब पीकर गाली-गलौच करते हैं, खुले में शौच करते हैं। शराबियों के द्वारा महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी की जाती है। इस संबंध में महिलाओं के द्वारा एसडीएम को प्रार्थना-पत्र भी दिया गया था। इसी बात को लेकर हल्का दरोगा ने दो दिन पूर्व महिलाओं के घर पहुंचकर उन्हें धमकाया। उनको डराया गया कि उनका समूह बन्द करा दिया जाएगा तथा दोबारा से धरना प्रदर्शन करने पर देख-लेने की बात कही थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर एसपी ने संज्ञान लेते हुए मामले की जांच नजीबाबाद सीओ को सौंपी थी। सीओ की जांच रिपोर्ट के बाद एसपी ने मंडावली थाने के दरोगा देवपाल सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

### भाकियू का तहसील परिसर में धरना



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील अध्यक्ष नितिन राणा के नेतृत्व में तहसीलदार से मिलने हेतु सम्पर्क किया गया। तहसीलदार द्वारा किसानों से मिलने से मना करते हुए कहा गया कि मैं अभी बाहर हूं जबकि तहसीलदार अपने कोर्ट विश्राम केबिन में बैठे हुए है। इस बात को लेकर किसान यूनियन कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया औरकार्यकर्ता वहीं धरने पर बैठ गये। धरना स्थल पर नितिन राणा द्वारा बताया गया कि तहसीलदार का रवैया किसानों के प्रति ठीक नहीं है और वह किसानों से मिलने से भी बचते रहे हैं। धरने में जिला सचिव चौधरी हरीराज, जिला संगठन मंत्री महिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी,नगर अध्यक्ष आशिक उर्फ बब्बू शेख, रोहतास प्रधान, सुनील चौधरी, सुधांशु चौधरी तहसील महासचिव, राजीव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार, लवि शेख, राहुल चिकारा, बबलू प्रधान, अनिल सिद्धू, वीरपाल सिंह, यशवीर सिंह, हरवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, चौधरी कल्याण सिंह, मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ आदि शामिल रहे।

### किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**नजीबाबाद।** तहसील में किसान यूनियन महात्मा टिकैत की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद यूनियन पदाधिकारियों ने एसडीएम शैलेंद्र कुमार को विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में प्राइवेट स्कूलों में किताबों और ड्रेस के नाम पर हो रही मनमानी लूट को बंद करने की मांग की गई। इसके साथ ही, तहसील में दाखिल-खारिज के नाम पर किसानों के शोषण को रोकने और खसरा-खतौनी मिलने में आ रही परेशानियों को दूर करने की बात कही गई। यूनियन ने विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ता की सहमति के बिना प्रीपेड स्मार्ट मीटर न लगाने की मांग की। प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों को परेशान न करने और गैर-जरूरी जांच के नाम पर बाहरी लैबों द्वारा की जा रही लूट को बंद करने पर भी जोर दिया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में कुलदीप मौर, कपिल अहलावत, शहजाद मलिक, जितेंद्र हुड्डा, शादाब राजा, गुरजीत सिंह और रियाज सहित किसान यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम शुरू




**अफजलगढ़।** पीएचसी कासमपुरगढ़ी में महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. सर्वेश निराला और महिला चिकित्सक डॉ. ममता कर्णवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन सत्र के दौरान एक किशोरी को एचपीवी का टीका लगाया गया। इस बारे में पीएचसी प्रभारी ने बताया कि महिलाओं में गर्भाशय के मुंह के कैंसर की शुरुआत आमतौर पर 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों में होती है। इस टीकाकरण का उद्देश्य इसी आयु वर्ग की किशोरियों को बीमारी से बचाना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्यकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करेंगे। माता-पिता की सहमति मिलने पर, आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद 14 से 15 वर्ष की किशोरियों को सप्ताह के सभी कार्य दिवसों में पीएचसी पर टीका लगाया जाएगा। इस मौके पर प्रमोद शर्मा, नीरज कुमार, कल्याण सिंह, अमृता रानी, ज्योति रानी सहित कई अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### उत्तम शुगर मिल का पेराई सत्र समाप्त



**नांगल सोती।** कई दिन से नो केन की स्थिति के बाद उत्तम शुगर मिल का पेराई सत्र समाप्त हो गया। इस दौरान मिल ने 1.22 करोड़ कुंतल गन्ने की पेराई की। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष मिल ने 24 लाख कुंतल कम गन्ने की पेराई की। जिस कारण किसानों और मिल प्रशासन को करोड़ का नुकसान झेलना पड़ा। 1.22 करोड़ कुंतल गन्ने की पेराई करने के बाद उत्तम शुगर मिल का पेराई सत्र 2025-26 का समापन कर दिया गया। इस दौरान मिल ने 155 दिन पेराई की जो बीते पेराई सत्र 2024-25 की तुलना में 23 दिन कम रहा। बीते पेराई सत्र में मिल ने 1.46 करोड़ कुंतल गन्ने की पेराई की। इस पेराई सत्र में मिल ने लगभग 24 लाख कुंतल कम गन्ने की पेराई की। कम गन्ना उत्पादन के चलते मिल के किसानों और मिल को करोड़ों का नुकसान रहा।

# दिन में टी शर्ट रात को ओढ़ना पड़ रहा कम्बल

**0 रात में तापमान 16 डिग्री पहुंचा, अप्रैल माह में नवम्बर जैसी ठंड का अहसास**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर क्षेत्र में आंधी और बारिश से मौसम ने अजीब करवट ले ली। दिन में टी-शर्ट पहन रहे हैं और रात में कंबल की जरूरत पड़ रही है। गुरूवार को ऐसी भी स्थिति आई कि दोपहर में 27, शाम को तापमान 20 डिग्री हो गया। हवा इतनी ठंडी रही कि 18 डिग्री तापमान महसूस होने लगा। रात दो बजे तापमान 16 डिग्री तक पहुंच गया। लोगों ने कमरे में पंखे बंद कर दिए इस तरह लोगों ने अप्रैल में नवंबर जैसी ठंड का एहसास किया।

मौसम विभाग के अनुसार, आठ अप्रैल को नगर क्षेत्र का सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कम तापमान रहा। रात में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री पहुंचा, जो सामान्य से करीब तीन डिग्री कम है। बताते हैं कि यह सब पश्चिमी विक्षोभ का असर है। इसलिए बेमौसम बारिश और ठंड का असर देखने को मिल रहा है। हालांकि दो दिन बाद मौसम फिर बदलेगा। पूर्वानुमान है कि 10 अप्रैल तक बादल छाए रहेंगे। 11 से 14 अप्रैल के बीच मौसम साफ होगा और तापमान फिर 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा।

# सूने मकान को निशाना बनाकर चोर माल लेकर फरार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** चोरी की वारदातें बढ़ने लगी है। चोरों ने सूने घर को निशाना बना लिया। चोर लाखों का सामान चोरी कर फरार हो गए। थाना बहजोई क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर (खुर्जा) निवासी जाने आलम पुत्र नवाब जान परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। जब वह गांव स्थित अपने घर पहुंचे, तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। मौके पर देखा गया कि घर के अंदर रखा सामान पूरी तरह बिखरा पड़ा था। अलमारी और बक्सों को तोड़कर सामान खंगाला गया था, सूना पड़े मकान में चोरों ने सभी कीमती सामान समेट लिया। चोर घर से 6 जोड़ी कपड़े, अन्य घरेलू सामान लगभग 80 किलो पीतल और तांबा, करीब 250 ग्राम चांदी की पायल, एक सोने की लोंग

# आरटीई से चयनित बच्चों से लिया जा रहा पंजीकरण शुल्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** शिक्षा की दुकानें बन चुके निजि स्कूलों में आरटीई के तहत बच्चों को भी बख्शा नहीं जा रहा है। कुछ बस नहीं चल रहा तो पंजीकरण के नाम पर तीन सौ रूपये की वसूली की जा रही है। अब सवाल यह है कि जब आरटीई के तहत बच्चों का पंजीकरण हो चुका है तो फिर निजि स्कूलों में कौन से पंजीकरण कर बच्चों के अभिभावकों से पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा है।

# मंदिर तोड़कर मस्जिद बनानें का नहीं कोई सबूत: बर्क

**0आगरा में मुख्यमंत्री के बयान पर राजनीति गरमायी सपा सांसद का पलटवार**

शाह टाइम्स ब्यूरो



**सम्भल।** आगरा में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सम्भल में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने के बयान पर राजनीति गरमा गयी है। सपा सांसद ने मुख्यमंत्री के बयान पर पलटवार किया है। उन्होने मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का कोई सबूत नहीं होना कहकर मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोला है। सपा सांसद जियाउर्रहमान ने कहा कि किसी भी मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाने का आज तक कोई सबूत, कोई रिपोर्ट या रिसर्च सामने नहीं आई है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर कोई अधिकारिक रिपोर्ट है तो दें। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने मुख्यमंत्री के के दावों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए चुनौति देते हुए कहा कि यदि कोई आधिकारिक रिपोर्ट है तो उसे सार्वजनिक किया जाए। उन्होने कहा कि 500 साल पुराने इतिहास की बातें क्यों की जा रही हैं। बल्कि सरकार को आज के मुद्दों बेरोजगारी, महंगाई और अपराध पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव करीब आते ही इस तरह के बयान दिए जाते हैं। उन्होने 1976-78 के सम्भल दंगों को लेकर मुख्यमंत्री के बयान पर कहा कि ऐंसा कोई दंगा नहीं जहां सिर्फ एक वर्ग प्रभावित हुआ हो। हिंदू भी मरे हैं तो मुस्लिम भी मरे है। दंगा हमेशा दोनों को ही नुकसान पहुंचाता है। मुकदमों को वापस लेने के मामले पर उन्होंने कहा कि केस वापस लेने की प्रक्रिया हर सरकार में होती है और बीजेपी सरकार को भी अपने फैसलों पर जवाब देना चाहिए। सपा सांसद ने प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट का जिक्र करते हुए कहा कि 1991 में बने कानून प्लेस ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत 1947 से पहले के सभी धार्मिक स्थलों की स्थिति को बदलना कानूनन मना है। लेकिन इसके बाद भी इस कानून का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होने धर्म नहीं, विकास पर हो फोकस करने पर ज़ोर देते हुए कहा कि देश को धार्मिक विवादों में उलझाने के बजाय सरकार को बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य, कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर काम करना चाहिए।

# कांस्टेबिल से केन्द्रीय सचिवालय में अधिकारी बने रविकांत शर्मा

**02021 में पीएसी में कांस्टेबिल के पद पर चयन**

**02025 में सीजीएसटी सहायक अहमदबाद में पाई नौकरी**

**0 पद पर रहते केन्द्रीय सचिवालय में सहायक अनुभाग अधिकारी बने**

शाह टाइम्स,संवाददाता



**असमोली।** जनपद सम्भल के विकासखंड असमौली के ग्राम मलकपुर नवादा के किसान परिवार से जुड़े स्वर्गीय खेमकरण शर्मा उपर्फ लंबरदार के तीन पुत्रें में से पुत्र ब्रह्मानंद शर्मा एयरफोर्स में सैनिक थे। दूसरे नंबर के पुत्र परमानंद शर्मा के चार बहन भाइयों में से एक बेटा आर्मी में लांस नायक के पद पर मणिपुर में तैनात है एक बेटी आर्मी में व एक पुत्रि शिक्षामित्र व एक बेटा पिता के कार्य में किसानी में हाथ बढ़ाता है। जबकि तीसरे नंबर के बेटे दयानंद शर्मा के भी दो बेटे दो बेटियां हैं। जिसमें बड़ी बेटी उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर सीतापुर में तैनात है। जबकि उससे छोटा बेटा रविकांत शर्मा ने बचपन में नेकपुर में अपने पिताजी की ननिहाल में प्रेमराज शर्मा के यहां रह कर कक्षा 8 की पढ़ाई लिटिल फ्लॉवर्स अकादमी भवालपुर से पूरी की। उसके बाद सेंट एंथोनी स्कूल दुगावर असमोली से हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा 2016 में उत्तीर्ण कर रोशन सिंह चौहान स्मारक महाविद्यालय टांडा कोठी से ग्रेजुएशन की परीक्षा 2019 में पास की। शुरू से ही सरकारी नौकरी की ललक लिए निरंतर प्रयास से 2021 में पीएसी में कांस्टेबल पद पर चयन हो गया। उन्हे प्रयागराज में तैनाती मिली। लेकिन आगे बढ़ते रहने और उच्च अधिकारी का पद हासिल करने का प्रण लिये रविकांत शर्मा का कठिन परिश्रम के बाद 2025 में सी जी एसटी सहायक अहमदाबाद के पद पर चयन हो गया। नौकरी के साथ-साथ पढ़ाई में ध्यान लगाये रहकर आगे बढ़ रहे रविकांत शर्मा ने फिर से सी जी एल की परीक्षा दी। परीक्षा के परिणाम में उनका सीजीएल में 1907 वी रैंक लाकर सहायक अनुभाग अधिकारी, केंद्रीय सचिवालय के लिए चयन हो गया। रविकांत के केन्द्रीय सचिवालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर चयन होते ही रविकांत शर्मा की माता शारदा देवी का कहना है हमारा बेटा समाज के लिए देश के लिए सदा उत्कृष्ट कार्य कर देश की सेवा करता रहेगा।



सम्भल- मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में नई शिक्षा नीति पर चर्चा करते।

# भाजपा नगर कार्यकारिणी ने दायित्वों के निर्वहन का लिया संकल्प

**0पहली बैठक मेंसंगठन को मजबूत करने पर ज़ोर**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** नगर भारतीय जनता पार्टी नगर की कार्यकारिणी गठन के बाद पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के जिला पदाधिकारी, नामित सभासद और नवगठित नगर इकाई के सभी पदाधिकारियों ने अपने दायित्व का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

कोट पूर्वी स्थित नगर अध्यक्ष एड. कशिश कौशल के आवास पर भारतीय जनता पार्टी नगर की टीम के गठन के बाद पहली परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में इस दौरान सभी पदाधिकारीयों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि नवगठित इकाई संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगी। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की राष्ट्रवादी चिंतन और वैचारिक प्रेरणा से बनी भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत दिलाना है। पार्टी की ओर से आने वाले अभियानों में यह इकाई अपने दायित्व का निर्वहन करेगी साथ ही केंद्र और राज्य की समस्त योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेगी। नगर अध्यक्ष कशिश कौशल एडवोकेट ने कहा कि नवगठित नगर इकाई अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए आगामी कार्यक्रमों का पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगी और संगठन को मजबूत करने का काम करेगी। बैठक में आगामी 11-12 अप्रैल को होने वाले प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर अर्जुन वाल्मीकि, दिनेश कुमार जाटव, जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता, नामित सभासद गोपाल शर्मा, शोभित गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता,नगर महामंत्री सुनील राजपूत, कैलाश चंद गुप्ता, हर्षित शर्मा हनी, प्रभात सर्राफ,निधि शर्मा, भीकम सिंह, सतीश कुमार जाटव, विवेक तोमर, अरविंद प्रजापति, दीपक शर्मा, पूनम पवार, राजवीर सिंह, सजन श्रीमाली, अर्पित सक्सेना, संजीव दिवाकर, प्रेम शंकर, मनी अरोड़ा, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।



सम्भल- भाजपा नगर कार्यकारिणी की पहली बैठक में बोलते राजेश सिंहल।

# महिला शक्ति संगठन गरीब कन्या के विवाह में करेगी सहयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला शक्ति सांगठन के तत्वावधान में कल आज हयात नगर स्थित शिव मंदिर में एक जरूरतमंद कन्या की शादी में सहयोग किया जायेगा।

# दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड से भूड़ा बेगमपुर की बेटी बनी अध्यापक

शाह टाइम्स, संवाददाता



**असमोली।** कुछ बनने की ललक और सपना हो तो पंख लग ही जाते हैं। ऐंसा ही चरित्रार्थ किया भूड़ा बेगमपुर की बेटी ने। ऐंसा ही शुरू से ही मेधावी और गांव में रहकर शिक्षा दीक्षा हासिल कर अध्यापक बनने का सपना लिए रवीना का दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड से अध्यापक के पद पर चयन हो गया। उनके चयनित होने पर परिवार और गांव में खुशी का माहौल है।

विकासखंड असमोली के ग्राम भूड़ा बेगमपुर निवासी रवीना पुत्री हाजी शौकीन अहमद शुरू से ही मेधावी रही है। गांव में ही रहकर पढ़ाई कर रहीं रवीना ने बर्ष 2025 की जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण की और साथ ही साथ अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में पीएचडी उर्दू के लिए भी उनका एडमिशन हो गया। लेकिन इसी के साथ उन्होने टीजीटी की परीक्षा भी देकर दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा सीएमश्री स्कूल दिल्ली में उर्दू अध्यापक के पद पर चयनित होकर न केवल अपने सपने को साकार किया बल्कि परिजनों का सपना भी पूरा किया। रवीना ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई यूपी बोर्ड तथा बी.ए हाशमी डिग्री कॉलेज अमरोहा तथा बी.एड का अध्यन रोशन सिंह चौहान डिग्री कॉलेज टांडा असमोली से की। बचपन से ही अध्यापक बनने के इस दृढ़ निश्चय को लेकर आगे बढ़ रही रवीना ने सीएमश्री सर्वोदय बालिका विद्यालय में उप प्रधानाचार्य द्वारा अध्यापिका के रूप मे कार्य भार ग्रहण किया तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी शुभकामनायें देने के साथ भविष्य में हर समय किसी भी सकारात्मक परिस्थिति में साथ देने का भरोसा दिलाया।

# मिट्टी, जल, वायु, अग्नि आकाश तत्व नहीं जीवन का आधार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एक दिवशीय कार्यशाला में मुख्य वक्ता डा. राकेश निहाल सचिव गो संवर्धन आश्रम मोकलावास जोधपुर ने कहा कि यह केवल एक बैठक नहीं है, बल्कि एक ऐसा अवसर है जहाँ से हम समस्याओं का समन्वित समाधान निकाल सकते हैं। उन्होने कहा कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है परस्पर पूरकता म्यूचुअल इंटरग्रेशन प्रख्रति के पंचमहाभूतों का शोधन पंचमहाभूत मिट्टी, जल, वायु, अग्नि और आकाश ये केवल तत्व नहीं हैं, बल्कि हमारे जीवन का आधार हैं। यदि इनका संतुलन बिगड़ता है, तो समाज, स्वास्थ्य और पर्यावरण सब प्रभावित होते हैं। उन्होने बताया कि यज्ञ आधारित पर्यावरण शुद्दि हमारे श्रृषियों ने यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वैज्ञानिक प्रक्रिया बताया है। प्रत्येक अमावस्या और पूर्णिमा को मंदिर, गौशाला और सार्वजनिक स्थानों पर यज्ञ आयोजन सामग्री गोबर, घी, औषधीय लकड़ियाँ यज्ञ की राख का जल में प्रयोग जल शुद्दिकरण इससे वायु शुद्दि, वर्षा संतुलन और रोग नियंत्रण में सहायता मिलती है।

# नई शिक्षा नीति के सफल क्रियानव्यन के लिए सभी का सहयोग ज़रूरी: मुशीर

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में नई शिक्षा नीति 2023 को प्रभावी रूप से लागू करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने पर विशेष ज़ोर दिया गया।

विद्यालय परिसर में संपन्न हुई बैठक में नई शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों और उनके व्यावहारिक क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने कहा कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उनके कौशल, रचनात्मकता और समग्र विकास पर ध्यान देना है। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे नई शिक्षण विधियों को अपनाकर छात्रों को अधिक सस्कूल के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने विद्यालय में आवश्यक संसाधनों, प्रशिक्षण और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। निर्देशिका शबाना कोसर ने कहा कि यह नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देती है। उन्होंने शिक्षकों को नई प्रणाली के अनुरूप खुद को तैयार करने और विद्यार्थियों को भविष्य के लिए सक्षम बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान मूल्यांकन प्रणाली, कौशल आधाारित शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, तथा सह-शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि शिक्षकों के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे नई शिक्षा नीति के अनुरूप अपनी कार्यशैली को विकसित कर सकें। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से छात्रों के शैक्षिक स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा और वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे।

# महर्षि कशयप की भव्य शोभायात्रा निकाली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महर्षि कश्यप एवं भगवान निषादराज जी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन ग्राम आलमपुर में बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रृद्वा के साथ सम्पन्न हुआ। शोभायात्रा ग्राम आलमपुर से प्रारंभ विभिन्न स्थानों का भ्रमण करती हुई सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में क्षेत्र के श्रृद्वालुओं एवं सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे मार्ग में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के पुत्र एवं पूर्व सांसद प्रवीण निषाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इसके अलावा निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व्यास मुनि निषाद तथा एससी-एसटी आयोग्य के सदस्य रविंद्र मणि निषाद भी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर हरिाम प्रधान, सौरभ, श्रृषि, नौरंगी, शिवम आदि मौजूद रहे।

# संक्रमण से बचाव को एचपीवी टीकाकरण कराएं ज़रूरी

**0जिला अस्पताल में पांच किशोरियों ने किया शुभारम्भ**

**0जिलाधिकारी ने कहा मृत्यु दर घटाने को टीकाकरण मील का पत्थर होगा साबित**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** देशव्यापी अभियान के साथ जनपद ने भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत हो गयी है। मिशन शक्ति के तहत पॉच किशोरियों ने इसका शुभारम्भ किया।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में मिशन शक्ति के अर्न्तगत पाँच किशोरियां पलाक्षी गुप्ता, आराध्या रस्तौगी, कनिष्का रस्तौगी, अक्सा रईस, अलिशबा एचपीवी टीकाकरण का शुभारम्भ किया। प्रथम दिवस पर 18 किशोरियों का टीकाकरण किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया कहा कि यह देशव्यापी अभियान एचपीवी संक्रमण के बोझ को कम करने और इससे होने वाली मृत्यु दर को घटाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह टीका अब तक 160 देशों में 50 करोड़ को लगाया जा चुका है ये टीका बाजार में लगभग 04 हजार रूपये का है जो कि आम आदमी के लिये काफी महंगा है। यह पहल न केवल स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाती है, बल्कि भारत सरकार के कैंसर मुक्त भविष्य के संकल्प को भी मजबूती प्रदान करती है। टीकाकरण के उपरान्त सभी किशोरियों को डिजिटल वैक्सीनैशन प्रमाण पत्र प्रदान किये गयें। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी/निजी विद्यालयों/मदरसो एवं स्कूल न जाने वाली किशोरियों जिनकी आयु 14 से 15 वर्ष के मध्य है को यह टीका लगाया जाने की अपील की। साथ ही शिक्षकों से स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करने पर ज़ोर दिया। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम आईसीएमआर 2024 के डेटा के अनुसार, देश में साल भर में कैंसर के करीब 78 हजार नए मामले सामने आए और 42 हजार से अधिक महिलाओं ने अपनी जान गँवा दी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है। कार्यक्रम में सीएमओ डा. तरूण पाठक ने किशोरियों के स्वास्थ्य के लिए एचपीवी टीके के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि सही समय पर टीकाकरण भविष्य में गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है। जिसे एक छोटी सी वैक्सीन से रोका जा सकता है। उन्होंने ओपीडी में आने वाले हर माता-पिता को इस वैक्सीन के लिए प्रोत्साहित करने को निर्देशित किया। यदि किसी अभिभावक के मन में कोई शंका है, तो उसे वैज्ञानिक तथ्यों के साथ दूर करें। उन्होंने इस इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाने पर जोर दिया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई नें बताया कि तक जनपद सम्भल में लगभग 27 हजार 01 सौ तेरेपन किशोरियों को एचपीवी का टीका लगाये जाने का लक्ष्य है। डा. राजेन्द्र सिंह ,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,जिला संयुक्त चिकित्सालय ने एचपीवी संक्रमण के खतरों और उससे बचाव में वैक्सीन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर डा. अजफर कमाल, डा. मनमोहन शर्मा, संजीव राठौर, डा. सुनील त्यागी, शमशीर आलम, सुरजीत कुमार,फैजान अली, किरनवाल, पारूल गुप्ता आदि मौजूद रहे।



सम्भल- इंसानियत जन सेवा ट्रस्ट के गरीब कन्या की शादी कार्यक्रम में बोलती निदा अहमद।

## एक नज़र इधर भी

### संचारी रोग से बचाव को छात्राओं ने किया कविता पाठ से जागरूक

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में संचारी रोग से संबंधित गतिविधि में संचारी रोग से बचाव को छात्राओं को समझाया गया। उनको कविता पाठ के माध्यम से भी जागरूक किया। विद्यालय की नोडल शिक्षिका मीनाक्षी ने संचारी रोग परिभाषित किया। प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने प्रार्थना सभा में साफ-सफाई का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू हो गया है जबकि 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान शुरू होगा। जिसका उद्देश्य बुखार जैसी बीमारियों पर लगाम लगाना है। सफाई, एंटी-लार्वा छिड़काव और घर-घर जागरूकता के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका, पंचायती राज, शिक्षा विभाग समेत सभी विभाग आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं। जागरूकता रैलियां और प्रचार-प्रसार के माध्यम से आम नागरिकों को इन बीमारियों से बचाव के उपाय बताए जाएंगे। इस दौरान शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं।



बबराला- डोर टू डोर कचरा संग्रहण से प्रथक्करण करते कर्मचारी।

### बढ़ाएं हाथ करें सफाई साथ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर पंचायत एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड 10, शिवपुरी में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की मॉनिटरिंग की गई।

आईटीसी के कॉर्डिनेटर करन सिंह इस दौरान गीले और सूखे कचरे का पृथक संग्रहण सुनिश्चित पाया गया। गीले कचरे का निस्तारण कम्युनिटी कंपोस्टर में कर जैविक खाद तैयार की जा रही है, जबकि सूखे कचरे को एमआरएफ सेंटर के माध्यम से वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधित किया जा रहा है। स्रोत पर कचरा पृथक्करण अपनाएँ और स्वच्छ बबराला के निर्माण में सहभागी बनें। इस दौरान सफाई कर्मी मौजूद रहे।

### शराब के नशे में जेठ ने महिला को पीटा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** थाना क्षेत्र के गांव केवलपुर तिपेड़ा निवासी पुष्पा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रात करीब आठ बजे वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके जेट शराब के नशे में वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगे। विरोध किया तो वह आगबबूला हो गए और डंडा उठाकर उस पर हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोपित ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# सरसों तेल, रिफाइंड व पॉम ऑयल मेंहगे होने से बिगड़ा रसोई का ज़ायका

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** खाद्य तेलों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है। रिफाइंड और पॉम ऑयल के दामों में तेजी थमने का नाम नहीं ले रही है। एक महीने में दामों में 10 रुपये तक की वृद्धि हुई है। बाजार में रिफाइंड तेल की कीमत 170 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच चुकी है, वहीं पॉम ऑयल भी 160 रुपये प्रति किलो से अधिक में बिक रहा है। वही सरसों के तेल ने भी आंखें तरेरनी शुरू कर दी है,वह भी 165,170 किलो पर बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ने और आयात पर निर्भरता के चलते स्थानीय स्तर पर भी कीमतों में असर देखने को मिल रहा है। रिफाइंड तेल के लिए सोयाबीन मुख्य रूप से अर्जेंटीना और शिकागो से आता है, जबकि पॉम ऑयल की आपूर्ति मलयेशिया और इंडोनेशिया से होती है।

इन देशों में युद्ध के चलते उत्पादन, निर्यात नीतियों और वैश्विक परिस्थितियों का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ता है। लगातार बढ़ती कीमतों के चलते आम उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ गई है और लोग सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। विक्रेता राकेश वार्ष्णेय व प्रशान्त वार्ष्णेय ने बताया कि पिछले कुछ समय से तेलों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। ग्राहक पहले जितना तेल लेते थे, अब कम मात्रा में खरीद रहे हैं। इससे बिक्री पर भी असर पड़ रहा है। आने वाले समय में दाम और बढ़ सकते हैं। विक्रेता संजीव अग्रवाल ने बताया कि बाहर से ही माल महंगा आ रहा है। थोक बाजार में ही कीमतें बढ़ी हुई मिल रही हैं, जिसके कारण खुदरा में भी दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं। अभी हालात ऐसे ही रहे तो आने वाले दिनों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

# मनोज कुमार रावत होंगे जिले में एएसपी दक्षिणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद में मनोज कुमार रावत नए अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) होंगे। उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं, जो अपनी कड़ी मेहनत से कांस्टेबल से आईपीएस बने हैं।वर्तमान में उन्हें गोंडा से हटाकर सम्भल में अपर पुलिस अधीक्षक एएसपी दक्षिणी के पद पर तैनात किया गया है। वे मूल रूप से राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं।

# कोर्स विक्रेता दुकानदार कर रहे हदों को पार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जहां कोर्स और फीस को लेकर स्कूलों में मनमानी के आरोप लग रहे हैं वहीं कोर्सइ विक्रेता दुकानदार भी हदों को पार कर रहे है। मेहंगे कोर्सो की बिक्री के साथ कॉपियों पर भी जमकर लूट मचा रखी हैं। तहसीलरोड स्थित एक दुकानदार तो सभी हदों को पार कर रहा है। मेंहगी किताबें बेचने के साथ कई स्कूलों का कोर्स उसने ले रखा हैं कोर्स के साथ वह मेंहगी कॉपियां भी बेचकर अभिभावकों का जमकर शोषण कर रहा है। दस से बीस रूपये में मिलने वाली कॉपी को वह दोगुने रोट बीस वाली चालीस और चालीस वाली अस्सी रूपये में बेचकर अभिभावकों की जेब पर बोझ बना हुआ है। प्रशासन को इस दुकानदार पर भी अपनी नजर बनानी चाहिए।

# इंसानियत जनसेवा सहारा ट्रस्ट की पहल समाज में मानवता की मिसाल

**0गरीब युवक-युवती का बिन दहेज कराया निकाह**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट के तत्वावधान में सराहनीय पहल करते हुए गरीब युवक युवती का निःशुल्क निकाह कराकर समाज में मिसाल पेश की।

उप नगरी सराय तरीन के मौहल्ला नवादा क्षेत्र स्थित माली बगिया के पास, नवाब गार्डन के सामने गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे एक गरीब युवक-युवती का सादगीपूर्ण निकाह सम्पन्न कराया गया। इस पुण्य कार्य को इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। जो लगातार जरूरतमंदों की मदद और निःशुल्क शादियां कराने का बीड़ा उठाए हुए है। निकाह के मौके पर मुख्य अतिथि निदा अहमद और दीपा बाष्णेय सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिरकत की और नवविवाहित जोड़ को आशीर्वाद दिया।इस निकाह की खास बात यह रही कि शादी पूरी तरह बिना दहेज के सम्पन्न कराई गई, जिससे समाज को एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया। जबकि इंसानियत जन सेवा सहारा ट्रस्ट की यह पहल समाज में भाईचारे और मानवता की मिसाल बनती नजर आ रही है।

# घरेलू विवाद से आहत युवक ने उठाया खौफनाक कदम, कीटनाशक पीकर की जान देने की कोशिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र स्थित एकता कॉलोनी, मंडी समिति में गुरुवार सुबह एक युवक द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, हेमंत चाहल नामक युवक ने घरेलू तनाव से परेशान होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया।



बताया जा रहा है कि हेमंत एक फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। गुरुवार सुबह घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई। इस घटना से आहत होकर युवक ने गुस्से और मानसिक तनाव में यह खतरनाक कदम उठा लिया।जैसे ही परिजनों को उसकी हालत बिगड़ने का अंदेशा हुआ, वे तुरंत उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां मौजूद डॉक्टरों ने बिना देर किए उपचार शुरू किया। समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है और वह चिकित्सकों की निगरानी में है।घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि छोटी-छोटी पारिवा. रिक बातों को गंभीर रूप लेने से पहले ही सुलझा लेना चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।फिलहाल युवक की हालत स्थिर बताई जा रही है और परिवार के लोग उसके जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद कर रहे हैं। यह घटना एक बार फिर घरेलू कलह के दुष्परिणामों की ओर ध्यान आकर्षित करती है।

# मंडलायुक्त ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणो की समस्याएं गोशाला का निरीक्षण कर किया खेल के मैदान का उद्घाटन

**कांठ( शाह टाइम्स )** मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने आज छजलैट ब्लॉक की ग्राम पंचायत गढी में ग्राम चौपाल का




आयोजन किया। जिसका शुभारंभ स्कूल के बच्चों द्वारा गाए स्वागत गान से हुआ 7:00 बजे शुरू हुई चौपाल लगभग 3 घंटे चली चौपाल में मंडल आयुक्त ने ग्रामीणों से पुराने जमाने का रहन-सहन खान पान और शादी विवाह की रस्मों के बारे में विस्तार से चर्चा की। हिंदू मुस्लिम समुदायों के त्योहारों के बारे में विस्तार से जाना गांव के भूभाग और पुराने तालाब कुंओ के बारे में जानकारी ली उम्रदराज लोगों से उन्होंने काफी बात की और इसके साथ-साथ स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए। ज्यादा समस्या विद्युत विभाग की आने के कारण उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि शिविर लगाकर इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल पर खुशी का इजहार किया इसके बाद कमिश्नर प्रधान पति लालू के साथ पंचायत घर पहुंचे और वहां पर उन्होंने भवन का शुभारंभ कराया। ग्राम चौपाल में तहस. ीलदार एसडीएम वीडियो विद्युत विभाग आपूर्ति खंड शिक्षा अधिकारी आदि कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि मंडल आयुक्त बड़ी आबादी वाले गांव का गजेटियर तैयार करा रहे हैं इसके बाद वह सादकपुर खिचड़ी की गौशाला पहुंचे और गौशाला का निरीक्षण कर उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश दिए। अंत में हरीनूरपुर पहुंचकर उन्होंने वहां बनाए गए खेल के मैदान का उद्घाटन किया और व्यवस्था पर खुशी का इजहार किया।

## एक नजर

### अंबेडकर जयंती को लेकर थाने में पीस कमेटी की बैठक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पर होने वाले धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सफलता को लेकर आज थाना कांठ में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आए एसडीएम संत दास पवार और पुलिस क्षेत्राधिकारी ने लोगों से प्रेम और सौहार्द के साथ अंबेडकर जयंती मनाने का आह्वान किया। उन्होंने अलग-अलग गांव की अंबेडकर कमेटी के लोगों से जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली और कहा कि किसी भी परेशानी के लिए वह उन्हें अवगत करा सकते हैं। ग्रामीणों ने अपने-अपने गांव में होने वाले कार्यक्रमों को विस्तार से प्रशासन को बताया शोभायात्रा के रूट की जानकारी दी एवं धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समय के बारे



में बताया इसके साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्यो ने सभी को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम और सौहार्द के साथ मिलजुल कर पर्व मनाने का आह्वान किया। कमेटी के लोगों ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान नीला गुलाल एक दूसरे को लगाकर शुभकामनाएं देते हैं और किसी अन्य समाज के व्यक्तियों पर गुलाल नहीं फेंका जाता इसलिए हमारे यहां किसी भी तरह का त्योहार पर कोई तनाव नहीं होता है। बैठक को कुंवर सुरेंद्र सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम अंसारी आरिफ मलिक जुल्फिकार ठेकेदार सत्यवान सिंह राजपूत भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह प्रजापति ओमप्रकाश बौद्ध अंकुश चौहान सहित अन्य काफी लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस एवं पत्रकार मौजूद रहे।

### प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध में तहसीलदार और एसडीएम से मिले उपभोक्ता, कहा ना बदले उनका बिजली का मीटर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिजली विभाग द्वारा जबरदस्ती चलते हुए मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के विरोध के बाद आज उपभोक्ता तहसीलदार और एसडीएम से मिले और इस पर रोक लगाए जाने की मांग उठाई। बतादे कि बुधवार को विद्युत विभाग की टीम महमूदपुर माफी गांव में चलते हुए मीटर हटाकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए गई थी जहां पर उपभोक्ताओं ने टीम का विरोध किया एसडीओ और एक्सियन ने विरोध बढ़ता देख पुलिस को बुला लिया। लेकिन ग्रामीण मीटर लगवाने के लिए तैयार नहीं हुए ग्रामीणों का कहना था कि वह पढ़े लिखे लोग न होने के कारण ना तो वह मीटर को रिचार्ज कर सकते हैं और ना ही रिचार्ज करने के लिए हर समय उनके



पास पैसा रहता है उन्होंने कहा कि हमारे मीटर ठीक चल रहे हैं इन्हें ही चलने दिया जाए और जैसे बिल मिल रहा है उसी हिसाब से उन्हें बिल प्राप्त हो। विरोध बढ़ता देख बिजली विभाग की टीम वापस आ गई थी लेकिन आज महमूदपुर माफी गांव के विद्युत उपभोक्ता तहसील जाकर पहले तहसीलदार राज. कुमार सिंह से मिले और उन्हें अपनी समस्या बताई तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों को इस संबंध में लिखकर दिए जाने की उन्हें सलाह दी बाद में ग्रामीण प्रार्थना पत्र के साथ एसडीएम संत दास पवार से मिले और उन्हें अपनी परेशानी से अबगत कराया। उपभोक्ताओं का कहना था की इस समस्या को लेकर लोकसभा में भी प्रश्न उठाए जा चुके हैं और विद्युत मंत्री ने खुद उपभोक्ता की मर्जी पर छोड़ा है कि वह प्रीपेड मीटर चलाना चाहता है या पोस्टपेड लेकिन एसडीएम ने इस तरह के किसी भी जिओ के मिलने से इनकार करते हुए कहा कि फिलहाल तो सरकारी आदेश स्मार्ट मीटर लगाने का आया हुआ है और उसी के तहत विभाग यह कार्रवाई कर रहा है यह जरूर उपभोक्ता की इच्छा पर निर्भर है कि वह स्मार्ट मीटर से प्रीपेड या पोस्टपेड सेवा लेना चाहता है एसडीएम की बात सुनकर उपभोक्ताओं को धक्का लगा और उन्होंने सोशल मीडिया पर निरंतर आ रहे बयानों को लेकर भी नाराजगी जताई उन्होंने कहा कि उपभोक्ता को सही जानकारी न मिलने के कारण यह विसंगति पैदा हो रही है उपभोक्ताओं ने अब भारतीय किसान यूनियन के समक्ष अपनी परेशानी रखने की बात कही है।

# मई में होगी किसान मजदूर महापंचायत, भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में लिया निर्णय

## अधिकारियों पर शिकायतों के निस्तारण नहीं करने, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप, कोतवाली और ट्रैफिक पुलिस लगी है लूटने में, महापंचायत में आएंगे राकेश टिकैत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक में मई माह में रेलवे लाइन के किनारे दिल्ली की तर्ज पर अनिश्चितकालीन महापंचायत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि मुरादाबाद जनपद को केंद्र बिंदु मानकर पूरे प्रदेश की समस्याओं को इस महा पंचायत में उठाया जाएगा जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत भी शामिल होंगे यह महापंचायत तब तक जारी रहेगी जब तक की हमारी समस्याओं का सम्मानजनक समाधान नहीं हो जाता उन्होंने कहा कि प्रमुख समस्या है-अधिकारी किसानों की समस्याओं के समाधान में रुचि नहीं ले रहे हैं शिकायतों को दबा दिया जाता है थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार चरम पर है भला आदमी थाने में घुसने से डरता है कि उसे अपमान का सामना करना पड़ेगा पुलिस पैसे लेकर झूठी एफआईआर लिखती है और जांच के नाम पर नाम निकालने के नाम पर किसानों का क्षेत्रवासियों का शोषण कर रही है उन्होंने कहा कि इस महापंचायत का उद्देश्य अधिकारियों की कार्यशैली को सुधरवाना है क्योंकि अधिकारी ही समस्याओं को लटकाए रखते हैं उनका निस्तारण करना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस हो या थाना पुलिस, इनमें जनता



को लूटने की होड़ सी लगी हुई है कि किसने ज्यादा रुपए कमाए इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। नलकूपों की जो विद्युत लाइनें सरकार ने अलग से बनवाई हैं वह काफी जर्जर हैं 10 घंटे में दो-तीन घंटे ही बिजली मिल पाती है वह भी टुकड़ों में। ग्रामों के संपर्क मार्ग टूटे पड़े हैं जल जीवन मिशन के अंतर्गत खोदे गए रास्ते पर लोग ठोकरें खाकर गिर रहे हैं कोई सुधार नहीं किया जा रहा शिकायतों को अधिकारी दबाकर बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की मनमानी से जनता परेशान है इस मनमानी को सुधार कराना ही इस महापंचायत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि किसान मजदूर महा पंचायत होगी इसमें पूरी यूपी के किसान शामिल होंगे। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि बिलारी 1980 से पहले से किसान आंदोलन का केंद्र बिंदु रही है। महापंचायत होगी और सभी कार्यकर्ता इसको सफल बनाने में जी जान से जुटेंगे। तहसील अध्यक्ष रणवीर सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी प्रेमपाल सिंह बिलारी के अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारी रंजीत यादव देशराज सिंह यादव अनीस अहमद महेश यादव रामवीर सिंह यादव अमित चौधरी भानु यादव आदि अनेक लोगों ने अपने विचार रखें

# स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विरोध ने पकड़ी रफ्तार, जन संसद समिति के नेतृत्व में तीसरे चरण का आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के अध्यक्ष नोमान जमाल द्वारा उठाए गए इस मुद्दे को हाल ही में आयोजित जन संसद बिलारी में प्रमुखता से रखा गया, जिसके बाद नगर और देहात क्षेत्रों से जुड़े सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और किसान यूनियनों के प्रतिनिधियों ने आंदोलन का समर्थन किया। इसी के साथ जन संसद समिति का गठन हुआ और आंदोलन अब अपने तीसरे चरण में पहुंच गया है। गुरुवार की शाम एसडीओ बिलारी, जेई विद्युत और मीटर लगाने वाली टीम की मौजूदगी में जनता और अधिकारियों के बीच संवाद बैठक हुई, जिसमें स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी लोगों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कई उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आंदोलन के संयोजक नोमान जमाल ने बताया



कि जनदबाव के चलते विद्युत विभाग बिलारी ने उपभोक्ताओं की तत्काल सहायता के लिए मोबाइल हेल्पलाइन नंबर 6395417402 जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि मीटिंग के दौरान कई लोगों की गलत बिलिंग, बैलेंस कटौती और तकनीकी समस्याओं को तुरंत ठीक कराया गया। समिति के सदस्यों ने स्पष्ट कहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था आम जनता के हित में नहीं है और यह आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। समिति का कहना है कि जब तक प्रीपेड मीटरों को वापस पोस्टपेड व्यवस्था में नहीं बदला जाता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। संवाद के दौरान सबसे महत्वपूर्ण मामला उस समय सामने आया जब एक हादसे में दोनों टांगे गंवा चुके मौ. नकी ने शपथपत्र सौंपकर अपने प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में बदलने की मांग की। उनका कहना है कि यह मीटर उनकी इच्छा के विरुद्ध लगाया गया है और वह अपनी शारीरिक स्थिति के चलते प्रीपेड व्यवस्था को नहीं झेल सकते। इसके अलावा अलंकर गुप्ता, मौ. सकीर, सखावत हुसैन, दीपक कुमार और तौफीक अहमद सहित अन्य लोगों ने भी अपने-अपने शिकायत पत्र सौंपे। बैठक के दौरान समिति से जुड़े ग्रामीण और सदस्य विरोध में पोस्टर लिए हुए थे, जिन पर "पुरानी पोस्टपेड व्यवस्था बहाल करो" और "स्मार्ट प्रीपेड मीटर मुर्दाबाद" जैसे नारे लिखे हुए थे। समिति के सरपरस्त डॉ. राकेश रफीक, फैसल रजा, भयराज सिंह, डॉ. जितेंद्र दक्ष, अनिल ठाकुर, आशु बालियां और बबलू मसूदी ने अपने वक्तव्यों में कहा कि प्रीपेड मीटर जनता में असंतोष फैला रहे हैं और समिति इस व्यवस्था को नकारती है। एसडीओ अवधेश कुमार ने बैठक में आश्वासन दिया कि प्राप्त शिकायतों को सक्षम अधिकारियों तक भेजा जाएगा और प्रीपेड मीटर से संबंधित समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा।

कार्यक्रम में जसवीर सिंह, सभासद हप्पू राजा, कासिम अंसारी, जीशान पाशा, कलीम नूरी, रंजीत यादव, दिनेश कुमार शर्मा, योगेश चौधरी, हरेन्द्र सिंह, नाजिम, तौफीक, शाहरुख, नईमुद्दीन, बाबू और नसीबुद्दीन सहित कई लोग मौजूद रहे।

### जबरन शादी के लिए युवती को बनाया बंधक, पुलिस ने कराया मुक्त

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को जबरन विवाह के लिए बंधक बनाकर रखने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार दोपहर कार्रवाई करते हुए युवती को सुरक्षित मुक्त कराया और मौके से एक दंपती को हिरासत में लिया। जानकारी के अनुसार, गोरखपुर निवासी 21 वर्षीय युवती को पिछले तीन दिनों से एक मकान में बंद रखा गया था। मौका मिलते ही युवती ने किसी तरह फोन कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उसे छुड़ाया। युवती का आरोप है कि उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शादी कराई जा रही थी। वहीं, हिरासत में लिए गए दंपती का कहना है कि युवती का विवाह पहले से तय है और इसके लिए कुछ धनराशि भी ली गई है। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर बिलारी सीएचसी में विशेष कैंप, 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा व्यापक जांच और परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। कैंप का संचालन डॉक्टर रेशमा बजाहत के निर्देशन में किया गया, जहां 100 से अधिक गर्भवती महिलाओं की खून, पेशाब, लंबाई, वजन, शुगर सहित अन्य आवश्यक जांचें की गईं। इसके साथ ही महिलाओं को सुरक्षित प्रसव के प्रति जागरूक करते हुए विस्तृत काउंस. लिंग भी की गई। डॉक्टरों ने महिलाओं को बताया कि समय पर जांच और सही देखभाल से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। साथ ही यह भी समझाया गया कि अनावश्यक रूप से निजी अस्पतालों में कराए जाने वाले प्रसव से बचना चाहिए और सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए।इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने कैंप का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कैंप के सफल संचालन में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह, आजाद, अमित कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।



# टीएमयू में 14 अप्रैल से सजेगा फिजियोविजन का अंतर्राष्ट्रीय मंच, शिरकत करेंगे एक्सपर्ट्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का फिजियोथेरेपी विभाग 14 अप्रैल से पहली दो दिनी अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शफिजियोविजन 1.0 की मेजबानी करने जा रहा है।नवाचार और पुनर्वास उत्कृष्टता का संगम के मूल मंत्र के संग आयोजित होने वाली यह कॉन्फ्रेंस फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में नवाचार, अत्याधुनिक तकनीक और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों के एकीकरण को एक नई दिशा देने का प्रयास है। आधुनिक विज्ञान और परंपरागत देखभाल के इस अनूठे संगम से रोगी के उपचार को और अधिक प्रभावी एवम् परिणामदायी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में वैश्विक दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड से एड्रॉइट फिजियो के संस्थापक डॉ. सोहराब शर्मा,मालदीव से मालद. ीव नेशनल यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस से डॉ. उजमा सय्यद और मलेशिया से फैकल्टी ऑफ मेडिसिन एंड हेल्थ साइंसेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी से डॉ. तरुण अमलनेरकर जैसे विशेषज्ञ इस सम्मेलन की शोभा




बढ़ायेंगे। फिजियोथेरेपी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानी एम कौल ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा, इस सम्मेलन में चिकित्सा जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगी। राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट सांस फाउंडेशन, नई दिल्ली से डॉ. पी.पी बोस,प्रिंसिपल इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर, नई दिल्ली से प्रो.डॉ. चित्रा कटारिया , डीन राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान यूनिवर्सिटी एवम् प्रिंसिपल स्वास्थ्य कल्याण, जयपुर से प्रो. डॉ. ध्रुव तनेजा , हाई परफॉर्मेंस एनालिस्ट एवं फिजियोथेरेपिस्ट वन्य भारतीय खेल प्राधिकरण, न्यू दिल्ली से डॉ. प्रहलाद प्रियदर्शी आदि विचार प्रस्तुत करेंगे। अकादमिक सत्रों के साथ-साथ यह कॉन्फ्रेंस शोध एवम् नवाचार का जीवंत केंद्र भी बनेगी। देशभर के विभिन्न राज्यों से आए लगभग 150 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं पोस्टर एवं पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में अपने नवीन शोध कार्यों एवं विचारों को प्रस्तुत करेंगे। प्रो. कौल ने उम्मीद जताई, यह आयोजन युवा पीढ़ी को विशेषज्ञों से सीधे संवाद और मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगा,यह एक सम्मेलन नहीं , बल्कि यह फिजियोथेरेपी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। यह ऐतिहासिक आयोजन नैतिकता, सहयोग और समग्र पुनर्वास की भावना को और अधिक सशक्त करेगा। बकौल प्रो. कौल मुरादाबाद की धरती पर अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का यह महा. समागम न केवल छात्रों के लिए सीखने का एक सुनहरा अवसर है, बल्कि चिकित्सा जगत में शनवीनता और उत्कृष्टताश के नए आयाम स्थापित करेगा।

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि शकील अहमद पुत्र रईस अहमद ने अपने मकान स्थित ग्राम महमूदपुर माफी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित प्रथम मूल विक्रय पत्र दिनाक 15.04.2013 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 3480 पेज 127/158 क्रमांक 3417 जो हाशिम अली पुत्र मुस्ताक हुसैन ने शारदा पत्नी अरविंद कुमार के पक्ष में निष्पादित किया था और जिससे संबंधित द्वितीय मूल विक्रय पत्र दिनाक 15.01. 2013 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 3480 पेज 65/100 क्रमांक 3415 जो हाशिम अली पुत्र मुस्ताक हुसैन ने अरविंद कुमार पुत्र बदलू राम के पक्ष में निष्पादित किया था और जो वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति , विक्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे। **राजीव चौधरी एडवोकेट विधिक सलाहकार चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी चैंबर नम्बर 88/सी कचहरी परिसर मुरादाबाद, मो. नंबर 9219538726**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र विशाल व पुत्रवधू श्रीमति हिमांशी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **गुल्लू सैनी पुत्र नन्हे सैनी निवासी प्रकाश नगर गली नं.-1 थाना मझौला लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )

**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुरादाबाद**

**वाद संख्या :**-1450 सन् 2024

**तारीख पेशी:** 29.05. 2026

**धारा: 13 (A) हिन्दू विवाह अधि०**

**अंकित शर्मा बनाम श्रीमती निशा उर्फ वृतान्शु शर्मा**

अंकित शर्मा पुत्र श्री रविन्द्र कुमार शर्मा निवासी मौहल्ला पण्डितान रूस्तमनगर सहसपुर थाना व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

श्रीमती निशा उर्फ वृतान्शु शर्मा पत्नी अंकित शर्मा पुत्री रमेश चन्द्र शर्मा निवासी ग्राम आरीखेड़ा थाना व तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।.....

**.प्रतिवादनी।**

हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा: 13 (A) हिन्दू विवाह अधिनियम** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 29 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 09 के माह 04 सन् 2026 को जारी किया है।

**अहलमद**

**अतिरिक्त परिवार न्यायालय जनपद-मुरादाबाद।**

## नगरपालिका का फॉगिंग व छिड़काव अभियान तेज



**चन्दौसी।** मौसम में हो रहे परिवर्तन के चलते शहर में मच्छरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। इस समस्या को देखते हुए नगरपालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में फॉगिंग और रसायन छिड़काव अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को नगरपालिका कर्मियों ने शहर के प्रमुख बाजारों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष रूप से रसायन का छिड़काव किया। इस दौरान नालियों और सड़कों पर मौजूद मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने का प्रयास किया गया, ताकि लोगों को मच्छरों से राहत मिल सके।

नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि सफाईकर्मियों की टीम बनाकर सभी वार्डों में नियमित रूप से छिड़काव कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य शहर को मच्छरजनित बीमारियों से सुरक्षित रखना है।

## बेमौसम बारिश से किसानों को नुकसान गेहूं की फसल हो रही खराब



**चन्दौसी।** बेमौसम बारिश और तेज आंधी ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। छह महीने की कड़ी मेहनत और भारी लागत से तैयार की गई गेहूं की फसल अब बर्बादी के कगार पर पहुंच गई है। हालात ऐसे हैं कि किसानों को अपनी लागत तक निकालना मुश्किल हो रहा है। सबसे अधिक नुकसान कटी हुई गेहूं की फसल को हुआ है, जो खेतों में ही भीगकर खराब हो गई। कैथल क्षेत्र के किसान उमेश मौर्य ने बताया कि पहले ही आलू की फसल के उचित दाम नहीं मिल सके, जिससे लागत तक नहीं निकल पाई। अब गेहूं की फसल तैयार होने पर बारिश और तेज हवाओं ने उसे गिरा दिया, जिससे उत्पादन पर सीधा असर पड़ा है। पिछले वर्ष जहां प्रति बीघा 4 से 5 कुंतल उपज हुई थी,

इस बार यह लगभग आधी रह गई है। किसान नन्हें ने बताया कि उन्होंने गेहूं की कटाई कर ली थी, लेकिन लगातार आंधी-तूफान और बारिश ने कटी फसल को भी खराब कर दिया। वहीं चंद्रपाल कश्यप का कहना है कि बढ़ती लागत और फसलों के कम दाम के कारण खेती अब घाटे का सौदा बनती जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि यही स्थिति रही, तो खेती करना और मुश्किल हो जाएगा।

## खेत में लगी आग से गेहूं की फसल राख, किसान को भारी नुकसान

**चन्दौसी।** छह महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार हुई गेहूं की फसल गुरुवार को आग की भेंट चढ़ गई। विकासखंड बनियाखेड़ा के असालतपुर जारई गांव में हाईटेंशन लाइन की चिंगारी ने किसान की



उम्मीदों को राख में बदल दिया। जानकारी के अनुसार, किसान तेजेन्द्र सिंह पुत्र विजयपाल निवासी जारई ने लगभग 20 बीघा में गेहूं की फसल उगाई थी, जो पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी। गुरुवार को तेज धूप के बीच अचानक खेत में आग लग गई और देखते ही देखते लपटों ने फसल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी थी। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उसकी महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया।

## जनगणना प्रशिक्षण की व्यवस्था को लेकर तहसीलदार पहुंचे आईटीआई

चन्दौसी। आगामी जनगणना को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए उपयुक्त हाल की तलाश की जा रही है, जहां करीब 250 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसी क्रम में तहसीलदार रवि सोनकर व लेखपाल शिवम शर्मा ने तहसीलकर्मियों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) चन्दौसी पहुंचकर कक्षों का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि जनगणना कार्य के लिए कर्मचारियों को 50-50 के समूह में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके लिए कम से कम पांच बड़े कमरों की आवश्यकता है। निरीक्षण के बाद तैयार रिपोर्ट उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंप दी जाएगी, ताकि आगे की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# स्टेनो क्रांति के जनक राम सिंह गुरुजी का निधन, अंतिम विदाई यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के लिए बुधवार की सुबह एक बेहद दुखद और हृदयविदारक खबर लेकर आई। 'स्टेनो क्रांति' के जनक और हजारों युवाओं के भविष्य निर्माता आदरणीय गुरुजी श्री रामसिंह अब इस दुनिया में नहीं रहे। 8 अप्रैल 2026 की रात उन्होंने अंतिम सांस ली। जैसे ही उनके निधन की सूचना फैली, पूरे ठाकुरद्वारा और आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई।

उनके सम्मान में क्षेत्र के सभी कोचिंग सेंटर और शिक्षण संस्थान बंद रहे। रामसिंह गुरुजी केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणादायक संस्था थे, जिन्होंने छोटे से कस्बे ठाकुरद्वारा को प्रदेशभर में 'स्टेनो हब' के रूप में पहचान दिलाई। उन्होंने शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए हजारों युवाओं के जीवन की दिशा बदल दी। गुरुजी ने ग्रामीण और साधारण परिवारों के युवाओं में आत्मविश्वास जगाकर उन्हें शॉर्टहैंड जैसे महत्वपूर्ण कौशल में दक्ष बनाया। उनका मानना था कि "हुनर ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।" अपनी सरलता और अनोखी शिक्षण शैली के कारण वे छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय रहे। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षित हजारों युवा आज देश के विभिन्न सरकारी विभागों, न्यायालयों और मंत्रालयों में स्टेनोग्राफर व निजी सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। उनके प्रयासों ने न सिर्फ युवाओं को रोजगार दिलाया, बल्कि हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ किया। एक समय था जब ग्रामीण युवाओं के लिए सरकारी नौकरी एक दूर का सपना हुआ करती थी, लेकिन गुरुजी ने इस सोच को बदल दिया। उन्होंने ठाकुरद्वारा में अपने प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना कर युवाओं को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व भी सिखाया। आज भी क्षेत्र के अनेक घरों में सरकारी सेवा में कार्यरत युवाओं की सफलता के पीछे गुरुजी के मार्गदर्शन की अमिट छाप स्पष्ट दिखाई देती है। गुरुजी का अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 11 बजे संपन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर के कोचिंग और स्टेनोग्राफी के क्षेत्र में क्रांति लाने वाले राम सिंह गुरुजी का हमेशा के लिए चले जाना समूचे शिक्षक समाज और हजारों विद्यार्थियों के लिए अपूरणीय क्षति है। शिक्षकों ने उनके निधन को अपने ही परिवार के मुखिया के जाने जैसा बताया है। गुरुजी ठाकुरद्वारा कोचिंग संस्थान के संस्थापक और स्टेनो क्रांति के जनक थे। उन्हीं के द्वारा लगाया गया ज्ञान का वृक्ष आज पूरे क्षेत्र में फैल गया है। एक शिक्षक ने भावुक होते हुए कहा, हम उसी वृक्ष की छांव के नीचे जी रहे हैं।

उनका हमारे बीच से जाना अत्यंत दुखद है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र में आज शिक्षण संस्थानों में सन्नाटा पसरा रहा। छात्रों और सहयोगियों ने गुरुजी को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। ईश्वर से प्रार्थना की जा रही है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति दें। राम सिंह गुरू की मौत पर उनके पुत्र अनिरूद्ध चौहान सहित अन्य परिजनो का रोते विखलते बुराहाल है।

# 11 महीने बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज, मारपीट दुष्कर्म-लूट व आगजनी के गंभीर आरोप

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 11 महीने पहले हुई गंभीर वारदात में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर घर में घुसकर मारपीट, दुष्कर्म, छेड़खानी, लूटपाट और झोपड़ी में आग लगाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी एक युवती ने कोर्ट में याचिका दायर कर बताया कि गांव के जीशान, शमीम तेली उर्फ नईम, रजिया, मोहम्मद नावेद, सोफिया, सानिया, अक्सा समेत अन्य लोग लंबे समय से उसके परिवार को प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके छह पशुओं को जहर देकर मार डाला और परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। याचिका में कहा गया है कि 5 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने उनके खंडहरनुमा घर में घुसकर लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान शिकायतकर्ता और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई, घर में तोड़फोड़ की गई और नगदी भी लूट ली गई। साथ ही शिकायतकर्ता और उसकी बहन के साथ छेड़खानी करने का भी आरोप है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद आरोपियों ने उनकी झोपड़ी में आग लगा दी, जिससे उनका काफी नुकसान हुआ।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों समेत चार अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहनता से जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# चैंबर में घुसकर अधिवक्ता से मारपीट, मुकदमा दर्ज, एक आरोपी पकड़ा, दो फरार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में अधिवक्ता के चौंबर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कलां निवासी सलीम अहमद एडवोकेट बुधवार दोपहर करीब 3.20 बजे अपने चौंबर में बैठे थे।

आरोप है कि तभी गांव का ही सुकेश पुत्र नरेश अपने दो अज्ञात साथियों के साथ जबरन चौंबर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमलावरों ने लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे अधिवक्ता के गर्दन और हाथ में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के अधिवक्ता नवनीत, सादाब, धर्मवीर सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। खुद को घिरता देख हमलावर भागने लगे, लेकिन अधिवक्ताओं ने सुकेश को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## उपनिरीक्षक से निरीक्षक बने संजय कुमार सिंह एसपी सिटी ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के आदेश के अनुपालन में जनपद मुरादाबाद में पदोन्नति प्राप्त अधिकारियों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस से निरीक्षक नागरिक पुलिस पद पर पदोन्नत हुए संजय कुमार सिंह को गुरुवार को औपचारिक रूप से सम्मानित किया गया।पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संजय कुमार सिंह के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा। इस अवसर पर एसपी सिटी ने उन्हें पदोन्नति की बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक जिम्मेदारी व समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों में वृद्धि का प्रतीक भी है। ऐसे में सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ करना चाहिए, ताकि पुलिस विभाग की छवि और मजबूत हो सके।कार्यक्रम के दौरान अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने पदोन्नत अधिकारी को शुभकामनाएं दीं। संजय कुमार सिंह ने इस अवसर पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वह अपने नए पद की जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी लगन और ईमानदारी से करेंगे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## पॉक्सो एक्ट में दोषी को तीन वर्ष की सजा

**चन्दौसी।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संभल, अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने एक अहम मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। मामला थाना रजपुरा क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर जैनी से जुड़ा है, जहां अपराध संख्या 329/2021 के तहत आरोपी विनोद पुत्र रमेश के खिलाफ धारा 354 भादंसं व धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। वादिनी ने तहरीर में बताया था कि 09 सितंबर 2021 की रात करीब 02 बजे वह अपने घर के गेट पर चारपाई पर सो रही थी, जबकि उसकी नाबालिग बेटी पास ही दूसरी चारपाई पर सो रही थी।

इसी दौरान पड़ोसी विनोद वहां पहुंचा और बच्ची का हाथ पकड़कर उसे खींचने लगा। बच्ची के शोर मचाने पर परिजन जाग गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी सिद्ध किया। गुरुवार को सुनाए गए फैसले में न्यायालय ने विनोद को पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास तथा 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## दहेज हत्या में वांछित पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चन्दौसी।** थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव फतेहपुर डाल नि. मुजम्मिल पुत्र शमशाद को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने बुधवार को अपरान्ह 03 बजे चौंचुरी के निकट रोड से गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि मुजम्मिल के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा कुढ़फतेहगढ़ थाने में दर्ज था। 20 मार्च को मुजम्मिल की पत्नी मेहताब जहां की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी जिसमें मेहताब जहां के पिता जफरुद्दीन निवासी मोहम्मदपुर बाबई ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। गुरुवार को पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## बेरनी मोड़ पर बाइक फिसलने से मां-बेटी घायल

**चन्दौसी।** गुरुवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बेरनी मोड़ पर बाइक के ब्रेक लगाने पर बाइक पर बैठी मां बेटी घायल हो गई। अनिल पुत्र मूलचंद निवासी मैंथरा धर्मपुर थाना बहजोई अपने भाई की ससुराल दियौरा खास से अपनी भाभी विनीता पत्नी तिर्मल को व बच्चो को लेकर बाइक से अपने गांव जा रहा था।

जैसे ही बेरनी मोड़ पर पंहुचा तभी बाइक के ब्रेक तेज लग गए और बाइक गिर गयी जिससे विनीता व पुत्री अनन्या के गंभीर चोट लग गई। मौके पर डायल 112 पहुंची और घायलों को सीएचसी चंदौसी पहुंचाया।

## जल संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम, महिलाओं ने दिया संदेश

**चन्दौसी।** गुरुवार को जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति चन्दौसी द्वारा सीतारोड पर जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और जायंट्स प्रार्थना के साथ हुई, जिसके बाद गोष्ठी में सदस्यों ने जल संरक्षण के महत्व पर विचार रखे। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण का मतलब पानी की बर्बादी रोकना, उसका सही उपयोग करना और भविष्य के लिए सुरक्षित रखना है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर सीमित मात्रा में ही स्वच्छ जल उपलब्ध है, जिसे बचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नलों को बंद रखना, टपकते नलों की मरम्मत और पानी के पुनरू उपयोग जैसे उपाय अपनाने की अपील की। साथ ही घरेलू स्तर पर पानी बचाने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर जोर दिया। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, डीओए मीना वार्ष्णेय, डीओएफ रेखा रस्तोगी सहित रानी अग्रवाल, सीमा, नीलम, कविता, मंजू, अलका, अमृता, नेहा, रितु, चंचल, शोभा, कमलेश, आशा, सुनीता, रेनू, मीरा, रीता, ममता, रश्मि, बीना, आशु नगर, प्रतिभा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### एक नजर

## मिशन शक्ति अभियान के तहत बिलारी में महिलाओं को किया गया जागरूक योजनाओं व हेल्पलाइन की दी जानकारी

**बिलारी।** मिशन शक्ति अभियान फेज5.0 के अंतर्गत थाना बिलारी क्षेत्र में महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए विशेष गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रीति (MST-17) द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर महिलाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई गई। महिला सुरक्षा को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें वूमेन पावर लाइन 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला कांस्टेबल प्रीति ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीड़न की स्थिति में वे बिना डर के इन हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करें। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के बीच जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उनके लिए बेहद उपयोगी बताया। यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## व्यापारियों ने किया आईजी वीके सिंह का सम्मान



**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा डॉक्टर भीमराव पुलिस अकैडमी के नव नियुक्त आईजी बीके सिंह के पदभार ग्रहण करने पर प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी और प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा बुके ,पटका,माला पहनाकर और मोमेंटो देकर स्वागत व सम्मान किया गया।इस अवसर पर आईजी वीके सिंह ने कहा की पुलिस प्रशासन और व्यापारियों में आपसी सौहार्द एवं मेल का माहौल बना रहेगा जिससे समाज में शांति और सौहार्द बढ़ेगा और पुलिस हर संभव व्यापारियों की सहायता करेगी।इस अवसर पर मुख्य रूप से संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ,उपाध्यक्ष टोनी सहगल ,राजेंद्र प्रजापति ,सचिव मनीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विलसोनिया डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत वूमेन अवेयरनेस टॉक आयोजित

**मुरादाबाद।** विलसोनिया डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत "वूमेन अवेयरनेस टॉक" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आशियाना कॉलोनी, रामगंगा विहार स्थित कॉलेज परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें छात्राओं और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, शिक्षा के महत्व और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।इस दौरान छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और कानूनी अधिकारों के बारे में भी अवगत कराया गया, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में अपने अधिकारों का सही तरीके से उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि महिलाएं शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं।

कॉलेज प्रशासन ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित और सशक्त बनने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने विचार साझा किए और ऐसे आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता जताई।इस पहल से छात्राओं में नई ऊर्जा और जागरूकता देखने को मिली, जो मिशन शक्ति के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## शहर में बढ़ रही जाम की समस्या, चौराहों पर नहीं दिखती यातायात व्यवस्था

**चन्दौसी।** नगर के प्रमुख चौराहों पर बढ़ता जाम अब आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनता जा रहा है। सुबह के समय और



विशेषकर स्कूलों की छुट्टी के दौरान स्थिति और भी विकट हो जाती है, लेकिन इन स्थानों पर यातायात पुलिस या होमगार्ड की तैनाती न के बराबर दिखाई देती है। कैथल गेट चौराहा सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है, जहां चारों दिशाओं से वाहनों का लगातार आवागमन रहता है। स्कूलों की छुट्टी के समय बसें और टाटा मैक्स जैसे छोटे वाहन बच्चों को लेकर सड़कों पर उतरते हैं, शहर में करीब तीन हजार से अधिक ई-रिक्शा बिना किसी निर्धारित रूट प्लान के संचालित हो रहे हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। फिलहाल चन्दौसी को जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

## ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** एसपी भवन सभागार में बार एसोसिएशन के तत्वावधान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य रूप से जिला जज और परिवार न्यायाधीश मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।इस अवसर पर दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता और महासचिव कपिल कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आदेश श्रीवास्तव एडवोकेट, आशुतोष त्यागी एडवोकेट, रमेश आर्य एडवोकेट, मुकेश वर्मा एडवोकेट, सालिम एडवोकेट, विपिन कुमार प्रजापति एडवोकेट, शमीम सैफी एडवोकेट, अनुज शर्मा एडवोकेट, आफताब पाशा, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल जैन एडवोकेट आदि मौजूद रहे। इस समारोह का उद्देश्य ईद के पावन अवसर पर सभी को एक साथ लाना और समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं और समाज में शांति और सौहार्द के लिए प्रार्थना की।

## कार्यालय नगर पंचायत ढकिया (मुरादाबाद)

**पत्रांक** /12/ न०पं० ढकिया/2026-27 **दिनांक:-** 09.04.2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प० दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अर्न्तगत अनुसचिव, उ० प्र० शासन के पत्र सं0-429/2026/आर० एफ0-521/नौ-9-2026/011-ई-1948524 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 27.03.2026 के अर्न्तगत प्रशासकीय एव वित्तिय स्वीकृति के सापेक्ष स्वीकृत धनराशि से कार्य कराने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in. पर दिनांक 10.04. 2026 की सुबह 10.00 बजे से दिनांक 01.05.2026 को शाम 05.00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक 02.05.2026 को प्रात 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 12.30 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in.पर देखी जा सकती है।

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया ( मुरादाबाद )।**

**( मुजम्मिल हुसैन )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया ( मुरादाबाद )**

pnb punjab national bank

## सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित किया जाता है की श्रीमति रेशमा नाज पत्नी श्री जफर इकबाल निवासी मोहल्ला जाइनुल अबिडीन अफजलगढ़ जिला बिजनोर उत्तर प्रदेश द्वारा बैंक में संपत्ति बंधक करने का प्रकरण सामने आया है।

सम्पति स्वामिनी श्रीमति रेशमा नाज पत्नी श्री जफर इकबाल के संबंध में मूल विक्रय पत्र बही संख्या 1. जिल्द संख्या 9638 पगे नंबर 151/174 दस्तावेज नंबर 20748 जो कि श्रीमति निकहत खानम पत्नी श्री जाहिद अति खान के नाम पर पंजीकृत की गयी है वह गुम हो गयी है जिस कारण बैंक के पास जमा नहीं की जा सकी। जिसकी सूचना कार्यालय थाना अफजलगढ़ जिला बिजनोर को दिनांक 10/03/2026 को ऑनलाइन एफआईआर से करा दी गयी है। जिसका जी डी नंबर 077 है। उक्त सम्पति बंधक के लिए आपत्ति करने वाले या अनुसूचित सम्पत्ति में कोई अधिकार रखने वाले व्यक्ति वित्तीय संस्थान बैंक इस प्रकाशन की तिथि से सात दिन के भीतर साक्षय दस्तावेजो सहित अपनी आपत्तियों या दावे प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके बाद प्राप्त आपत्तियों या दावे विचारनिए नहीं होंगे और बैंक के पक्ष में बताया गया बंधक वैध और कानूनी रूप से लागू माना जाएगा।

**दिनांक:** 09/04/2026

**पंजाब नेशनल बैंक**
**पीएलपी बिजनौर**

# KKR ने LSG को 182 रन का टारगेट दिया

### रघुवंशी ने 45, रहाणे ने 41 रन बनाए, 4 बालर्स को एक-एक विकेट

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के 15वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 182 रन का टारगेट दिया है। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। अंगकृष रघुवंशी ने 45 और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 41 रन बनाए। लखनऊ की ओर से प्रिंस यादव, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश राठी और आवेश खान ने एक-एक विकेट लिया।

पारी के आखिरी ओवर में प्रिंस यादव ने 12 रन दिए। उनके ओवर में ग्रीन और पावेल ने चौके लगाए। इसी के साथ कोलकाता ने लखनऊ को 181 रन का टारेगट दिया। 19वें ओवर में कैमरन ग्रीन और रोवमन पावेल ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की।



शमी की दूसरी बाल पर कैमरन ग्रीन ने छक्का लगाया। इसी छक्के से साझेदारी 50 पार हो गई। 17वें ओवर में प्रिंस यादव 17 रन दिए। रोवमन पावेल ने आखिरी दो बाल पर बैक टु बैक बाउंड्री लगाई। इनमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। 15वें ओवर में दिग्वेश राठी ने महज 3 रन दिए। तीनों रन सिंगल के जरिए आए। उन्होंने कैमरन ग्रीन को 4 बाल डाट कराई। 14वें ओवर में कोलकाता ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की दूसरी बाल आवेश खान ने गुड लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। रिंकू सिंह डिफेंड करने गए, लेकिन बोल्ड हो गए। उन्होंने 4 रन बनाए। 12वें ओवर में कोलकाता ने तीसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल एम सिद्धार्थ ने गुड लेंथ पर फेंकी। अंगकृष रघुवंशी आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग ऑन पर ऐडन मार्करम के हाथों कैच हो गए। रघुवंशी ने 45 रन बनाए। 11वें ओवर में कोलकाता ने दूसरा विकेट गंवा दिया।

ओवर की दूसरी बाल दिग्वेश राठी ने फुलर लेंथ फेंकी। अजिंक्य रहाणे ने फ्लिक किया, लेकिन शार्ट मिड विकेट पोजिशन पर मोहम्मद शमी के हाथों कैच हो गए। रहाणे ने 41 रन बनाए। 7वें ओवर की 5वीं बाल पर अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने दूसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। रहाणे ने एम सिद्धार्थ की बाल पर सिंगल लेकर साझेदारी का 50वां रन बनाया। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया था। टॉस हारकर बैटिंग कर रही कोलकाता ने मिलजुली शुरुआत की है। टीम ने शुरुआती 6 ओवर में एक विकेट पर 56 रन बना डाले हैं। कप्तान रहाणे और रघुवंशी की जोड़ी क्रीज पर हैं। दोनों ने छठे ओवर में आवेश खान की बाल पर 16 रन बनाए। आवेश की आखिरी तीन बाल पर बाउंड्री लगी। इससे पहले फिन एलन 9 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर में अजिंक्य रहाणे ने दिग्वेश राठी की बाल पर लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने चौथी और 5वीं बाल पर बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। राठी के इस ओवर से 10 रन आए। कोलकाता की पारी के तीसरे और मोहम्मद शमी के दूसरे ओवर से 5 रन आए। इसमें एक चौका शामिल रहा। शमी ने अपने पहले ओवर में 6 रन दिए थे।

# भारतीय महिलाएं मेडल चार्ट में टॉप पर, 4 गोल्ड जीते

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय महिला टीम ने एशियन बॉक्सिग चैंपियनशिप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया, चार गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज सहित कुल 10 मेडल जीतकर मेडल चार्ट में टॉप पर रही, जिससे कॉन्टिनेंटल स्टेज पर उनका दबदबा दिखा। हेड कोच सैंटियागो नीवा की देखरेख में, महिला टीम की हर सदस्य मेडल के साथ घर लौटी, जिससे कॉन्टिनेंटल कॉम्पिटिशन पर उनका दबदबा कायम हुआ।

बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अजय सिंह की मौजूदगी में, मीनाक्षी (48किग्रा) ने मंगोलिया की नोमुंदरी एनख-अमगलन पर 5-0 की शानदार जीत के साथ दिन का पहला गोल्ड जीतकर शुरुआत की। प्रीति (54किग्रा) ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए, चीनी ताइपे की हुआंग सियाओ-वेन को, जो तीन बार की



वर्ल्ड चैंपियन और टोक्यो 2020 ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं, 5-0 के एकमत फैसले से हराकर टॉप पोडियम पर जगह बनाई। प्रिया (60किग्रा) ने फाइनल में नॉर्थ कोरिया की वॉन उन-ग्योंग पर 3-0 की शानदार जीत के साथ भारत की गोल्ड मेडल की गिनती में और इजाफा किया। अरुंधति (70किग्रा) ने भी अपनी कैटेगरी में कजाकिस्तान की बाकित सेइदिश के खिलाफ 4:1 से जीत दर्ज करके गोल्ड मेडल जीता। भारत ने अपनी गिनती में दो सिल्वर मेडल जोड़े, जिसमें जैस्मीन (57किग्रा) एक मजबूत कैंपेन के बाद रनर-अप रहीं, जबकि अल्फियान पठान (80 किग्रा) ने भी अपने आखिरी मुकाबले के बाद सिल्वर मेडल जीता। इस एडिशन में शामिल किसी भी देश से सबसे ज्यादा 16 मेडल पक्के करने के बाद, भारत शुक्रवार को टूर्नामेंट को मजबूती से खत्म करना चाहेगा, जिसमें दो पुरुष बॉक्सर फाइनल में होंगे।

**खेल विशेष**

### खालसा, एसआरसीसी व रामजस कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, एसजीबीटी खालसा एलुमनाई और रामजस कॉलेज ने 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के तीसरे दिन लीग मैचों में आसान जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 92-81से हराया। खालसा कॉलेज के अधिराज विक्रम सिंह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 55-31 से हराया। एसआरसीसी के भूमित को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। खालसा एलुमनाई टीम ने हंसराज कॉलेज को 82-58 से हराया। खालसा एलुमनाई के देशमुख माथुर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में रामजस कॉलेज ने इंद्रप्रस्थ कॉलेज फॉर वूमेन को 61-40 से हराया। रामजस कॉलेज की कोमल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिया गया।

### रियो डी जनेरियो 2026 फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल की करेगा मेजबानी

**बीजिंग, वार्ता।** फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर फाइनल का 15वां संस्करण 12 से 13 दिसम्बर तक ब्राजील के रियो डी जनेरियो में आयोजित किया जाएगा। फीबा के अनुसार 25 से 26 अप्रैल तक जापान के उटसुनोमिया में शुरू होने वाला यह वर्ल्ड टूर, रियो में होने वाले फाइनल से पहले चार महाद्वीपों के शहरों का दौरा करेगा। फीबा 3ग3 के प्रबंध निदेशक एलेक्स सांचेज ने बुधवार को कहा कि हम बहुत उत्साहित हैं कि हम रियो डी जनेरियो जैसी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय जगह पर, एक और सफल फीबा 3ग3 वर्ल्ड टूर का शानदार समापन करने की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ब्राजील में 3ग3 बास्केटबॉल के प्रति जुनून जगजाहिर है और यह सबसे जबरदस्त अनुभवों में से एक है।

# पुरुष और महिलाओं के मैच दिन की रोशनी में खेले जाएंगे: बीसीबी

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बिजली बचत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी पुरुष और श्रीलंका के खिलाफ महिला क्रिकेट सीरीज के मैच समय में बदलाव किया है।

इसके अब ए मुकाबले दिन की रोशनी में खेले जाएंगे। बीसीबी ने सरकार की ऊर्जा बचाने की पहल का समर्थन करने के लिए न्यूजीलैंड के साथ होने वाली पुरुषों की सफेद गेंद सीरीज और श्रीलंका के साथ होने वाली महिलाओं की टी-20 सीरीज के मैच के समय में बदलाव किया है। ढाका और चटगांव में होने वाले तीनों एकदिवसीय मैच दिन-रात्रि होने वाले थे, लेकिन अब बोर्ड ने कहा है कि वे मैच शुरू होने का समय तीन घंटे पहले कर देंगे। अब एकदिवसीय मैच स्थानीय समय के अनुसार सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जिसका मकसद मैचों को सूरज डूबने तक खत्म करना है। बीसीबी को उम्मीद है कि इससे बिजली की खपत में कम से कम चार घंटे की बचत होगी। पुरुषों के टी-20 मैच दोपहर दो बजे शुरू होंगे, जिनका मकसद उन्हें शाम 5:10 बजे तक खत्म करना है। तीन मैचों की इस सीरीज के पहले दो टी-20 मैच पहले शाम 6 बजे शुरू होने वाले थे, जबकि तीसरा टी-20 मैच पहले से ही दोपहर 2 बजे शुरू होने वाला था।

# शुभमन गिल पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना



**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पर धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम, दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच नम्बर 14 के दौरान स्लो ओवर-रेट बनाए रखा। यह आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2-22 के तहत उनकी टीम का इस सीजन का पहला उल्लंघन था, जो मिनिमम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

### गिल ने बताया प्रसिद्ध ने आखिरी गेंद स्लोअर क्यों की

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल 2026 का अपना पहला मैच पांच गेंद बाकी रहते गंवा दिया था। दूसरे मैच में वे आखिरी से पहले वाली गेंद तक मुघबले में थे। तीसरे मैच में दो गेंद बाकी रहते वे हार के घ्रीब थे, जब दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) को दो गेंदों में दो रन चाहिए थे, लेकिन डेविड मिलर ने पांचवीं गेंद पर आसान सिगल लेने से मना कर दिया। उस समय जीटी के कप्तान शुभमन गिल के मन में यही था कि उनके पास जीतने का मौका है। आखिरी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने धीमी बाउंसर डाली, जिस पर मिलर का बल्ला चूक गया और जॉस बटलर के डायरेक्ट थ्रो ने मैच खत्म कर दिया। बाद में गिल ने बताया कि धीमी गेंद डालना एक सोचा-समझा फैसला था। उन्होंने कहा कि हम यह चर्चा कर रहे थे कि यॉर्कर डालें या धीमी गेंद। हमने तय किया कि इस पिच को देखते हुए एक अच्छी स्लोअर गेंद पर बाउंड्री लगाना मुश्किल होगा। इस जीत की नींव जीटी के बल्लेबाजों ने रखी। टॉप चार में से तीन- गिल, बटलर और वॉशिगटन सुंदर ने अर्धशतक बनाए। 16 ओवर में 168/2 के स्कोर पर वे बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन आखिरी चार ओवर में सिर्फ 42 रन ही बना पाए। हालांकि, इससे यह भी संकेत मिला कि डीसी के लिए लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। गिल ने कहा कि मैं टीम की बल्लेबाजी से खुश हूं। हमें हमेशा लगा कि इस पिच पर 210 रन पार स्कोर से 10-15 रन ज्यादा है। डेथ ओवरों में भी बड़े शॉट लगाना आसान नहीं था, क्योंकि पिच धीमी थी।

# दिल्ली कैपिटल्स को कुछ अंकों का नुकसान हुआ: संजय बांगर

**नई दिल्ली, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अपने टाटा आईपीएल 2026 मैच में आखिरी गेंद तक खिचे रोमांचक मैच में दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हरा दिया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट संजय बांगर और पीयूष चावला ने डेविड मिलर, विप्रज निगम और कुलदीप यादव के बीच हुए तनावपूर्ण आखिरी ओवर का एनालिसिस किया, साथ ही राशिद खान के अहम स्पेल, केएल राहुल की पारी और शुभमन गिल की शांत पारी पर भी बात की।

संजय बांगर ने मैच के आखिरी पलों के बारे में बताया कि आप समझ सकते थे कि जब विप्रज निगम आए तो हालात कैसे बदल गए। गेम पूरी तरह से मिलर के बारे में नहीं था, लेकिन विप्रज के आउट होने के बाद, जम्मिेदारी पूरी तरह से मिलर पर आ गई। कुलदीप यादव ने उस खास बॉल को अच्छे से हैंडल किया और पक्का किया कि मिलर स्ट्राइक पर हों। फिर मिलर ने एक शानदार शॉट मारा, लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से 106 मीटर का छक्का। हालांकि, आखिर में थोड़ी कन्फ्यूजन



हुई। शुरू में, ऐसा लगा कि वह सेकंड-लास्ट बॉल पर रन के लिए जाएंगे लेकिन फिर उन्होंने ऐसा न करने का फैसला किया। इस हिचकिचाहट की वजह से दिल्ली कैपिटल्स को मौका गंवाना पघ, क्योंकि आखिरी बॉल पर कैसा खेला जाता, इस पर निर्भर करता था कि गेम सुपर ओवर में जा सकता था। इस कन्फ्यूजन की वजह से आखिरकार दिल्ली कैपिटल्स को कुछ पॉइंट्स का नुकसान हुआ। शुभमन गिल की पारी पर उन्होंने कहा कि शुभमन गिल की पारी को दूसरे छोर से अच्छा सपोर्ट मिला, खासकर जोस बटलर के अग्रेसिव खेलने की वजह से, जिसका मतलब था कि गिल को पावरप्ले की शुरुआत में ज्यादा स्ट्राइक नहीं मिली। वह अपनी पहली आठ गेंदों पर 8 रन बना चुके थे और उनके पास जमने का मौका था। फिर उन्होंने दो इंपॉर्टेंट पार्टनरशिप कीं और जब जरूरत पड़ी तो अहम शॉट खेले, जिसमें कुलदीप यादव को स्वीप करके छक्का लगाना भी शामिल है। वह डीप बैटिंग कर पाए और जरूरत पड़ने पर बड़े शॉट खेल पाए। इस तरह की पारी से बैटर के मन में कोई भी शक दूर हो जाता है, और गिल का टॉप ऑर्डर में पारी को संभालना बहुत बड़ा फर्क डालता है। पीयूष चावला ने राशिद खान के स्पेल के बारे में कहा कि हम सब जानते हैं कि राशिद खान अपने दिन क्या कर सकते हैं, वह किसी भी बैटिंग लाइन-अप को परेशान कर सकते हैं। गुजरात टाइटन्स को उनसे आगे आने की जरूरत थी, खासकर जब एक अच्छी बैटिंग विकेट और छोटे ग्राउंड पर इस टोटल का बचाव कर रहे थे, और उन्होंने किया। वह पहली ही बॉल से सही थे।

# आयुष क्वार्टर फाइनल में, सिंधु बाहर

**निगबो, वार्ता।** यूएस ओपन 2025 के चैंपियन आयुष शेट्टी ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, और बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अकेले भारतीय सिगल्स खिलाड़ी बन गए। उन्होंने चीनी ताइपे के ची यू जेन को सीधे गेम में 21-16, 21-12 से हराया।

पहली बार दुनिया के 20वें नम्बर के खिलाड़ी का सामना करते हुए, शेट्टी ने शुरुआती राउंड से ही अपनी लय बनाए रखी। उन्होंने दोनों गेम में शुरुआती बढ़त बनाई, पहले गेम में थोड़ी देर के लिए एक टीम का सामना किया, फिर जीत हासिल की।

दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ी ने पूरा कंट्रोल दिखाया और 41 मिनट में सीधे गेम में आसान जीत हासिल की। शेट्टी को अब क्वार्टर फाइनल में इंडिया



ओपन 2026 के रनर-अप इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से कड़ी चुनौती मिलेगी, जिन्होंने जापान के युदाई ओकिमोटो को 21-18, 21-13 से हराया। विमेंस सिगल्स में, पीवी सिंधु चीन की वर्ल्ड नम्बर 2 वांग जी ई के खिलाफ कड़े मुकाबले के बाद बाहर हो गईं। मिक्स्ड डबल्स में, ध्रुव कपिला और तनीषा क्रैस्टो मलेशिया के वर्ल्ड नम्बर 4 चेन टैंग जी और टोह ई वेई से हार गईं। उन्नति हुड्डा और एचएस प्रणय भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# जोशी ने तीन शॉट की बढ़त बनाई


**विशाखापत्तनम, वार्ता।** खिलन जोशी ने विशाखापत्तनम के ईस्ट पॉइंट गोल्फ क्लब में 1 करोड़ रुपये के आंध्र ओपन 2026 के तीसरे राउंड में एक-अंडर 70 का कार्ड बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट पहुंचा दिया। उनका तीन राउंड का स्कोर सात-अंडर 206 हो गया है। बेंगलुरु के 33 साल के खिलन (68-68-70), जो छह बार के विजेता हैं, जिन्होंने पीजीटीआई इवेंट में हफ्ते की शुरुआत 68 और 68 के राउंड के साथ की थी,

अब फाइनल राउंड में अच्छी बढ़त बनाए हुए हैं। दुबई के यश मजूमदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार-अंडर 209 के साथ दूसरे नम्बर पर थे। मजूमदार ने 69 का स्कोर किया, जबकि राशिद ने दिन का सबसे अच्छा 67 का राउंड बनाकर मुकाबले में जगह बनाई। जोशी का राउंड एक खराब शुरुआत के बाद एक मजबूत रिकवरी से तय हुआ, जिसमें शुरुआत में तीन थ्री-पट शामिल थे। उन्होंने सातवें होल पर एक टैप-इन बर्डी के साथ वापसी की, जब उनका अप्रोच शॉट होल से कुछ इंच दूर रह गया था, और फिर पार-5 के 12वें होल पर एक जरूरी ईगल दिया, जहां उन्होंने 15-फुटर लगाया। जोशी ने कहा, ष्मेरी शुरुआत अच्छी नहीं रही, लेकिन मैंने सब्र रखा और अपनी बॉल-स्ट्राइकिंग पर भरोसा किया। मैं इसे अच्छी तरह से ड्राइव कर रहा हूं और अपने आयरन को मजबूती से मार रहा हूं, इसलिए मुझे बस पटर को चालू रखना है। मुझे गर्व है कि खराब शुरुआत के बावजूद मैंने कोर्स पर खुद को कैसे संभाला और बैक-नाइन पर वापसी की। आखिरी राउंड में जाते हुए, मैं पहले भी ऐसी स्थितियों में रहा हूं, इसलिए मुझे पता है कि मुझे बस अपने जोन में रहना है और अच्छे गोल्फ शॉट खेलने हैं और इससे बाकी सब कुछ ठीक हो जाएगा। पार-5 सातवें को 477-यार्ड पार-4 में एडजस्ट किया गया है, जिससे कोर्स पार 71 हो गया है। सैन डिएगो यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट मजमुदार ने अपनी अनोखी एक हाथ से चिपिग तकनीक से प्रभावित करना जारी रखा और ऐसा लग रहा था कि वह दो शॉट के अंदर पहुंच जाएंगे, लेकिन आखिरी होल पर एक बोगी ने उन्हें दूसरे स्थान के लिए वापस टाई कर दिया। दो बार के एशियन टूर विनर राशिद ने पेनल्टी राउंड में 67 का मजबूत स्कोर करके मुकाबले में वापसी की, जिसमें एक ईगल, पांच बर्डी और तीन बोगी शामिल थे। कोलकाता के विराज मडप्पा (69-71-71), जो एशियन टूर के सबसे कम उम्र के भारतीय विनर और पिछले सीजन में पीजीटीआई के विनर थे, ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा (71-70-70) के साथ दो-अंडर 211 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर थे। जोशी, जो अभी पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 55वें स्थान पर हैं।

# ज्वेरेव ने 2-5 से वापसी करते हुए गारिन को हराया

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बुधवार को मोंटे-कार्लो मास्टर्स में बने रहने के लिए मुश्किल से वापसी की। इस साल पहली बार क्ले पर मुकाबला करते हुए, ज्वेरेव ने आखिरी सेट में 2-5 से संघर्ष करते हुए चिली के क्वालीफायर क्रिस्टियन गारिन को 4-6, 6-4, 7-5 से हराया। एक बड़े फाइनल गेम में, वर्ल्ड नम्बर 3 ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, इससे पहले कि वह आखिरकार अपने तीसरे मैच पॉइंट पर जीत पक्की कर लेता।

ज्वेरेव ने अप्रैल की धूप में कोर्ट रेनियर प्प् पर दो घंटे और 50 मिनट के बाद आखिरकार जीत हासिल करने के बाद जोरदार आवाज लगाई। ज्वेरेव ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मेरा लेवल बिल्कुल भी नहीं था। लेकिन यह 11 महीनों में मेरा पहला क्ले-कोर्ट मैच था। मेरे पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं था क्योंकि मैंने मियामी में अच्छा



खेला था। मैं जीतकर खुश हूं। यह एक मुश्किल मैच था और वह अच्छा खेल रहा है, खासकर यहां। दिन के आखिर में, कभी-कभी यह सिर्फ जीत हासिल करने के बारे में होता है। दो बार के मोंटे-कार्लो सेमीफाइनलिस्ट ज्वेरेव साल के पहले दो मास्टर्स 1000 इवेंट्स इंडियन वेल्स और मियामी के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में भी आखिरी चार में पहुंचे थे। हालांकि, जर्मन खिलाड़ी गारिन के खिलाफ तीसरे सेट के बीच में सीजन के अपने पहले ओपनिग-राउंड से बाहर होने के लिए तैयार लग रहा था। फिर भी, 47 अनफोर्स्ड गलतियां करने और तीसरे सेट में 0-4 और 2-5 से पीछे होने के बावजूद, 28 साल के खिलाड़ी ने आगे बढ़ने के लिए ठीक समय पर बेसलाइन से लॉक डाउन कर दिया। ज्वेरेव का अगला मुकाबला जजिो बर्ग्स से होगा, जब बेल्जियम के खिलाड़ी ने आंद्रेई रुब्लेव को 6-4, 6-1 से हराया। इस बीच दूसरे मुकाबले में, जोआओ फोंसेका 2005 में राफेल नडाल और रिचर्ड गास्के के बाद मोंटे-कार्लो में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। 19 साल के ब्राजीलियन ने फ्रेंचमैन आर्थर रिडरकनेच को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया।

दुनिया के 40वें नम्बर के खिलाड़ी तीसरे राउंड में मैटियो बेरेटिनी से खेलेंगे। मियामी के फाइनलिस्ट जिरी लेहेका ने एलेजांद्रो टैबिलो के खिलाफ 4-6, 7-6(4), 6-3 से कड़ी टक्कर में जीत हासिल की। लेहेका का तीसरे राउंड में आठवीं सीड वाले अलेक्जेंडर बुब्लिक से मुकाबला होगा। कैस्पर रूड का तीसरे राउंड का मुकाबला फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। नौवीं सीड वाले रूड ने कोरेंटिन मौटेट को 7-5, 6-3 से हराया और छठी सीड वाले ऑगर-अलियासिमे ने मारिन सिलिच को 7-6(4), 6-3 से हराकर पहली बार मोंटे-कार्लो में आखिरी 16 में जगह बनाई। 2024 में मोंटे-कार्लो के फाइनलिस्ट रूड ने क्ले कोर्ट पर 12 टूर-लेवल टाइटल जीते हैं। उधर वैलेंटिन वचेरोट ने चौथी सीड लोरेंजो मुसेट्टी को 7-6(6), 7-5 से हराकर एक और जीत हासिल की - इस बार अपने घरेलू दर्शकों के सामने। इस जीत के साथ, वाचेरोट अपने कोच और सौतेले भाई, बेंजामिन बैलेरेट के बाद द प्रिसिपैलिटी में तीसरे राउंड में पहुंचने वाले पहले मोनेगास्क बन गए।

# पदोन्नत पुलिसकर्मियों को एसपी ग्रामीण ने स्टार लगाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशों के अनुपालन में जनपद मुरादाबाद में पदोन्नत हुए पुलिस अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने उपनिरीक्षक से निरीक्षक तथा मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए अधिकारियों को उनके नए पद के प्रतीक 'स्टार' लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों के चेहरे पर गर्व और उत्साह साफ झलक रहा था।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने सभी पदोन्नत कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी अधिकारी अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।पदोन्नत होने वाले अधिकारियों में उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर संजय कुमार, गंगा शरन और मनोज कुमार शामिल हैं। वहीं मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक पद पर तौसीफ रजा को पदोन्नति दी गई है। समारोह में उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पदोन्नत साथियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी बधाई और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ।



# आवारा कुत्तों का आतंक: मासूम को 300 मीटर तक दौड़ाया, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के बिलारी थाना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले की एक डरावनी घटना सामने आई है, जहां तीन कुत्तों ने एक मासूम बच्ची को करीब 300 मीटर तक दौड़ा लिया। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।बताया जा रहा है कि घटना मोहल्ला नई बस्ती, फुलवार वाली मस्जिद के पास बुधवार की है। बच्ची गली में खेल रही थी, तभी अचानक तीन आवारा कुत्ते उसकी ओर दौड़ पड़े और उस पर हमला करने की को. शिश करने लगे। खुद को बचाने के लिए बच्ची घबराकर दौड़ती रही और मदद के लिए चीखती रही।बच्ची की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और डंडे व ईंट-पत्थर लेकर कुत्तों को भगाया। स्थानीय लोगों की सतर्कता और तत्परता से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि इस घटना ने क्षेत्र में दहशत का माहौल बना दिया है।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।इस घटना के बाद एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर कब तक लोग आवारा कुत्तों के खौफ में जीने को मजबूर रहेंगे।



## बिलारी समाचार

# उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खादर में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण



**कांठ( शाह टाइम्स )**उच्च प्राथमिक विद्यालय राजीपुर खद्दर मैं कक्षा एक सेआठ तक के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया जिसमे पुनीत कुमार ,शिवानी वशिष्ठ,अरुण कुमार, मोहम्मद अरीब, बबीता शिक्षकों द्वारा छात्र-छात्राओं को नई पुस्तकों का वितरण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। पुस्तकों का सही उपयोग स्वच्छता बनाए रखना तथा नियमित अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा की सरकार की इस योजना का उद्देश्य सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ना हैऔर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को सहारा प्रदान करना है उन्होंने अभिभावकों से कहा की वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें ताकि वे शिक्षा का पूरा लाभ उठा सके बच्चों की प्रगति के संबंध में लगातार शिक्षक से संपर्क करते रहे बच्चों को विद्यालय यूनिफॉर्म में भेजें विद्यालय के संचालन में आवश्यकता अनुसार सहयोग करें। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक का सहयोग रहा।

# किसानों को गन्ने के बीज की अब ऑनलाइन मिलेगी जानकारी

**कांठ( शाह टाइम्स )** किसान या चीनी मिल के पास कौन की किस्म का कितना गन्ना बीज है, किस रेट में कब तक मिलेगा, इसके लिए किसानों को अब भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि प्रदेश में पहली बार किसानों को इसकी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होगी।इसके लिए किसान को घर बैठे अपने मोबाइल फोन या लैपटॉप पर गन्ना विभाग की वेबसाइट के बीज टैब पर क्लिक करना होगा, पूरे प्रदेश की स्थिति पता लग जाएगी। खास बात यह है कि यहां किसानों को विभागीय संस्तुति वाली किस्मों का ही बीज मिलेगा, जिससे धोखाधड़ी की संभावना नहीं रहेगी। इस समयवसंतकालीन गन्ना बोआई चल रही है, हालांकि आधी से ज्यादा गन्ना बोआई लगभग पूरी हो चुकी है। शुरुआत में तो बीज की उपलब्धता अधिक रहती है, किसानों को अपने आसपास ही आसानी से बीज मिल जाता है लेकिन आधी बोआई के बाद बीज की तलाश करनी पड़ती है। उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह के मुताबिक किसान को नजदीकी बीज उपलब्धता व बीज वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाते हुए बिचौलियों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश में पहली बार बीज की उपलब्धता को ऑनलाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की अपर मुख्य सचिव ( चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास) वीना कुमारी के प्रयासों से गन्ना बोआई के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किसानों को स्वस्थ व रोगरोधी उन्नत प्रजाति के प्रमाणित गन्ना बीज उपलब्ध कराना विभाग की पहली प्राथमिकता है।इसी क्रम में गन्ना बीज उपलब्धता की चीनी मिलवार, समिति वार व किसान वार सूचनाओं को सुगम जानकारी के उद्देश्य से विभाग ने डिजिटल प्रणाली को विकसित किया है। जिससे गन्ना किसानों को आनलाइन अपने निकटतम गन्ना बीज धारक किसानों, गन्ना किस्मों व मात्रा का विवरण तथा गन्ना बीज की उपलब्धता से जुड़ी सभी तरह की जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

# करीब डेढ़ लाख बढ़ गए इस बार नए मतदाता सूची का प्रकाशन होगा आज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** एसआईआर की प्रक्रिया में जिले में करीब डेढ़ लाख नए मतदाता बनाए गए हैं। जबकि 23 हजार वोटरों के नाम सूची से हटाए गए हैं। शुक्रवार को फाइनल सूची जारी की जाएगी। एसआईआर अभियान शुरू होने से पहले जिले में मतदाताओं की संख्या करीब 24.59 लाख थी। अभियान के दौरान कराए गए सत्यापन में 54 हजार वोटर मृत, एक लाख वोटर गैरहाजिर, 1.69 लाख मतदाताओं के नाम दो जगह पाए गए। जबकि सात हजार वोटरों के गणनापत्र जमा नहीं मिले। इसके बाद करीब 3.87 वोटरों के नाम सूची से हटा दिए गए। छह जनवरी को जारी अनंतिम सूची में 20,71,844 मतदाताओं के नाम शामिल किए गए। वहीं मैपिंग नहीं कराने और तार्किक विसंगतियों के आधार पर 5.67 लाख वोटरों को नोटिस जारी किया गया।नोटिस के बाद साक्ष्य नहीं देने वाले और अन्य कारणों से करीब 23 हजार वोटरों के नाम सूची से हटा दिए गए। जबकि करीब डेढ़ लाख नए वोटर बनाए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम के मुताबिक शुक्रवार को मतदाताओं की फाइनल सूची प्रकाशित की जाएगी।

## घर के पास खड़ी बाइक चोरी अज्ञात पर मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** घर के पास खड़ी बाइक को चोर उठा कर ले गए पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलेट के गांव लदावली निवासी राजकुमार का कहना था कि 3 अप्रैल की रात को उसकी बाइक रोजाना की तरह घर के बराबर में भाई के घर के सामने खड़ी थी। रात को करीब 1:00 बजे उसने बाइक को देखा तो वहां नहीं थी पीड़ित ने उसी दिन से बाइक की तलाश शुरू कर दी अब निराश होकर वह थाने पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**चन्दौसी।** नरौली क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की जान चली गई। हादसा देहात पुलिस चौकी के पास बेरिया वाली जारत के निकट हुआ, जहां पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत नरौली के मोहल्ला तेलीवाला कुआं निवासी सुलेमान पुत्र नबीजान पशुपालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। बुधवार सुबह करीब 10 बजे वह किसी कार्य से स्कूटी द्वारा चन्दौसी जा रहे थे। जैसे ही वह देहात पुलिस चौकी से आगे पहुंचे, तभी तेज गति से आ रही कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी।परिजन उन्हें चन्दौसी के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी खुर्शीद, तीन बेटे और पांच बेटियां यानि 08 बच्चे छोड़ गया है।

# ईदगाह मैदान में स्कूल चलो अभियान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एहसास सेवा संस्थान ने ईदगाह मैदान में स्कूल चलो अभियान का आयोजन किया, जिसमें बच्चों को स्कूल जाने के फायदों के बारे में बताया गया। इस अभियान में 46 बच्चों के नाम लिखे गए जो स्कूल जाने लायक हैं और उन्हें जल्द ही स्कूल भेजा जाएगा।इस अभियान में एहसास सेवा संस्थान के संस्थापक हबीब फुरकान अहमद और राशिद अली मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को स्कूल जाने के फायदों के बारे में बताया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें स्कूल में दाखिला दिलाना है। एहसास सेवा संस्थान आगे भी इस तरह के अभियान चलाता रहेगा और समाज के हर वर्ग को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।अगला कैंप तारीख नगर में और जमा मस्जिद में लगाया जाएगा।



# 140 लाभार्थियों को मिली आवास की चाबी, गृह प्रवेश पर दिखी खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा सभागार में पात्र व्यक्तियों को हाउसिंग फॉर ऑल के लक्ष्य की ओर एक और मजबूत कदम के तहत मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत विकासखण्ड बनियाखेड़ा के माध्यम से ग्रामीण आंचल के आवास विहीन एवं आर्थिक रूप से कमजोर लाभार्थी को आवास योजना से निर्मित 140 लाभार्थीओं को उनके आवास में ग्रह प्रवेश-चाबी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आवास विहीन गरीब तबके के प्रत्येक परिवारों को आवास देने के लक्ष्य रखा है। उसी के क्रम में गुरुवार को विकासखण्ड के 140 परिवारों को आज उनके आवास की चाबी सौंपी जा रही है। लाभार्थी अपनी ग्रह प्रवेश के मौके पर अत्यंत प्रसन्न हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड के प्रत्येक जरुरतमंद परिवार को छत दिलवाने के कार्य में हम हर संभव कोशिश करेंगे। कार्यक्रम में सुधीर मल्होत्रा, शरद शर्मा, विनोद कुमार बिन्नी, अंकुर अग्रवाल, अश्वनी सक्सेना, हरवेश राघव, विनीत शर्मा, गुडिघ्या सैनी, सुशील पाल, पूजा राणा आदि उपस्थित रहे।



# स्कूलों में निजी किताबों का खेल जारी, प्रशासन के निर्देश बेअसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत और परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही शहर में किताबों की खरीद को लेकर हलचल तेज हो गई है। अधिकांश विद्यालयों द्वारा पहले से ही दो-तीन बुक डिपो तय कर दिए गए हैं, जहां से अभिभावकों को कोर्स खरीदने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नतीजतन, इन दुकानों पर मेले जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। हालांकि प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की किताबें ही लागू की जाएं और निजी प्रकाशकों की किताबें न लगाई जाएं, लेकिन हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। करीब 20 प्रतिशत विद्यालय ही इन निर्देशों का पालन कर रहे हैं, जबकि अधिकांश स्कूल अब भी निजी किताबों को ही अनिवार्य बनाए हुए हैं। अभिभावक भी इस व्यवस्था के खिलाफ खुलकर विरोध नहीं कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रह जाती है और तब होती है, जब अधिकांश खरीदारी पूरी हो चुकी होती है। वहीं, किताबों की दुकानों के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण यातायात भी बाधित हो रहा है। इस मार्ग से रोजाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं, और प्रशासनिक सख्ती फिलहाल नदारद दिख रही है।

## छात्राओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बिचौटा काजी स्थित मायदेवी सीताराम डिग्री कालेज में गुरुवार को अध्ययनरत छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति के बारे में अवगत कराया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम मिशन शक्ति-5.0 के अन्तर्गत रविवार को कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के गांव कोकावास व बिचौटा काजी स्थित मायादेवी सीताराम डिग्री कालेज में बालिकाओं को प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना से अवगत कराया।

उपनिरीक्षक आकाश यादव, एलएचसी प्रीति ने महिलाओं को सरकारी सीयूजी नंबरों के बारे में जानकारी दी और किसी भी आपात स्थिति में नम्बर यूज कर मदद ले सकतीं हैं।

# युवा अधिवक्ताओ ने मासिक स्टाइपेंड की मांग लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अध्यक्ष बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय परिसर प्रयागराज उत्तर प्रदेश को सम्बोधित द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा।युवा अधिवक्ताओ का कहना है कि हम सभी अधिवक्ता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में नामांकित अधिवक्ता हैं और हम बार एसोसिएशन के सदस्य हैंद्य हम वकालत के पेशे के शुरूआती चरण में हैं और वर्तमान में आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। युवा अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन में काम सिखने और प्रैक्टिस स्थापित करने में समय लगता है इस दौरान नए अधिवक्ताओं को (मासिक खर्च)की आवश्यकता होती है, जिसकी बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सभी राज्यों के जूनियर वकीलों के लिए शहरी क्षेत्र में 20000 एव ग्रामीण क्षेत्र में 15000 प्रति माह की न्यूनतम स्टाइपेंड (खर्चा) देने की सिफारिश की है।युवा अधिवक्ताओ ने उत्तर प्रदेश के युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रतिमाह स्टाइपेंड (खर्च) की व्यवस्था लागू करने की अपेक्षा की है, ताकि अधिवक्ता बिना किसी आर्थिक संकट के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें,और न्याय प्रणाली में अपना योगदान दे सकें। ज्ञापन मे -कुशल शर्मा एडवोकेट, संदीप कुमार एडवोकेट, रणजीत सिंह एडवोकेट, सलमा एडवोकेट, सिमरन चौधरी एडवोकेट, विवेक कुमार एडवोकेट,प्रदीप कुमार एडवोकेट, सोनू एडवोकेट, मोनू एडवोकेट, सुनील एडवोकेट, जित. ेंद्र सिंह एडवोकेट, सौरभ एडवोकेट आदि रहे।



# रेलवे स्टेडियम में इंटर डिविजन क्रिकेट का रोमांच, 11 अप्रैल को होगा नाइट फाइनल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेडियम मुरादाबाद में 7 से 11 अप्रैल तक आयोजित इंटर डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट में आरपीएफ जवानों का उत्साह चरम पर है। प्रतियोगिता में विभिन्न डिविजनों की टीमें भाग ले रही हैं और 20-20 ओवर के मुकाबलों में खिलाड़ी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य जवानों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनके शारीरिक व मान. सिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना और आपसी समन्वय व टीम भावना को मजबूत करना है। मैदान पर खिलाड़ियों का जोश और जुझारूपन दर्शकों को भी रोमांचित कर रहा है।9 अप्रैल को जम्मू और मुरादाबाद के बीच खेला गया मुकाबला खासा रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया, जिससे मैच आखिरी ओवर तक दिलचस्प बना रहा। दर्शकों ने भी तालियों और उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।आयोजकों में शामिल मानवेंद्र सहाय ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 11 अप्रैल को नाइट मैच के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। फाइनल को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।इस प्रकार के खेल आयोजन जवानों के जीवन में ऊर्जा और सकारात्मकता लाते हैं तथा उन्हें अपने कर्तव्यों के साथ-साथ फिट और सक्रिय रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

# स्कूलों में मनमानी फीस के खिलाफ शिवसेना का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** निजी स्कूलों में बढ़ती फीस और कथित अनियमितताओं के विरोध में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला प्रशासन के माध्यम से उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। यह कार्यक्रम पश्चिमी उत्तर प्रदेश स्तर पर एक साथ आयोजित किया गया, जिसके तहत मुरादाबाद में भी शिवसैनिकों ने विरोध दर्ज कराया।ज्ञापन अभियान का नेतृत्व जिला प्रमुख नन्हे चौधरी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई निजी शिक्षण संस्थानों में अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली जा रही है। महंगी ड्रेस, किताबें और अन्य शुल्कों के नाम पर स्कूल संचालक अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं।मंडल प्रमुख गुड्डू सैनी ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पर्याप्त सुविधाओं की कमी के कारण अभिभावक मजबूरी में निजी स्कूलों का रुख कर रहे हैं। इसी का फायदा उठाकर कुछ स्कूल प्रबंधन शिक्षा को व्यवसाय बनाकर अनुचित तरीके से धन वसूली कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि छात्रों के नवीनीकरण के नाम पर हर साल अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।शिवसेना पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि निजी स्कूलों की फीस संरचना की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए और अभिभावकों को राहत दी जाए।

इस दौरान राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, राज्य प्रचारक बाबा कुशाल सिंह, मंडल प्रभारी नितिन वर्मा, महानगर प्रमुख रजत सोत्रिये, युवा जिला प्रमुख राकेश प्रजापति सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



हर्बल इम्युनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## टीएमसी बनाम चुनाव आयोग

यूं तो एक केंद्रशासित प्रदेश सहित पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, लेकिन इनमें सबसे अधिक चर्चा पश्चिम बंगाल में एसआईआर में हुई धांधली को लेकर हो रही है, बल्कि अगर हम यह कहें कि वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी और चुनाव आयोग सीधे आमने-सामने आ गए हैं, तो गलत नहीं होगा। टीएमसी के सांसद डेरेक ऑ ब्रायन ने तो बेहद तीखे शब्दों में यहां तक कह डाला कि चुनाव आयोग अपनी मनमानी पर उतारू है। उनका कहना है कि जब उनके नेतृत्व में एक टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला, तो उन्होंने केवल पांच मिनट में ही हमें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अगर वास्तव में ऐसा है, तो यह बेहद खतरनाक स्थिति है। हालांकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपनी सफाई में कहा है कि उन्होंने ब्रायन से केवल इतना कहा था कि आप अपनी बात को शांति के साथ रखें और दुर्व्यवहार न करें। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब चुनाव आयोग को लेकर विपक्षी खेमे से आवाज बुलंद होती दिखाई दे रही है, क्योंकि टीएमसी ही नहीं लगभग तमाम विपक्षी दल एक स्वर में यह आरोप लगाते रहे हैं कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। अब यह कितना सच है इसकी जांच कौन करे पर हां इतनी बात तो कहनी ही पड़ेगी कि चुनाव आयोग विशेषकर ज्ञानेश कुमार का जिस तरह का रवैया सार्वजनिक रूप से सामने आया है, उसको देखकर नहीं लगता कि वह सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। हम सभी को समझना होगा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव बेहद आवश्यक होते हैं। किसी भी काम का सही होना ही काफी नहीं होता, बल्कि वह सही होता भी दिखाई देना चाहिए। यह बात इस आधार पर कही जा रही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त बार-बार यह आश्वासन देते दिखाई देते हैं कि चुनाव में पूरी पारदर्शिता व ईमानदारी बरती जाएगी और किसी को भी उसके पात्र वोट से वंचित नहीं किया जाएगा, लेकिन उनका यह दावा वास्तविकता के धरातल पर दिखाई नहीं देता। जो लोकतंत्र को जानते हैं वह अच्छी तरह समझते हैं कि जिस तरह लोगों द्वारा सत्ता में आई सरकार की बेहद जरूरत होती है, ठीक उसी तरह विपक्ष की भी अपनी एक अहमियत होती है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विपक्ष की अहमियत को नकारा नहीं जा सकता, क्योंकि विपक्ष के लोग भी आखिर जनता द्वारा चुने हुए ही प्रतिनिधि होते हैं और विपक्ष का काम यही होता है कि वह सरकार के कामकाज पर नजर रखे और जहां गलत हो उसके विरुद्ध आवाज उठाए, तो ऐसे में विपक्ष की आवाज को भी सुनना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता, तो चुनाव आयोग को समझना होगा कि उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे ही, जैसेकि पश्चिमी बंगाल में उठ भी रहे हैं। जाहिर है सभी को साथ लेकर नहीं चला जाएगा, तो चुनाव आयोग की साख पर सवाल उठेंगे।

## पटरी से उतर सकते हैं शांति के प्रयास



युद्धविराम की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका को इजरायल पर लगाम कसनी चाहिए, निरंतर होते हमले पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों को पटरी से उतार सकते हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बयानों में असंगति तथा अनुचित भाषा उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है, ईरान ने संघर्ष की शुरुआत नहीं की थी और युद्ध उस पर थोपा गया था , यदि युद्धविराम विफल होता है, तो इसकी जिम्मेदारी ईरान पर नहीं, बल्कि इजरायल पर डाली जानी चाहिए , पाकिस्तान वह करने में सफल रहा, जो दूसरे नहीं कर सके, इजरायल के साथ भारत के घनिष्ठ संबंधों ने शायद उसके राजनयिक दायरे को सीमित कर दिया है।

**-उमर अब्दुल्ला, मुख्यमंत्री,जम्मू-कश्मीर**

# क्या भारतीय राजनीति में अब उम्र की सीमा तय होनी चाहिए

**आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती।**





प्रो. आर.के. जैन

6 अप्रैल को राज्यसभा के शपथ ग्रहण कक्ष में जो दृश्य दिखाई दिया, उसने पूरे देश को भीतर तक झकझोर दिया। 85 वर्षीय शरद पवार व्हीलचेयर पर बैठकर सदन में पहुंचे। सदन में अचानक सन्नाटा छा गया। दशकों तक महाराष्ट्र की राजनीति को अपनी रणनीति, दूरदर्शिता और प्रभाव से दिशा देने वाला यह बड़ा नेता उस दिन बेहद कमजोर और थका हुआ दिखाई दे रहा था। शपथ के शब्द बोलते समय उनकी आवाज कांप रही थी, शब्द लड़खड़ा रहे थे और चेहरा थकान से भरा हुआ था। वह केवल एक शपथ ग्रहण समारोह नहीं था वह भारतीय राजनीति के सामने खड़ा एक कठोर और असहज प्रश्न था क्या सत्ता का मोह इतना बड़ा हो सकता है कि शरीर जवाब दे देने के बाद भी नेता कुर्सी छोड़ने को तैयार न हों?

यही वह क्षण था, जिसने राजनीति में सेवानिवृत्ति की आवश्यकता पर नई बहस खड़ी कर दी। जिस प्रकार सेना, न्यायपालिका, प्रशासन और अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं में एक निश्चित आयु के बाद व्यक्ति को जिम्मेदारी छोड़नी पड़ती है, उसी प्रकार राजनीति में भी कोई स्पष्ट सीमा क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या देश और राज्यों का भविष्य अनिश्चितकाल तक कुछ ही लोगों के हाथों में रहना चाहिए? क्या लोकतंत्र का अर्थ केवल यही है कि एक ही पीढ़ी लगातार सत्ता में बनी रहे? राजनीति केवल अनुभव का क्षेत्र नहीं है। यह ऊर्जा, सक्रियता, त्वरित निर्णय और बदलते समय को समझने की क्षमता का भी क्षेत्र है। यदि व्यवस्था में समय पर परिवर्तन नहीं होगा, तो राजनीति धीरे-धीरे ठहराव का शिकार हो जाएगी।

सबसे बड़ा सच यह है कि उम्र के साथ अनुभव बढ़ता है, लेकिन शरीर और मन की सीमाएं भी सामने आने लगती हैं। आज की राजनीति पहले जैसी नहीं रही। अब केवल भाषण देना या चुनाव जीतना काफी नहीं। नेता को तकनीक समझनी होती है, युवाओं की आकांक्षाएं सुननी होती हैं, बदलती अर्थव्यवस्था पर नजर रखनी होती है और तेज फैसले लेने होते हैं। ऐसे समय में यदि कोई नेता शारीरिक रूप से कमजोर हो, चलने-फिरने में कठिनाई हो या लंबे समय तक बोल न पाता हो, तो वह कितनी प्रभावी भूमिका निभा पाएगा? केवल पद पर बने रहना और सक्रिय नेतृत्व करना, दोनों अलग बातें हैं।

शरद पवार के मामले में यह सवाल इसलिए गंभीर हो जाता है, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और देश की राजनीति में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाई है। उनके अनुभव और राजनीतिक कौशल पर कभी संदेह नहीं रहा। लेकिन राज्यसभा में शपथ के दौरान उनकी हालत ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कांपती आवाज और थकी हुई देह देखकर हर किसी के मन में एक ही सवाल उठाकृक्या इस अवस्था में वे राज्यसभा में प्रभावी भूमिका निभा पाएंगे? क्या वे किसानों, युवाओं, उद्योगों और विकास के मुद्दों पर पहले जैसी सक्रियता दिखा पाएंगे? जब शरीर जवाब देने लगे, तब कुर्सी पर बने रहना ताकत नहीं, विवशता लगने लगता है।

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी सेवानिवृत्ति की एक स्पष्ट सीमा तय हो। यदि 75 या 80 वर्ष के बाद नेता सक्रिय पद छोड़कर मार्गदर्शक बनें, तो इससे राजनीति कमजोर नहीं, बल्कि अधिक मजबूत होगी। उनका अनुभव और प्रभाव खत्म नहीं होगा वे सलाहकार, संरक्षक और प्रेरणा-स्रोत बने रहेंगे, लेकिन नेतृत्व उन लोगों के हाथों में जाएगा, जिनके पास ऊर्जा, नई सोच और बदलते समय के साथ चलने की क्षमता है। लोकतंत्र की असली ताकत इसी संतुलन में है। जहां अनुभव रास्ता दिखाए और नई पीढ़ी आगे बढ़कर जिम्मेदारी संभाले।

आज देश की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई दल कुछ पुराने चेहरों तक सिमट गए हैं। नई सोच, नए विचार और नए नेतृत्व के लिए जगह ही नहीं बची। हजारों युवा कार्यकर्ता वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन आगे बढ़ नहीं पाते, क्योंकि ऊपर की जगह खाली नहीं होती। नतीजा यह होता है कि निराशा बढ़ती है, संगठन जड़ हो जाता है और जनता का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। जब नई पीढ़ी को मौका नहीं मिलेगा, तो युवाओं की समस्याएं कौन समझेगा? बेरोजगारी, शिक्षा, तकनीक, कृषि, स्टार्टअप और बदलती अर्थव्यवस्था को वही पीढ़ी बेहतर समझ सकती है, जो इन्हें खुद जी रही है। इसलिए अब समय है कि नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोला जाए।

कुछ लोग यह तर्क देते हैं कि यदि कोई नेता स्वस्थ है, तो उसे राजनीति में बने रहने का अधिकार है। यह बात कुछ हद तक सही है, लेकिन केवल स्वस्थ होना काफी नहीं। राजनीति में बने रहने का फैसला केवल व्यक्ति की इच्छा नहीं, लोकतंत्र की जरूरत से तय होना चाहिए। यदि हर वरिष्ठ नेता खुद को सक्षम बताकर पद छोड़ने से इंकार करे, तो नई पीढ़ी को अवसर कब मिलेगा?

लोकतंत्र का मूल सिद्धांत है कि कोई भी पद स्थाई नहीं होता। व्यक्ति पद से बड़ा नहीं होता। उसका सम्मान तब और बढ़ता है, जब वह सही समय पर पीछे हटने का साहस दिखाए। कुर्सी छोड़ना हार नहीं, कई बार सबसे बड़ी जीत होती है। राज्यसभा में 6 अप्रैल 2026 को सामने आया वह क्षण केवल शरद पवार की निजी अवस्था का दृश्य नहीं था वह भारतीय राजनीति के लिए एक गहरी चेतावनी बनकर उभरा। उसने साफ संकेत दिया कि जब शरीर जवाब देने लगे, तब अंततः कुर्सी भी किसी नेता को सहारा नहीं दे सकती। सच्चा और महान नेता वही होता है, जो केवल सत्ता पर बने रहना नहीं जानता, बल्कि सही समय पर सम्मान के साथ उसे छोड़ने का साहस भी रखता है। आज शरद पवार जैसे वरिष्ठ नेताओं के सामने यह अवसर है कि वे स्वयं आगे बढ़कर राजनीति में सेवानिवृत्ति की नई परंपरा शुरू करें। यदि वे सम्मानपूर्वक पीछे हटकर नई पीढ़ी के लिए रास्ता खोलते हैं, तो वही उनका सबसे बड़ा, सबसे प्रेरक और सबसे ऐतिहासिक योगदान माना जाएगा।

# कैसे सुधरे भारतीय पुलिस स्टेशनों की स्थिति



रजनीश कपूर

अक्सर हम फिल्मों और वेब सीरीज में यह देखते हैं कि किस तरह भारत की पुलिस को बुनियादी सुविधाओं और लाचार पुरानी व्यवस्थाओं के चलते अक्सर कोर्ट और मीडिया का शिकार बनना पड़ता है। जबकि वास्तविक स्थिति सभी को पता है कि पुलिस वाले भी आखिर इंसान ही होते हैं। यदि पुलिस से उम्मीद की जाए कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखे तो क्या पुलिस व पुलिस थानों में बुनियादी जरूरतों का ध्यान रखना सरकार की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए? इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि फिल्में व टीवी शो समाज का आईना होते हैं। इनमें दिखाए जाने वाली पुलिस की लाच. ारी वास्तविकता पर ही आधारित होती है। आज जब सरकार 'डिजिटल इंडिया' और 'मॉडर्न पो. लिसिंग' का नारा लगाती है, तब भी देश के अधिकांश पुलिस स्टेशन उसी औपनिवेशिक युग की इमारतों में कैद हैं। बुनियादी सुविधाओं की कमी, जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर और पुरानी व्यवस्था न केवल पुलिस कर्मियों के काम को बाधित कर रही है, बल्कि आम जनता के लिए भी ए स्टेशन आतंक का प्रतीक बने हुए हैं। 2025 के इंडिया जस्टिस रिपोर्ट के अनुसार, 83 प्रतिशत पुलिस स्टेशनों में कम से कम एक सीसीटीवी कैमरा जरूर लगा है, लेकिन ऐसे कई मामले हैं जिनमें सुप्रीम कोर्ट के मानकों का पालन असंगत है। 78 प्रतिशत स्टेशनों में महिला हेल्पडेस्क बनी हैं, फिर भी महिला पुलिसकर्मियों का राष्ट्रीय औसत मात्र 12 प्रतिशत है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेशनों की संख्या 2017-22 के बीच 7 प्रतिशत घट गई है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 4 प्रतिशत बढ़ी।

जनवरी 2023 के केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश में 17,849 पुलिस स्टेशन हैं, जिनमें से 58 में वाहन नहीं, 680 में लैंडलाइन फोन नहीं और 282 में मोबाइल फोन तक नहीं हैं। कई स्टेशनों में बिजली, इंटरनेट और डिजिटल साक्षरता की भारी कमी है। बीपीआरडी (ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट) ने आधुनिक पुलिस स्टेशन भवनों के लिए मानक तय किए हैं, जिनमें आगंतुकों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, जांच कक्ष और रिकॉर्ड रूम शामिल हैं, लेकिन ज्यादातर राज्यों में इनका पालन नाममात्र का है। असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर मॉडर्नाइजेशन ऑफ पुलिस (एएसयूएमपी) योजना के तहत केंद्र ने 2025-26 में 540 करोड़ रूपए आवंटित किए, लेकिन इसमें भी उपयोगिता कम पाई गई। सवाल उठता है कि यह जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर पुलिस कार्य को किस तरह बाधित कर रहा है? स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को 24 घंटे ड्यूटी पर रहना पड़ता है, लेकिन ज्यादातर थानों में न तो आराम कक्ष ठीक हैं, न बैरक स्वच्छ। मैनुअल पेपरवर्क, पुराने रिकॉर्ड और भीड़भाड़ के कारण जांच में देरी होती है। जनता शिकायत दर्ज कराने आती है तो प्रतीक्षा कक्ष न होने से खुले में खड़ी रहती है। महिला आगंतुकों के लिए अलग शौचालय की कमी आम है। परिणामस्वरूप, पुलिस पर भरोसा घटता है और अपराधी लाभ उठाते हैं। सबसे दर्दनाक स्थिति मालखाने (पुलिस रिकॉर्ड रूम) की है। यहां सबूत, हथियार, नशीले पदार्थ और संपत्ति रखी जाती है, लेकिन ज्यादातर स्टेशनों में यह कमरा गंदा, भीड़भाड़ वाला और असुरक्षित होता है। मैनुअल रजिस्टर, चूहों-कीड़ों का आतंक और अपर्याप्त जगह के कारण सबूत बिगड़ जाते हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2024 में चूहों द्वारा सबूत नष्ट होने पर डीजीपी को आदेश दिया था कि मालखाने की नियमित देखभाल हो। दिल्ली के कई स्टेशनों में एक मालखाना अधिकारी के पास हजारों एग्जिबिट्स होते हैं, लेकिन स्टाफ की कमी से घंटों खोजबीन करनी पड़ती है। इससे सबूतों में छेड़छाड़, गुम होने या अदालत में अस्वीकार होने की घटनाएं आम हैं। कुछ राज्यों में ई-मालखाना शुरू हुआ है, जहां बारकोड और डिजिटल ट्रैकिंग से पारदर्शिता आई, लेकिन यह पूरे देश में लागू नहीं हुआ। इसी तरह, जब्त वाहनों की समस्या पर्यावरणीय आपदा बन चुकी है। देश भर के पुलिस स्टेशनों में हजारों जब्त कारें, बाइकें व अन्य छोटे बड़े वाहन सड़ रहे हैं। जो कि थानों से सटी सड़कों पर खड़े रहते हैं और यातायात बाधित करते हैं। ईंधन रिसाव, जंग, बरसाती पानी से मच्छर पनपते हैं, डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ता है।

आग लगने का जोखिम तो हमेशा बना ही रहता है। पंजाब सरकार ने हाल ही में आदेश दिया कि सभी जब्त वाहन शहर से बाहर स्क्रैप यार्ड में शिफ्ट किए जाएं, लेकिन अन्य राज्यों में ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में सुधार कैसे हो? सबसे पहले, बीपीआरडी के मॉडल पुलिस स्टेशन मानकों को सख्ती से लागू किया जाए। हर स्टेशन में डिजिटल रिकॉर्ड रूम (ई-मालखाना), सीसीटीवी नाइट विजन, पर्याप्त शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष और महिला हेल्पडेस्क अनिवार्य हों। नियम उल्लंघन के बाद जब्त वाहनों के लिए अलग-अलग डिस्पोजल यार्ड और ऑनलाइन नीलामी की व्यवस्था हो।

# होम्योपैथी सौ से अधिक देशों में अपनाई जा रही है



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा। क्रिश्चियन फेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्एक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है।

देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है।

अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्एक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ए दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है।

**अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है।**

देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थाई बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है।

यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।





कोलकाता। बारिश के बीच जेब्रा क्रॉसिंग पार करते लोग।

## अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम समझौते में लेबनान शामिल नहीं: वेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने ईरान के साथ हुए युद्धविराम पर कहा कि उनका मानना है कि ईरान को यह गलतफहमी थी कि लेबनान को भी इसमें शामिल किया गया है। वैंस बुधवार को हंगरी से रवाना होते समय पत्रकारों से बातचीत में ये बातें कही। वैंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं और उन्होंने ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ के इस दावे का जवाब दिया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्धविराम समझौते की तीन धाराओं का उल्लंघन किया है। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने दावा किया था कि अमेरिका युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं का उल्लंघन कर रहा है।

## होर्मुज पर लगे संभावित शुल्क से नाराज तेल कंपनियां: रिपोर्ट्स

**वाशिंगटन।** तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने व्हाइट हाउस से संपर्क कर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए ईरान द्वारा संभावित शुल्क लगाए जाने की चर्चाओं पर चिंता जताई है। यह जानकारी पॉलिटिको अखबार ने मामले से परिचित एक स्रोत के हवाले से दी है। रिपोर्टों के अनुसार, तेल कंपनियों के अधिकारियों ने व्हाइट हाउस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से अपील की है कि वे शांति वार्ता की शर्त के रूप में ईरान को इस रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए शुल्क लेने की अनुमति देने का विरोध करें। स्रोत के मुताबिक, तेल उद्योग के प्रतिनिधियों ने बुधवार सुबह अमेरिकी विदेश विभाग में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

# ईरान के साथ सीजफायर राजनीतिक मजबूरी

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने ट्रम्प सरकार की नीतियों को बताया खतरनाक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जान बोल्टन ने एक बड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हुआ मौजूदा युद्धविराम केवल राजनीतिक दबाव का नतीजा है। अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है।

बोल्टन ने पीटीआई वीडियोज को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्पने यह कदम घरेलू राजनीति की वजह से उठाया है। अमेरिका में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें और ट्रम्प की गिरती लोक. प्रियता इसके पीछे मुख्य कारण हैं। बोल्टन का मानना है कि ट्रम्प को डर था कि ईरान के साथ लंबा युद्ध उनकी छवि को और खराब कर

■ अगर यह समझौता लंबे समय तक नहीं टिका, तो अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष और भी ज्यादा गहरा सकता है



सकता है। उनके अनुसार, ट्रम्प अक्सर देश के हितों से ज्यादा अपने फायदे के बारे में सोचते हैं। अगर उनकी यह सोच जारी रही, तो अमेरिका को भविष्य में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बोल्टन ने रणनीतिक खतरे का जिक्र करते हुए कहा कि ईरान को हार्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा करने देना एक बड़ी गलती होगी। पिछले 50 वर्षों से अमेरिका की यह नीति रही है कि खाड़ी के तेल वाले रास्तों पर किसी एक देश का नियंत्रण न हो। अगर ईरान वहां सबसे ताकतवर खिलाड़ी बनता है, तो यह अमेरिका की बड़ी रणनीतिक हार होगी। इस युद्धविराम को कराने में पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र ने भी पर्दे के पीछे से भूमिका निभाई है। बोल्टन ने कहा कि ट्रम्प और पाकिस्तान के जनरल असीम मुनीर के बीच अच्छे संबंध हैं और ट्रम्प उन्हें खुश करना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ट्रम्पके साथ यही दिक्कत है। उन्हें लगता है कि अगर किसी के साथ उनके अच्छे संबंध हैं, तो वह उस पर भरोसा कर सकते हैं, और वह व्यक्ति सही काम करेगा। बोल्टन ने यह भी कहा हो सकता है चीन ने भी ईरान पर दबाव बनाया होगा ताकि तेल की सप्लाई का रास्ता खुल सके। ईरान की मौजूदा स्थिति पर बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी हमलों ने ईरान की सेना (आईआरजीसी) और वहां के नेतृत्व को काफी चोट पहुंचाई है। लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। ईरान की सरकार अभी भी सत्ता में है। बोल्टन ने चेतावनी दी कि अगर ईरान पर से पाबंदियां हटती हैं, तो वह तेल से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को फिर से खड़ा करने में करेगा।

# युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हुआ

## इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत ने अपने प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान पहुंचने संबंधी पोस्ट को हटाया

**तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता में नया संकट पैदा हो गया है। पाकिस्तान में ईरान के राजदूत रजा अमिरी मोघम ने गुरुवार को इस्लामाबाद में होने वाली शांति वार्ता के संदर्भ में किया गया अपना एक सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिया है। मोघम ने पहले पोस्ट किया था कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार रात (10 अप्रैल) इस्लामाबाद पहुंचेगा। पोस्ट में यह भी कहा गया था कि यह दौरा ईरानी जनता के बीच व्याप्त संदेह के बावजूद हो रहा है, क्योंकि इजरायल द्वारा लगातार युद्धविराम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कूटनीतिक पहल को विफल करना है।

इस पोस्ट के हटाए जाने से युद्धविराम वार्ता की सफलता को लेकर लगाई जा रहीं अटकलें और तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए, जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबाफ ने तेहरान की शांति योजना के उल्लंघन की कड़ी आलोचना की है। गालिबाफ ने कहा कि लेबनान में जारी हमलों, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन की घुसपैठ और ईरान के परमाणु संवर्धन के अधिकार को नकारे जाने के बीच युद्धविराम और बातचीत 'तर्कहीन' है। गौरतलब है कि गालिबाफ को ईरान की ओर से शांति वार्ता का नेतृत्व सौंपा गया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गालिबाफ ने ईरान के '10-सूत्रीय प्रस्ताव' के तीन प्रमुख खंडों के उल्लंघन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के प्रति हमारा गहरा ऐतिहासिक अविश्वास उसकी बार-बार की वादाखिलाफी से उपजा है, जो दुर्भाग्य से एक बार फिर दोहराया गया है। गालिबाफ ने तीन मुख्य उल्लंघनों का उल्लेख किया। पहला, लेबनान में युद्धविराम लागू करने के पहले खंड का पालन नहीं करना। दूसरा, ईरान के फार्स प्रांत के लार शहर में एक घुसपैठिया ड्रोन का प्रवेश, जो हवाई क्षेत्र के उल्लंघन न करने की शर्त का सीधा उल्लंघन है।



■ अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम से शांति की उम्मीदें जगी ही थीं कि इजरायल ने लेबनान में भीषण हमले शुरू कर दिए जिसमें कम से कम 254 लोग मारे गए

## ईरान ने युद्धविराम के लिए रखी लेबनान में इजरायली हमले रोकने की शर्त

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि पश्चिम एशिया में युद्धविराम लागू करने के लिए लेबनान में इजरायली हमलों का तत्काल रुकना एक प्रमुख शर्त है। उन्होंने कहा कि ईरान की 10-सूत्रीय योजना के तहत प्रस्तावित युद्धविराम 'ईरानी नेतृत्व और जनता के बलिदान का परिणाम' है और अब देश कूटनीति, रक्षा तथा जनभागीदारी के स्तर पर एकजुट रहेगा। पेजेश्कियान ने कहा, "ईरान द्वारा अपेक्षित सामान्य सिद्धांतों की स्वीकृति के साथ, यह युद्धविराम हमारे महान शहीद नेता खामेनेई के रक्त का फल था, और यह मैदान में समस्त जनता की उपस्थिति की उपलब्धि थी। आज से हम एकजुट रहेंगे, चाहे वह कूटनीति हो, रक्षा हो, जन-लामबंदी हो, या सेवा-प्रदान हो। दूसरी ओर, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबफ ने वार्ता से पहले ही समझौते के उल्लंघन पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लेबनान में हमले जारी रहने, ईरानी हवाई क्षेत्र में ड्रोन घुसपैठ और परमाणु संवर्धन के अधिकार से इनकार जैसे कदमों के बीच युद्धविराम और बातचीत 'अतार्किक' है। ग़ालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की 10-सूत्री योजना को वार्ता के आधार के रूप में स्वीकार किया है।

## समझौता होने तक ईरान के आसपास तैनात रहेंगे अमेरिकी जहाज, विमान: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ अंतिम समझौते के पूरी तरह लागू होने तक उनके युद्धपोत, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर कहा कि अमेरिका के सभी जहाज, विमान और सैन्य कर्मी, अतिरिक्त गोला-बारूद, हथियार और अन्य सभी चीजें ईरान में और उसके आसपास तब तक तैनात रहेंगे, जब तक कि वास्तविक समझौते का पूरी तरह से पालन नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समझौता लागू नहीं हुआ, तो संघर्ष पहले से कहीं अधिक 'बड़ा, बेहतर और अधिक ताकतवर' रूप ले सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका लंबे समय से इस बात पर कायम है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं करेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य खुला तथा सुरक्षित रहेगा। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिकी सेना हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह से सतर्क है।

## ट्रम्प ने रुट्टे से व्हाइट हाउस में मुलाकात की नाटो की आलोचना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में नाटो महासचिव मार्क रुट्टे के साथ एक निजी बैठक के बाद, ईरान युद्ध में अमेरिका का समर्थन न करने के लिए नाटो की फिर से आलोचना की। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को दी। बैठक के बाद ट्रुथ सोशल पर साझा की गई एक पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जब हमें नाटो की जरूरत थी तब वे मौजूद नहीं थे और अगर हमें उनकी फिर से जरूरत पड़ी तो वे मौजूद नहीं होंगे। इस बीच, स्पष्ट मतभेदों के बावजूद रुट्टे ने सीएनएन को ट्रम्प के साथ अपनी मुलाकात को बहुत स्पष्ट और बहुत खुला करार दिया। बुधवार को होने वाली वार्ता से पहले, ट्रम्प ने नाटो से बाहर निकलने के विचार पर गौर किया था क्योंकि कई नाटो देशों ने वैश्विक तेल की बढ़ती कीमतों को कम करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने में मदद करने के उनके आह्वान का विरोध किया था। हालांकि व्हाइट हाउस ने वार्ता के विवरण का खुला. सा नहीं किया। नाटो महासचिव बुधवार को दो घंटे से अधिक समय तक व्हाइट हाउस में रहे, हालांकि ट्रम्प के साथ उनकी बैठक कितने समय तक चली यह ज्ञात नहीं है। इस बैठक का उद्देश्य ट्रम्प को यह समझाना और राजी करना था कि नाटो गठबंधन में बने रहना उनके और अमेरिका दोनों के हित में है।

# ट्रम्प के टैरिफ से घबरा गया चीन!

**बीजिंग।** अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान के तनाव के बीच चीन ने बड़ा बयान दिया है। चीन ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें कहा जा रहा था कि उसने युद्ध के दौरान ईरान की सैन्य मदद की। इस बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है और चीन की भूमिका पर बहस शुरू हो गई है। दरअसल, चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाआ. ेगांग ने साफ कहा कि चीनी कंपनियों द्वारा ईरान को सैटेलाइट तस्वीरें या चिप बनाने का उपकरण देने की खबरें पूरी तरह गलत हैं।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अफवाह और भ्रामक जानकारी है, जिसका कोई आधार नहीं है। चीन ने अमेरिका के उन आरोपों को भी खारिज किया, जिनमें कहा गया था कि चीन और रूस ईरान की मदद कर रहे हैं। चीन ने साफ शब्दों में कहा कि उसने ईरान को किसी भी तरह की सैन्य सहायता नहीं दी है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि चीनी कंपनी ने अमे. रिकी सैन्य ठिकानों की तस्वीरें जारी की थीं और सेमीकंडक्टर उपकरण उपलब्ध कराए थे, लेकिन चीन ने इन सभी आरोपों को नकार दिया। चीन ने अमेरिका के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि कुछ देश जानबूझकर



■ ईरान से मोड़ा मुंह, सैन्य मदद देने की खबरों से किया इन्कार, चीन की भूमिका पर वैश्विक बहस शुरू

चीन के खिलाफ गलत जानकारी फैला रहे हैं। चीन ने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय समझता है कि कौन युद्ध को बढ़ावा दे रहा है और कौन शांति की बात कर रहा है। चीन ने कहा कि वह हमेशा से ईरान मुद्दे पर निष्पक्ष और संतुलित रुख अपनाता रहा है। उसने दावा किया कि वह लगातार शांति वार्ता को बढ़ावा देता रहा है और कभी भी हालात को भड़काने का काम नहीं किया। चीन ने खुद को शांति समर्थक देश बताया। हालांकि माना जा रहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के सख्त रुख और टैरिफ नीति के चलते चीन पर दबाव बना हुआ है। ऐसे में चीन का यह बयान वैश्विक कूटनीति में संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

## दुनिया होर्मुज पार करने के लिए ईरान को भुगतान स्वीकार नहीं करेगी: मित्सोताकिस

**वाशिंगटन।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने के लिए ईरान को भुगतान करना स्वीकार नहीं करेगा। मित्सोताकिस ने जोर देकर कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के लिए भुगतान संबंधी अमे. रिका-ईरान समझौता नौवहन की स्वतंत्रता के लिए एक खतरनाक मिसाल साबित होगा। उन्होंने कहा कि लेबनान में संघर्ष विराम, ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच शांति समझौते का एक हिस्सा बनना चाहिए। गौरतलब है कि ट्रम्प ने मंगलवार रात को कहा कि वह ईरान के साथ दो सप्ताह के द्विपक्षीय संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं।

## ईरान के तीन-सूत्री उल्लंघन के दावों पर बोले वेंस

**वॉशिंगटन/तेहरान।** अमे. रिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान द्वारा युद्धविराम समझौते के तीन बिंदुओं के उल्लंघन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि युद्धविराम हमेशा पेचीदा होते हैं। वेंस ने हंगरी से प्रस्थान से पहले संवाददाताओं से बातचीत में ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ के उस बयान पर टिप्पणी की, जिसमें उन्होंने वॉशिंगटन पर युद्धविराम के तीन प्रावधानों के जानबूझकर उल्लंघन का आरोप लगाया था। वेंस ने कहा कि यदि ग़ालिबाफ के पास केवल तीन असहमति के बिंदु हैं, तो इसका अर्थ है कि काफी हद तक सहमति भी है। वेंस ने कहा कि युद्धविराम हमेशा थोड़ा अव्यवस्थित होता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा युद्धविराम की घोषणा के एक घंटे के भीतर ही ईरान ने पड़ोसी देशों पर कई मिसाइलें दागीं, जिसके बाद इजरायल और कुछ खाड़ी अरब देशों ने जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि यही युद्धविराम की प्रकृति है। कोई भी युद्धविराम बिना कुछ उतार-चढ़ाव के नहीं होता। हम स्पष्ट रूप से यह चाहते हैं कि बमबारी रुके। हम अपने सहयोगियों से भी बमबारी रोकने को कहते हैं और ईरान से भी यही अपेक्षा रखते हैं। हमें संकेत मिल रहे हैं कि स्थिति सही दिशा में जा रही है, लेकिन इसमें थोड़ा समय लगेगा।

■ हमेशा पेचीदा होते हैं युद्धविराम

## एक्टर मैथ्यू पैरी की मौत के मामले में भारतीय मूल की महिला को 15 साल की सजा

**वाशिंगटन।** हॉलीवुड के मशहूर टीवी शो 'फ्रेंड्स' के अभिनेता मैथ्यू पैरी की मौत से जुड़े ड्रग्स मामले में अदालत ने भारतीय मूल की महिला जसवीन संघा को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। जसवीन को 'केटामाइन क्वीन' के नाम से भी जाना जाता है। जसवीन संघा ने पिछले साल सितम्बर में पांच आरोपों को स्वीकार किया था। इनमें केटामाइन बेचने का आरोप भी शामिल था, जिसे मैथ्यू पैरी की मौत की बड़ी वजह माना गया। केटामाइन एक बेहोश करने वाली दवा है, जिसका इस्तेमाल केवल डाक्टर की निगरानी में ही किया जाता है। मैथ्यू पैरी अक्टूबर 2023 में अपने घर के हाट टब में मृत पाए गए थे।

# सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ी

## सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई

**तेहरान।** पश्चिम एशिया से एक ऐसी खबर आई है, जो पूरी दुनिया को हैरान भी कर रही है और राहत भी दे रही है। ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच पाकिस्तान में होने वाली निर्णायक शांति वार्ता से ठीक पहले सऊदी अरब और तेहरान के बीच नजदीकियां बढ़ती दिख रही हैं।

यह इस बात का संकेत हैं कि खाड़ी में अब बुलेट नहीं, बल्कि बातचीत का दौर शुरू होने वाला है। खबर है कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच टेलीफोन पर एक लंबी बातचीत हुई है। दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया। पश्चिम एशिया में तनाव के बाद यह पहली बार है





■ दोनों नेताओं ने न केवल खाड़ी में तनाव घटाने पर चर्चा की, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने पर भी जोर दिया
■ यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है

जब दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब लेबनान पर इजरायली हमलों ने कोहराम मचा रखा है। वहीं, जवाब में ईरान ने होर्मुज की घेराबंदी कर वैश्विक व्यापार को खतरे में डाल दिया है। इस बातचीत की गहराई को समझने के लिए थोड़ा पीछे मुड़कर देखना होगा। वर्षों से ईरान और सऊदी अरब के बीच तलवारें खिंची हुई हैं। अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान ने सऊदी अरब, कतर और यूएई जैसे देशों को सीधे तौर पर निशाना बनाया है। सऊदी के तेल ठिकानों पर भी ईरान ने हमले किए। लेकिन, इस बीच ईरान को समझ आ गया है कि उसे अपने पड़ोसियों के साथ तालमेल बिठाना ही होगा। कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि ईरान अब शांति वार्ता से पहले इन क्षेत्रीय शक्तियों के साथ मिलकर एक 'सुरक्षा कवच' तैयार कर रहा है, जिससे अमेरिका और इजरायल पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा सके।

# इमरान खान की बहनों पर आतंकवाद का केस

## आदियाला जेल से जुड़े मामले में 1400 अन्य भी नामजद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रावलपिंडी में आदियाला रोड पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों, कई सांसदों और करीब 1400 अज्ञात लोगों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज किया है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, यह एफआईआर बुधवार को आदियाला चेकपोस्ट के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर की शिकायत पर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोप लगाया है कि प्रदर्शनकारियों ने कानून-व्यवस्था को चुनौती दी, पथराव किया और पुलिस पर हमला किया, जिससे कम से कम नौ पुलिसकर्मी घायल हो गए। एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं। दरअसल, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अदियाला जेल में बंद अपने नेता से मुलाकात पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया था। हालांकि, प्रशासन ने पूरे जिले में धारा 144 लागू कर दी थी, जिसके तहत 15 दिनों के लिए किसी भी तरह के सार्वजनिक जमावड़े पर रोक लगा दी गई। कड़े प्रतिबंधों के बीच पुलिस ने जेल के बाहर प्रदर्शन कर रहे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं। पुलिस का दावा है कि मौके पर 41 संदिग्धों को पकड़ा गया था, लेकिन वे बाद में फरार हो गए, जबकि कई अन्य लोग भी घटनास्थल से भाग निकले। एफआईआर में यह भी उल्लेख किया गया है कि पथराव और लाठियों के इस्तेमाल से सरकारी और निजी वाहनों को नुकसान पहुंचा। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने राजनीतिक लाभ के लिए जानबूझकर अशांति फैलाने की कोशिश की, ताकि पंजाब की प्रांतीय सरकार पर दबाव बनाया जा सके। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे अवैध करार देते हुए कहा कि यह पाकिस्तान में शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को दबाने का एक और उदाहरण है।



■ इनमें इमरान खान की बहनें नूरीन नियाजी और उज्मा खानम भी शामिल हैं
■ एफआईआर में हत्या के प्रयास और सरकारी काम में बाधा डालने जैसी गंभीर धाराएं भी शामिल की गई हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुज़फ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104